रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 14 अगस्त 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-352 मूल्य 3.00 ₹

# देशभर के रेजिडेंट डॉक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के एक अस्पताल में एक महिला रेजिडेंट डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में देशभर के सरकारी अस्पतालों के रेजिडेंट डॉक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रही। हड़ताल का आयोजन फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन ने किया है। डॉक्टरों के संगठनों ने केंद्र सरकार के मंत्रालयों को पत्र लिखकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है और अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने को कहा है। डॉक्टरों ने सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की है। रेजिडेंट डॉक्टर दुष्कर्म और हत्या के आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं। महिला डॉक्टर की हत्या के खिलाफ देशभर के डॉक्टर हडताल पर है। हालांकि अस्पतालों में आपात सेवाओं को बहाल रखा गया है। इस बीच कोलकाता उच्च न्यायालय ने पूरे मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से कराने की आदेश दिये हैं। कोलकाता के संबंधित अस्पताल के प्रमुख ने त्यागपत्र दे दिया है। चिकित्सकों की सुरक्षा को लेकर महासंघ ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है और मृतक डॉक्टर के लिए शीघ्र न्याय और देश भर में सभी स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों के लिए सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू करने की मांग की हैं। अखि्ल भारतीय महिला कांग्रेस ने डॉक्टरों की शांतिपूर्ण हड़ताल और माँगों का पूरी तरह से समर्थन किया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को पत्र लिखकर देशभर के अस्पतालों में डॉक्टरों के लिए सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने की सिफ ारिश की है। इसके अलावा डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाने की मांग की है। दिल्ली में लगातार दूसरे दिन भी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, सफदरजंग, राम मनोहर लोहिया लोकनायक जयप्रकाश और जीबी पंत सहित सभी बड़े अस्पतालों में रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर रहे। इस कारण से ओपीडी और नियमित सर्जरी प्रभावित रही। रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल के मद्देनजर अस्पतालों ने ओपीडी सेवा को सीमित कर दिया। ओपीडी में पुराने मरीज भी ज्यादा देखे जा रहे हैं। एम्स में पहले से समय ले चुके रोगी प्रमुखता से देखे गये। रेजिडेंट या जूनियर डॉक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल को देखते हुए देश के सभी सरकारी अस्पतालों ने व्यापक प्रबंध किये हैं जिससे आपातकालीन सेवायें बाधित नहीं हो। सभी वरिष्ठ डॉक्टरों के अवकाश और दौरे रद्द कर दिये गये हैं और उन्हें संबंधित अस्पतालों के विभागों में पहुंचने को कहा गया है। सफदरजंग अस्पताल में मेडिकल ऑफिसर, जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफि सर, विशेषज्ञ काम करेंगे। शिक्षकों को भी काम करने के लिए कहा गया है।

# हिंडनबर्ग की ताजा रिपोर्ट के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

एजेंसी नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



अमेरिका की शॉर्ट सेलर फर्म हिंडनबर्ग की ताजा रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों को लेकर उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है। याचिका में शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री द्वारा उस आवेदन को सूचीबद्ध करने से इंकार करने को चुनौती दी गई है, जिसमें अडानी समूह की कंपनियों के खिलाफ हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए कथित धोखाधड़ी के आरोपों के समाधान के लिए की गई कार्रवाई पर सेबी से स्थिति रिपोर्ट मांगी गई थी। याचिका में हिंडनबर्ग की ताजा रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों को रिकॉर्ड में लाया गया है कि सेबी की चेयरपर्सन और उनके पति ने बरमूडा और मॉरीशस के ऑफशोर फंड में कथित तौर पर निवेश किया था, जिसका नियंत्रण अडानी ग्रुप के अध्यक्ष गौतम अडानी के बड़े भाई विनोद अडानी के पास है। याचिका में कहा, हालांकि सेबी प्रमुख माधबी बुच ने इन आरोपों को निराधार बताया और इस अदालत ने यह भी माना है कि तीसरे पक्ष की रिपोर्ट पर विचार नहीं किया जा सकता है, लेकिन इन सबने जनता और निवेशकों के मन में संदेह का माहौल पैदा कर दिया। ऐसी परिस्थितियों में सेबी के लिए लंबित जांच को समाप्त करना और जांच के निष्कर्ष की घोषणा करना अनिवार्य हो जाता है। याचिका में कहा गया है कि इस मामले में जांच के लिए शीर्ष अदालत के आदेश के लिए पहले जनहित याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता विशाल तिवारी ने रजिस्ट्रार के 05 अगस्त के आदेश को चुनौती दी है, जिसमें मामले में उनके पिछले आवेदन को पंजीकृत करने से इनकार कर दिया गया था।

## क्विक न्यूज़

### स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी मुर्मु



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 78 वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार को राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का संबोधन आकाशवाणी के संपूर्ण राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन के सभी चैनलों पर भी हिंदी और उसके बाद अंग्रेजी में इसका प्रसारण किया जायेगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद क्षेत्रीय चैनलों द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा।

### मनोहर लाल खट्टर ने मनु भाकर को किया सम्मानित



**नयी दिल्ली।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु भाकर को सम्मानित किया। दिल्ली में अपने आवास पर आयोजित एक समारोह खट्टर ने पेरिस ओलंपिक में देश का मान बढ़ाने वाली मनु भाकर को फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि मनु ने अपनी कड़ी मेहनत और बुलंद हौसलों से यह साबित किया कि अगर आप लक्ष्य के प्रति समर्पित हैं तो असंभव कुछ भी नहीं। आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए असीम शुभकामनाएँ।

### राम रहीम 21 दिन के पैरोल पर रिहा



**चंडीगढ़।** बलात्कार और हत्या के आरोप में सजा भुगत रहे सिरसा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम को 21 दिन के पैरोल पर रिहा कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार जेल से रिहा होने के बाद राम रहीम उत्तर प्रदेश के बागपत आश्रम चला गया। उसे दो साध्वियों के यौन शोषण तथा पत्रकार रामचंदर छत्रपति की हत्या के आरोप में दोषी करार दिए जाने के बाद 20 साल कैद की सजा सुनायी गयी थी और वह रोहतक की सुनारिया जेल में अपनी सजा भुगत रहा है।

# हमारी संप्रभुता और सामूहिक पहचान का प्रतीक है तिरंगा : जगदीप धनखड़

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जनता से विध्वंसक ताकतों के प्रति सतर्क रहने का आग्रह करते हुए कहा तिरंगा सिर्फ एक झंडा नहीं है- यह हमारी संप्रभुता और सामूहिक पहचान का प्रतीक है और भारतीय पहचान को चुनौती देना हमारे अस्तित्व को चुनौती देने के समान है। धनखड़ ने मंगलवार को भारत मंडपम से हर घर तिरंगा बाइक रैली को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि कुछ लोग भारत के विकास की तेज गति को पचा नहीं पा रहे हैं। वे बाधाएं पैदा करना चाहते हैं और अस्थिरता लाना चाहते हैं। उन्होंने तिरंगे के महत्व का उल्लेख करते हुए लोगों से विरोधी ताकतों के खिलाफ एकजुट होने और इससे प्रेरणा लेने का आग्रह किया और सभी से किसी भी परिस्थिति में राष्ट्र के हित को सर्वोपरि रखने की अपील की। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू, केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# संजय सेठ ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का निरीक्षण किया

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मंगलवार को लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का निरीक्षण किया। सेठ ने ड्यूटी पर तैनात एनसीसी कैडेटों, एनएसएस स्वयंसेवकों, संबंधित अधिकारियों और कर्मियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने एनसीसी कैडेटों और एनएसएस स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा, देश के लिए प्राणों की आहुति देने वाले योद्धा हमेशा हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत रहेंगे। सेठ ने एनसीसी कैडेटों को भविष्य का सैनिक बताया जो देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए एक मजबूत स्तंभ होंगे। उन्होंने कहा, आप समाज सेवा और सामुदायिक विकास की कई पहल करके परिवर्तन के गुणक के रूप में कार्य करते हैं। आपने कई राष्ट्रीय मिशनों जैसे राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, स्वच्छ भारत अभियान, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए काम किया है और इन्हें अपने समर्पण और कड़ी मेहनत से सफल बनाया है। अब भी आप स्वतंत्रता दिवस समारोह को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में एनसीसी कैडेटों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। सेठ ने एनसीसी कैडेटों के उत्साह और मनोबल की सराहना की और उन्हें स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

# एक चुनी हुई सरकार को झंडा फहराने से रोकना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण : सिसोदिया

वार्ता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



आप के नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के मौक़े पर दिल्ली में चुनी हुई सरकार को झंडा फहराने से रोकना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। सिसोदिया ने दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस पर झंडा फहराने के मुद्दे पर कहा कि दिल्ली में चुनी हुई सरकार को झंडा फहराने से रोकना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि तिहाड़ से महाठग सुकेश की चिट्ठी तुरंत उपराज्यपाल वीके सक्सेना के पास पहुँच जाती है और वह इस पर कार्रवाई भी कर लेते है लेकिन उन तक चुने हुए मुख्यमंत्री की चिट्ठी नहीं पहुँचती है। उन्होने कहा कि, ये बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि, स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर घटिया राजनीति की जा रही है। आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने भी कहा कि, आज एक चुनी हुई सरकार के झंडा फहराने के अधिकार की छीना जा रहा है।

# शेयर घोटाला, जाति जनगणना, संविधान को लेकर देशव्यापी आंदोलन करेगी कांग्रेस

पायनियर संवाददाता काठमांडू/नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने हिंडेनबर्ग रिपोर्ट के खुलासे में सेबी प्रमुख पर लगे आरोपों को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा है कि पार्टी इस घोटाले के साथ ही संविधान तथा जाति जनगणना को लेकर देशव्यापी आंदोलन करेगी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल तथा समाचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बैठक के बाद पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे की अध्यक्षता में कांग्रेस महासचिव, राज्यों के प्रभारी, प्रदेश अध्यक्षों तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई जिसमे लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ ही 56 नेता शामिल हुए। बैठक में शामिल हुए 36 लोगों ने विभिन्न मुद्दों पर अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। वेणुगोपाल ने कहा कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट में जो खुलासा हुआ है वह अत्यंत गंभीर है और उसको लेकर कांग्रेस 22 अगस्त को देशव्यापी आंदोलन करेगी। कांग्रेस कार्यकर्ता उस दिन पूरे देश में ईडी कार्यालयों का घेराव करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी अडानी शेयर घोटाले, संविधान तथा जाति जनगणना जैसे मुद्दों को लेकर देशभर में आंदोलन करेगी। शेयर घोटाले में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हैं। इसको लेकर देशभर में होने वाले आंदोलन में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे और सरकार पर हिंडेनबर्ग रिपोर्ट में प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की अध्यक्ष पर लगे आरोपों को लेकर संयुक्त राष्ट्रीय समिति-जेपीसी से जांच कराने की मांग करेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि दूसरा महत्वपूर्ण मुद्दा जाति जनगणना का है और इस पर पार्टी नेताओं ने गंभीरता से विचार किया। कांग्रेस इन तीनों मुद्दों को लेकर देशव्यापी आंदोलन करेगी और सरकार पर अपनी मांगों को मनवाने के लिए दबाव डालेगी। उन्होंने कहा कि बैठक में इसके अलावा भारी बारिश के कारण भूस्खलन तथा बाढ़ जैसी आपदाओं पर भी चर्चा की गई और वायनाड में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

# भारत, ऑस्ट्रेलिया ने छठी समुद्री सुरक्षा वार्ता आयोजित की



**कैनबरा/नयी दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया ने कैनबरा में आयोजित छठी समुद्री सुरक्षा वार्ता में समावेशी विकास एवं वैश्विक कल्याण के लिए अनुकूल सुरक्षित समुद्री वातावरण को बनाये रखने के तरीकों पर चर्चा की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय में निरस्त्रीकरण और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों की संयुक्त सचिव मुआनपुई सैयावी ने किया, जबकि ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मामलों एवं व्यापार विभाग में दक्षिण-मध्य एशिया प्रभाग की प्रथम सहायक सचिव सारा स्टोरी तथा रक्षा विभाग में अंतर्राष्ट्रीय नीति के प्रथम सहायक सचिव बर्नार्ड फिलिप ने किया। एक बयान में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने आपसी हित के विभिन्न विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान किया, जिसमें भारत-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा वातावरण, समुद्री डोमेन जागरुकता, मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) समन्वय, क्षेत्रीय और बहुपक्षीय जुड़ाव और समुद्री संसाधनों का सतत उपयोग शामिल है।

# राहुल गांधी की दुकान में मोहब्बत सिर्फ अपराधियों के लिए : भाजपा

वार्ता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भाजपा ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया समूह में शामिल समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस पर अपराधियों तथा दुष्कर्म को संरक्षण देने और निर्लज्ज राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल गांधी की सियासी दुकान में मोहब्बत सिर्फ अपराधियों, आतंक के आरोपी, भ्रष्टाचारियों और दंगाइयों के लिए ही है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद डॉ.सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में इंडिया समूह और सपा द्वारा अपराधियों और नाबालिगों के साथ दुष्कर्म करने वालों को संरक्षण देने और उस पर निर्लज्जता के साथ राजनीति करने के लिए जमकर आलोचना की और अपील की ऐसे मामलों में दलगत भावना से ऊपर उठकर मानवीय संवेदनशीलता से अपराधियों पर कठोर कार्रवाई के लिए आगे आना चाहिए। डॉ.त्रिवेदी ने कहा कि सपा, तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस और इंडिया समूह के नेता अपराधियों को संरक्षण देने के साथ-साथ गंभीर अपराधों के प्रति अपनी असंवेदनशीलता का परिचय दे रहे हैं। अयोध्या और कन्नौज में सपा नेताओं द्वारा यौन उत्पीडन करने और पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार द्वारा अपराधियों-दुष्कर्म को बचाने के मामले उजागर हुए हैं, जो अत्यंत ही निंदनीय है। डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि इंडिया समूह के आचरण की उच्छृंखलता और उद्दंडता को जनता अबतक देख ही रही थी, लेकिन अब उनसे जुड़े हुए लोगों का अपराध में संलिप्तता भी पूरा देश देख रहा है। यहां सिर्फ अपराध की संलिप्तता ही नहीं है, बल्कि अपराध करने की उनकी हिम्मत, हिमाकत और उसके बाद उसे संरक्षण देने की इंडिया समूह के दलों की सियासत को आज देश अत्यंत दुखी और भारी मन से देख रहा है। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में सभी लोगों ने देखा कि किस प्रकार सपा के नेता मोईद खान पर नाबालिग के साथ बलात्कार करने का आरोप लगा। इस मामले की संवेदनशीलता को समझने की बजाय विपक्षी पार्टियां निर्लज्जता के साथ राजनीति कर रही है।अयोध्या का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि कन्नौज में एक बार फिर सपा से जुड़े एक नेता के ऊपर एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म के प्रयास के गंभीर आरोप लगे हैं।

## निर्यात गतिविधियां बढ़ेंगी, व्यावसायिक और वाणिज्यिक गतिविधियों को मिलेगा प्रोत्साहन

# भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए एमओयू पर हुआ हस्ताक्षर

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ में भारतीय विदेश व्यापार संस्थान कोलकाता (आई आई एफ टी) के निर्यात सुविधा केंद्र और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए भारतीय विदेश व्यापार संस्थान के सुविधा केंद्र के छत्तीसगढ़ में स्थापित होने से छत्तीसगढ़ से निर्यात करने वाले व्यवसायियों को मार्गदर्शन मिल सकेगा। राज्य से निर्यात गतिविधियां बढ़ेंगी। साथ ही भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के छत्तीसगढ़ में स्थापित होने वाले एक प्रशिक्षण केंद्र से प्रदेश के युवाओं को उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर के इन दो केंद्रों की स्थापना से प्रदेश व्यावसायिक और वाणिज्यिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री निवास कार्यालय रायपुर में आयोजित किया गया, जिसमें उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन समेत विभाग के सचिव अंकित आनंद भी मौजूद रहे।

### किसानों को मिला 6199 करोड़ रूपए से अधिक का अल्पकालीन कृषि ऋण

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर राज्य के अधिक से अधिक किसानों को अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण किया जा रहा है। प्रदेश में किसानों को अब तक राज्य सहकारी बैंकों के द्वारा 2058 सहकारी समितियों के माध्यम से 6199 करोड़ 42 लाख रूपए का अल्पकालीन कृषि ऋण प्रदान किया गया है। इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा किसानों को 7300 करोड़ रूपए ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है। किसानों को उनके मांग और रकबे के अनुरूप अल्पकालीन कृषि ऋण प्रदान किया जा रहा है।

# आज शुरू होगी एसएसएलवी -डी3 की उल्टी गिनती

एजेंसी श्रीहरिकोटा
www.dailypioneer.com



आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित होने वाले एसएसएलवी-डी3 के प्रक्षेपण की उल्टी गिनती शुरू होगी। इसरो के सूत्रों ने बताया कि प्रक्षेपण के लिए उल्टी गिनती कल यानी से शुरू होगी। कुल 175.5 किलोग्राम वजनी इस पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (ईओएस-08) का प्रक्षेपण लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) का उपयोग करके किया जाएगा। यह एसएसएलवी-डी3 तीसर और अंतिम विकासात्मक प्रक्षेपण है और इस चरण में यह माइक्रोसैटेलाइट को लेकर स्वतंत्रता दिवस पर सुबह 09.17 बजे शार रेंज से उड़ान भरेगा। उन्होंने कहा, इस मिशन ने एसएसएलवी विकास परियोजना को पूरा किया है और भारतीय उद्योग तथा एनएसआईएल द्वारा परिचालन मिशनों को सक्षम बनाया है। उन्होंने कहा कि ईओएस-08 इसरो का नवीनतम पृथ्वी अवलोकन उपग्रह है। ईओएस-08 मिशन के प्राथमिक उद्देश्यों में माइक्रोसैटेलाइट को डिजाइन और विकसित करना, माइक्रोसैटेलाइट बस के साथ संगत पेलोड उपकरण बनाना और भविष्य के परिचालन उपग्रहों के लिए आवश्यक नई तकनीकों को शामिल करना आदि हैं। प्रक्षेपण के तुरंत बाद अंतरिक्ष यान मिशन विन्यास 37.4 डिग्री के झुकाव के साथ 475 किलोमीटर की ऊंचाई पर पृथ्वी की निम्न कक्षा (एलईओ) में संचालित होगा। एसएसएलवी तीन चरणों वाला प्रक्षेपण यान है, जिसे तीन ठोस प्रणोदन चरणों और एक टर्मिनल चरण के रूप में तरल प्रणोदन आधारित वेलोसिटी ट्रिमिंग मॉड्यूल के साथ निर्मित किया गया है। एसएसएलवी का व्यास दो मीटर और लंबाई 34 मीटर है और यह 120 टन वजन उठा सकता है। ए स ए स ए ल व ी एसडीएससी/एसएचएआर से 500 किमी की प्लेनर कक्षा में 500 किलोग्राम के उपग्रह को ले जाने में सक्षम है।

# सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव, बालकृष्ण के खिलाफ अवमानना कार्यवाही बंद की

वार्ता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने योग गुरु बाबा रामदेव और पतंजलि के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ शुरू की गई अवमानना कार्यवाही मंगलवार को बंद कर दी। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने उनके अपने उत्पादों के विज्ञापन के मामले में दिए गए अपने शपथ के उल्लंघन के लिए माफी मांगने के तथ्य के मद्देनजर यह फैसला किया। पीठ ने कहा कि दोनों अवमाननाकर्ताओं ने अपने कृत्यों के लिए अपनी माफी प्रकाशित की। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा 2022 में एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें पतंजलि और रामदेव द्वारा कोविड टीकाकरण अभियान और आधुनिक चिकित्सा पद्धति के खिलाफ अभियान चलाकर बदनाम करने का आरोप लगाया गया था। शीर्ष अदालत ने 27 फरवरी को बाबा रामदेव और बालकृष्ण को कारण बताओ नोटिस जारी किया और विभिन्न बीमारियों के इलाज का दावा करने वाले पतंजलि के भ्रामक और झूठे विज्ञापनों के खिलाफ कार्रवाई न करने के लिए केंद्र की आलोचना की थी और बाबा रामदेव द्वारा संचालित कंपनी को अब से ऐसी घोषणाएं करने से रोक दिया था। कंपनी और उसके प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण को कारण बताओ अवमानना नोटिस जारी करते हुए अदालत ने कहा था कि पूरे देश को गुमराह किया जा रहा है। शीर्ष अदालत ने 19 मार्च को रामदेव और बालकृष्ण को उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही में कारण बताओ नोटिस का जवाब दाखिल करने में विफल रहने के लिए व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया था। उच्चतम न्यायालय ने 02 अप्रैल को उनकी माफी को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि यह सरल और दिखावटी है तथा उन्होंने पूर्ण अवज्ञा और आक्रामकता दिखाई है।

# एटीएम एक्सचेंज गिरोह के 3 आरोपित चढ़े पुलिस के हत्थे, 142 एटीएम कार्ड जब्त

पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com






दुर्ग रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग, एसपी एसआर भगत के निर्देशन में क्षेत्र में हो रहे एटीएम एक्सचेंज गिरोह को पकड़ने में बालोद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एटीएम एक्सचेंज गिरोह के 3 आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। तीनो आरोपी मूलतः उत्तरप्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश के निवासी है। उत्तरप्रदेश के फ्लैट ई 501अपर्णा अपार्टमेंट मौजा सुनारी निवासी जसप्रीत सिंह गुजराल पिता धरमपाल सिंह गुजराल जाति सिक्ख (42 वर्ष), राजस्थान के धौलपुर निवासी शंकर सिंह चौहान पिता बिरेन्द्र सिंह चौहान जाति ठाकुर (37वर्ष) और मध्यप्रदेश के जबलपुर निवासी राजा वर्मा पिता दिनेश चंद वर्मा जाति लोधी (39वर्ष) को गिरफ्तार किया है। तीनो एक साथ बाइक में घुमघुम कर छलपूर्वक ठगी करते है। एटीएम मशीन से पैसा निकालने के मदद के नाम पर ठगी करते है। पूर्व में राजनांदगांव, कवर्धा, राजनांदगांव, सरगुजा, कोरबा, दुर्ग में भी ठगी कर चुके है। उक्त आरोपी सिवनी, बिजनौर के केस में जेल भी काट चुके है। आरोपियों के पास से विभिन्न बैकों के 142 नग एटीएम कार्ड (लोगो को एटीएम बदली करने में प्रयोग हेतु), एक नग मोटर सायकल, कुल नगदी रकम 27 हजार 500, पर्स एवं 5 नग मोबाइल और एक एटीएम स्वीप मशीन जब्त किया गया है। बस स्टैंड पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम व यूको बैंक गंजपारा बालोद में आरोपियों का सीसीटीवी फूटेज मिला। बालोद पुलिस के द्वारा पुरूर के पास धमतरी पुलिस के सहयोग से तीनो जाल साजियों को पकड़ा हैं। जिसका खुलासा एसडीओपी देवांश राठौर ने सोमवार को कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस वार्ता में किया।

### केस- 01

कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर वार्स-15 निवासी असाडू राम दुग्गा पिता जयलाल दुग्गा द्वारा लिखित आवेदन पेश किया कि बीते 8 अगस्त को दोपहर लगभग 1 से डेढ़ बजे के बीच इनकी बेटी सविता मरकाम खाता नम्बर 42730024609 के एटीएम कार्ड से पैसा निकालने यूको बैंक के एटीएम लेकर गया था। एटीएम से 6 हजार रुपये निकालने के समय बिजली चले जाने से एटीएम बंद हो गया और कार्ड फंस गया, तभी दो अनजान व्यक्ति द्वारा मदद करने के नाम से एटीएम कार्ड को बदलकर किसी अंजान महिला मालती सुरेश यादव एटीएम कार्ड नम्बर 4591560339662074 को देकर एटीएम से करहीभदर ग्रामीण बैंक से आहरण किया गया है। 8 अगस्त को ही 6 हजार, 7 हजार, 10 हजार एवं 3 हजार रुपये कुल 26 हजार रुपये निकाल लिये है। आवेदन पर प्रथम दृष्टया अपराध का घटित होना पाये जाने से अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 418/24 धारा 318 (4), 3(5) बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था।

### केस- 02-

ग्राम सुवरबोड़ निवासी दीपक कुमार करपाल पिता अमरसिंह करपाल (उम्र 34) द्वारा लिखित आवेदन पेश किया कि 12 मई 2024 को मेरी बुआ नीर बाई भुआर्य का स्वास्थ्य खराब होने से उपचार हेतु पैसो की आवश्यकता होने पर बुआ ने एटीएम से पैसा निकालने बोला तब मै करीबन 6 बजे बस स्टैण्ड के सामने पुरूषोत्तम पेट्रोल पंप स्थित पंजाब नेशनल बैंक एटीएम से पैसा निकालने गया था, एटीएम में थोड़ा सर्वर प्राब्लम होने के कारण एटीएम से पैसा नही निकल रहा था। उसी समय दो व्यक्ति एटीएम में प्रवेश किया। उसमें से एक व्यक्ति ने मै पैसा निकाल देता हूं, करके मेरे एटीएम को मशीन से निकाल लिया, फिर पैसा निकालने लिए एटीएम को पुनः मशीन में डाला और सर्वर बोलकर निकल गया, मै पैसा निकालने का प्रयास किया। किन्तु पैसा नही निकला, मै अपने बुआ को एटीएम वापस किया और घर सुवरबोड़ चला गया। दूसरे दिन 13 मई को मेरी बुआ नीर बाई मुझे फोनकर बताया कि मेरे खाते से चार किश्तों में कुल 32 हजार रुपये का आहरण किया गया है। तब मै बुआ के घर सिंचाई कालोनी बालोद आ गया, और एटीएम को देखा जिसका नम्बर 6522940786434434 था, उक्त दोनो अज्ञात आरोपियों द्वारा एटीएम बदलकर 32 हजार रुपये का धोखाधड़ी कर आहरण करने की लिखित शिकायत पर प्रथम दृष्टया अपराध का घटित होना पाये जाने से अज्ञात आरोपियों के खिलाफअपराध क्रमांक 419/24 धारा 420, 34 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था।

### कई जिलों में किये है एटीएम फ्रॉड

एसडीओपी देवांश राठौर ने बताया कि प्रथम सूचना दर्ज करने उपरांत तत्काल दो विशेष टीम बनाकर गुंडरदेही एवं धमतरी रोड की ओर स.उ.नि दुलारूराम भांडेकर की टीम व स.उ.नि देवनाथ ठाकुर की टीम को धमतरी की ओर रवाना किया गया। रवाना हुई टीम के द्वारा सीसीटीवी फूटेज देखते आगे बढ़ रहे थे जो संदेही आरोपियों की धमतरी की ओर जाना पता चलने पर धमतरी तक पुलिस थाना प्रभारियों को मिली फूटेज को भेजा गया व धमतरी की ओर रवाना इस दौरान 12 अगस्त को सूचना मिली की पुरूर बस स्टैण्ड के पास तीन लोग एटीएम के आसपास देख रहे दो तीन एटीएम के पास जा जाकर रेकी कर रहे है, साथ में थैला रखे है। जिसकी सूचना पर तत्काल दोनो टीम थाना प्रभारी बालोद रविशंकर पाण्डेय के नेतृत्व में जाकर घेराबंदी कर पकड़ी गई। पकड़े गये आरोपियों से पुछताछ करने पर बताये कि तीनो एक दो वर्ष आपस में संपर्क होने से तीनो एटीएम बदली कर ठगी करने का प्लान बनाये थे, और मोटर सायकल क्रमांक यूपी 80 डीक्यू 1235 से आकर तीनो मिलकर एटीएम बदली कर लोगो के पैसा निकालने का काम करते है। और आगे जाकर पैसा निकाल लेते है। तीनो मिलकर बालोद, कवर्धा, राजनांदगांव, सरगुजा, कोरबा, दुर्ग, बेमेतरा, जिलों में भी जाकर 03-04 बार एटीएम एक्सचेंज कर फ्राड कर चुके है। कई लोगो को अपना एटीएम एक्सचेंज फ्राड कर शिकार कर चुके है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। थाना प्रभारी बालोद रविशंकर पाण्डेय, स.उ.निरी दुलारू राम भांडेकर, स.उ.निरी देवनाथ ठाकुर, प्र.आर. 1712 मनोज निर्मलकर, आरक्षक 36 मोहन कोकिला, आरक्षक 208 अविनाश सिंह, आरक्षक 1948 बनवाली साहू, आरक्षक 457 भुपेश साहू, धमतरी पुलिस- निरीक्षक राजेश मरई, प्र.आर. दिनेश तुरकाने, आरक्षक कुलदीप राजपुत, साजिद अली, दुगेश्वर साहू सायबर सेल बालोद आरक्षक मिथलेश यादव, आरक्षक संदीप यादव की सराहनीय भूमिका रही

## 15 अगस्त तक अपने-अपने घरों पर राष्ट्रध्वज फहराकर हर घर तिरंगा मुहिम को मजबूत करने की सीईओ जिपं ने लोगों से की अपील

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com





जिले के हर घरों में तिरंगा लहरायेगा। लोग झंडा फहरायेंगे और फिर सेल्फी लेकर वेबसाईट पर अपलोड करेंगे। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा निर्देशित हर घर तिरंगा 2024 कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर बैठक आयोजित कर तैयारी का जायजा लिया गया है। इस दौरान जनपद पंचायत धमतरी, कुरुद, मगरलोड, नगरी को आवश्यक निर्देश दिये गये हैं कि संस्कृति मंत्रालय के निर्देश के आलोक में मुख्यतः नौ गतिविधियां जैसे-तिरंगा यात्राएं, तिरंगा रैली, तिरंगा दौड़ और मैराथन, तिरंगा कांसर्ट्स, तिरंगा कैनवास, तिरंगा प्रतिज्ञा, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा सम्मान, तिरंगा मेला का आयोजन जनपद स्तर पर सम्मिलित है। आयोजन वृहद रूप से हो रहे हैं। जिसमें सभी जनप्रतिनिधि, छात्र व छात्राएं, एनसीसी एवं स्काउट गाइड के बच्चे व समूह की महिलाएं, पदाधिकारी हाथ में तिरंगा लेकर शामिल हो रहे हैं। तिरंगा कैनवास भी स्थापित किये गये हैं। जिसमें लोग किसी भी भारतीय भाषा में हर घर तिरंगा और जय हिंद का ई-कैनवास का डिजाइन राष्ट्रीय ध्वज के समान में कर रहे हैं।

इसके अलावा हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी घरों में तिरंगा झंडा फहराया जा रहा है। इसके लिए ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों द्वारा लोगों को तिरंगा उपलब्ध कराया जा रहा है। तिरंगा यात्रा में शामिल होने वाले सभी लोगों को ध्वज फहराने और तिरंगा के साथ सेल्फी लेकर संबंधित वेबसाइट पर अपलोड भी किया जा रहा है। साथ में सोशल मीडिया के निर्धारित प्लेटफॉर्म के साथ साझा कर रहे हैं। सीईओ जिला पंचायत ने सभी लोगों से 15 अगस्त तक अपने-अपने घरों पर राष्ट्रध्वज फहराकर हर घर तिरंगा मुहिम को मजबूत करने की अपील की है। ग्राम पंचायत मुजगहन सरपंच चन्द्रशेखर साहू ने कहा कि इस अभियान का मकसद हर भारतीय को तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित करके सभी लोगों में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना को पैदा करना है।

## राष्ट्रीय एकता गौरव बढ़ाने और राष्ट्रीय सम्मान के लिए हर घर तिरंगा की अपील गफ्फुमेनन

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय पर बड़ी शान के साथ नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन के नेतृत्व में पार्षद एवम महिलाओ ने तिरंगा यात्रा निकाल कर हर घर तिरंगा लगाने की अपील किया। इस बीच आवागमन करने वाले राहगीरों के साथ बच्चो को तिरंगा भी दिया गया। तिरंगा यात्रा के दौरान पालिका उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेक पार्षद रखी यादव आसिफ मेमन प्रतिभा पटेल ज्योति साहनी विमला साहु वंश गोपाल सिंह के साथ सागर मयानी सहित लोग मौजूद रहे। इस बीच पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य देश के हर घर मे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित करना है ताकि देश के नागरिकों मे राष्ट्रीय एकता और गौरव को बढ़ाया जा सके इस अभियान में भाग लेकर देश के सभी नागरिक राष्ट्रीय ध्वज के प्रति अपना सम्मान प्रकट किया जाए इसलिए बच्चे बजुर्ग युवाओं महिलाओं सहित तमाम वर्ग के साथ आने वाले पीढ़ी में राष्ट्र भावना जागने के लिए काफी उल्लास के साथ भारत भर में तिंरगा यात्रा निकालते घर घर तिरंगा लगाने की अपील किया जा रहा हैं। इसी तर्ज़ पर गरियाबंद जिला के लोगो से अपील है की हर घर तिरंगा लगाएं ताकि आने वाले पीढ़ी को राष्ट्र के प्रति प्रेम की भावना बढ़चढ़ कर आए। इसके अलावा गफ्फुमेमन का मानना है कि आजादी के 76 वें वर्ष में एक राष्ट्र के रूप में सामूहिक रूप से झंडे को घर लाना न केवल तिरंगे से व्यक्तिगत जुड़ाव का प्रतीक है बल्कि राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है इस पहल के पीछे का विचार लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा' अभियान एक जन आंदोलन बन गया है जिसमें हर कोई एकजुट होकर राष्ट्रीय ध्वज फहरा रहा है गांवों से लेकर शहरों तक, पूरे देश में लोग तिरंगा फहरा रहे हैं और हमारे देश के लिए बहादुरी से लडने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर रहे हैं। इस अभियान ने युवाओं और बच्चों को विशेष रूप से प्रभावित किया है और उन्हें भारत के स्वतंत्रता संग्राम की यादों को संजोने के लिए प्रोत्साहित किया है। इस अभियान के माध्यम से भारत की विविधता में एकता की भावना को बढ़ाया है।

## स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर होंगे मुख्य अतिथि

**धमतरी।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर मुख्य अतिथि होंगे तथा डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एकलव्य खेल परिसर में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इसके पश्चात सलामी व राष्ट्रगान तथा मुख्यमंत्री छत्तीसगढ शासन के संदेश का वाचन होगा।

## राशनकार्डो का नवीनीकरण 15 अगस्त तक

**धमतरी।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए 15 अगस्त तक समयावृद्धि की गई है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले में अब तक 2 लाख 33 हजार 595 राशनकार्डों का नवीनीकरण किया जा चुका हैए जो 97०01 प्रतिशत है एवं शेष 7,190 राशनकार्डों का नवीनीकरण किया जाना है। उन्होंने राशनकार्डधारियों से अपील की है कि वे 15 अगस्त तक अनिवार्य रूप से अपने राशनकार्ड नवीनीकरण करा लें।

## उचित मूल्य दुकानों के संचालन के लिए आवेदन 23 अगस्त तक

धमतरी। छत्तीसगढ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेशानुसार नगरनिगम क्षेत्र धमतरी के विवेकानंद वार्ड क्रमांक 37 में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान का आबंटन किया जाना है। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 23 अगस्त है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए स्थानीय नगरीय निकाय, राज्य शासन द्वारा अधिकृत प्राधिकारी द्वारा पंजीकृत महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियां, राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम, वन सुरक्षा समितियां जो कि दो माह पूर्व पंजीकृत एवं कार्यरत हो, आवेदन के लिए पात्र होंगे। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में स्पष्ट देवनागरी लिपि में पूरी तरह से भरा हुआ एवं सभी प्रमाण पत्र, दस्तावेजों की छायाप्रति तथा संस्था का पदमुद्रा सील सहित व हस्ताक्षरित होना अनिवार्य है। अंतिम तिथि के बाद मिले आवेदन विचार योग्य नहीं होंगे।

## सामान्य प्रशासन स्थायी समिति और सामान्य सभा का सम्मिलन 22 अगस्त को

**धमतरी।** जिला पंचायत धमतरी के सामान्य प्रशासन स्थायी समिति और सामान्य सभा का सम्मिलन आगामी 22 अगस्त को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आहूत की गई है। सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि सामान्य प्रशासन स्थायी समिति का सम्मिलन सुबह 11:30 बजे से आयोजित किया जाएगा, जिसमें उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की जाएगी। इसी तरह दोपहर एक बजे से आयोजित समान्य सभा के सम्मिलन में कृषि, उदन्ती सीतानदी टाईगर रिजर्व, आदिवासी विकास विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग विभागों के कार्यों के अलावा अन्य विषयों की समीक्षा की जाएगी।

## भाजपा गंगरेल मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा



पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com

भाजपा गंगरेल मंडल के अध्यक्ष उमेश साहू ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी जिला धमतरी के निर्देशन में भारतीय जनता पार्टी गंगरेल मंडल के युवा मोर्चा के विशेष सहयोग से तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई जो सुबह 8 बजे रुद्री चौक से प्रारंभ होकर ग्राम मुड़पार, बरारी, भोयना, अछोटा, शकरवारा ,कोलियरी होते हुए ग्राम रुद्री में समापन किया गया। मंडल अध्यक्ष उमेश साहू ने चर्चा में बताया कि भाजपा गंगरेल मंडल के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई जिस भी गांव में यह यात्रा गुजरी लोग एक विशेष भाव से यात्रा का सम्मान करते हुए दिखाई दिए। जैसे ही यात्रा गांव में पहुंचती थी स्कूल के छात्र और ग्रामवासी जो पैदल चलते थे वह यात्रा के सम्मान में स्वतः रूक जाया करते थे जो स्वतंत्रता और तिरंगे के प्रति सम्मान को दर्शाता है। उन्होंने अंत में सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने ग्राम में जन जागरूकता अभियान चलाकर सभी घरों में तिरंगा ध्वज का रोहन हो इसकी चिंता करेंगे।

## हमारे भाव ही हमे भक्त से भगवान बना सकते है: प.पू.विशुद्ध सागर





**धमतरी।** परम पूज्य विशुद्ध सागर म.सा. ने फरमाया कि पांच दिवसीय आयोजन के अंतर्गत जय-तिहुवन स्तोत्र के साथ 23वें तीर्थंकर परमात्मा का पूजा के माध्यम से अभिषेक होगा। सभी तपस्वियों को अभिषेक का लाभ पहले मिलेगा। उसके बाद अन्य श्रावक श्राविकाओं को अभिषेक का लाभ मिलेगा। आचार्य अभय देव सूरी जी द्वारा रचित यह स्तोत्र है। इसका शुद्ध अंतःकरण से स्मरण करने पर आधि और व्याधि दूर होता है। साथ ही समाधी के साथ मोक्षगामी होने की उपाधि प्राप्त होती है। 30 गाथा वाले इस स्तोत्र के 17वें गाथा फनीफन फार फुरंतर की रचना के साथ धरती के अंदर से स्वतः ही स्तंभन पार्श्वनाथ परमात्मा की प्रतिमा प्रकट हो गई थी।

## एनएसयूआई की प्रदेश स्तरीय बैठक में शामिल हुए जिलाध्यक्ष राजा देवांगन

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com



एनएसयूआई की प्रदेश प्रभारी आकाश चौधरी व प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के निर्देशानुसार एनएसयूआई की प्रदेश स्तरीय कार्यकारणी बैठक राजीव भवन रायपुर में सम्पन्न हुई जिसमें प्रदेश भर के एनएसयूआई पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचे थे, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन भी अपने कार्यकर्ताओं के बैठक सम्मिलित हुए। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने बताया कि इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश में छात्र संघ चुनाव के बहाली एक प्रमुख मुद्दा रहा, पूर्व की बीजेपी द्वारा प्रदेश में छात्र संघ चुनाव पर पाबंदी लगाई गई थीं पर भूपेश बघेल ने मौजूदा सत्र से छात्र संघ चुनाव करवाने की घोषणा की गई थीं लेकिन सत्ता परिवर्तन के कारण ये संभव नहीं हो पाया पर एनएसयूआई मौजूदा भाजपा सरकार से छात्र संघ चुनाव करवाने की मांग करेगी ताकि छात्रों को उनके हक की आवाज उठा सके, छात्र संघ चुनाव होना बहुत ज्यादा जरूरी है वरना कॉलेज या यूनिवर्सिटी में प्रशासन की मनमानी के चलते छात्रों का शोषण होता रहेगा। देवांगन ने आगे कहा कि छात्र संघ चुनावों से ही छात्र नेता आगे जाकर विधानसभा और लोकसभा के पदों पर नेतृत्व करते हैं। इसके हमने कई उदाहरण भी देखे हैं । एनएसयूआई छात्रसंघ चुनाव करवा कर ही रहेंगे। इसके लिए हमें कहीं पर भी आंदोलन करने की जरूरत पड़े तो हम जरूर करेंगे।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह का किया गया अंतिम पूर्वाभ्यास

**धमतरी।** जिले में आगमी 15 अगस्त को गरिमामय और हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसके पूर्व डॉ. शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एकलव्य खेल परिसर में अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। गौरतलब है कि स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को स्थानीय डॉ शोभाराम देवांगन स्कूल परिसर में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय मुख्य समारोह में कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर बतौर मुख्य अतिथि ध्वजारोहण करेंगे। गरिमामय समारोह की तैयारी के तहत कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में आज पूर्वाभ्यास के दौरान मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुसार बतौर मुख्य अतिथि सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव का मंच पर आगमनए परेड निरीक्षण, ध्वजारोहण का अभ्यास, मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, प्लाटूनों द्वारा मार्च पास्ट, हर्ष फायर, प्लाटून कमांडरों से परिचय, पुरस्कार वितरण, फोटो सेशन सहित संपूर्ण आयोजन का पूर्वाभ्यास किया गया।



# पानी दिलाने पूर्व विधायक अमितेश और गोरेलाल सहित कांग्रेसियों ने घेरा नगर पंचायत

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कोपरा को नगर पंचायत का दर्जा मिले महीनो बीत गया लेकिन यहां के रहवासियों को मूलभुत सुविधा नही मिल पा रहा है, जिसे लेकर पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल एवं गोरेलाल सिन्हा के नेतृत्व में सैकडो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत का घेराव करते व्यवस्था को दुरुस्त करने की चेतावनी दिया है, अन्यथा आगामी दिनों में उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होने की बात भी कही गई हैं। कांग्रेसियों की प्रमुख मांग मे रहवासियों को शुद्ध पेयजल देने की मांग है क्योंकि पानी नही मिलने के साथ कुछ वार्ड में पुराने जंग लगे टंकी से पानी सप्लाई किया जा रहा। जिसके चलते कई ग्रामीण बीमारी का शिकार भी हो रहे हैं, इसके अलावा चौक चौराहा पर जमावड़ आवारा पशुओं से निजाद और गली नाली की सफाई पूर्व मे आंबटन पीएम आवास ना देते नवीन सूची अनुसार आवेदन मंगवाया जा रहा है। जिसके कारण कई भूमिहीन हितग्राहियों को पट्टा के आभाव में वंचित होना पड़ रहा है। अधूरे कामों को पूरा करने जैसे 10 मांग को लेकर ज्ञापन सौपा है। घेराव से पहले कांग्रेसियों द्वारा सभा किया गया, जिसमें सरकार को जमकर कोसते हुए जोरदार नारेबाजी किया गया सभा में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भावसिंह साहु ओंकार सिंह बेदूराम योगेश साहु संध्या ठाकुर सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### *जाति निवास के लिए बच्चें पालक परेशान गोरेलाल*

कांग्रेस नेता गोरेलाल सिन्हा ने नगर पंचायत के जिम्मेदारों पर आरोपों की झड़ी लगाते कहा की जब से कोपरा को नगर पंचायत का दर्जा मिला है तब से हालात बद से बदतर हो रही है बच्चो के जाति निवास प्रमाण पत्र के लिए लुट खसोट किया जा रहा है जिसके कारण बच्चो का आय जाति निवास प्रमाण पत्र नही बन पा रहा है इसके अलावा नगर के हजारों रहवासी पिछले डेढ़ माह से पानी की बूंद बूंद के लिए तरस रहे हैं साथ गरीब हितग्राहियों से आवास के लिए पट्टा की मांग कर रहे हैं। मनरेगा में किए काम का अभी तक मजदूरी नही मिला है ऐसे तमाम समस्या को लेकर अधिकारी को अवगत कराया गया लेकिन निराकरण नही हो पाया। अधिकारी रहवासियों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की जगह आंख मूंदे बैठे हैं, इसलिए नगर पंचायत घेराव का मार्ग अख्तियार करना पडा और नगर पंचायत के जिम्मेदारों का यही रवैया रहा तो आगामी दिनों में उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दिया है।

### कांग्रेसियों और पुलिस के बीच झूमा झटकी

महीनों से पानी आय जाति निवास प्रमाण पत्र जैसे अन्य समस्या को झेल रहे रहवासी एवं कांग्रेसियों की आक्रोश को पुलिस ने पहले ही भांप लिया था, तभी सभा स्थल से नगर पंचायत में काफी संख्या में पुलिस जवानों की तैनाती किया रहा। पुलिस भी मुस्तैदी के साथ आंदोलनकारियों को नगर पंचायत से पहले रोकने में कामयाब रही हालांकि रहवासियों और कांग्रेसियों मे आक्रोश इतना रहा कि घेराव के दौरान पुलिस से अच्छी खासी झूमा झटकी देखने को मिला। घेराव की कमान संभालें गोरेलाल सिन्हा भी पुलिस के द्वारा लगाए बेरिगेड्स पर चढ़कर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए जमकर नारेबाजी किया। इस बीच पुलिस और कांग्रेसियों मे मामूली झड़प भी देखने को मिला।

# ब्राम्हण पारा वार्ड की तिरंगा यात्रा में पहुंची पूर्व विधायक रंजना साहू

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, जिसमें तिरंगा यात्रा भी एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। मंगलवार को ब्राम्हणपारा वार्डवासियों ने तिरंगा यात्रा निकाली जिसमें धमतरी की पूर्व विधायक रंजना साहू शामिल हुईं। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को लेकर निकली साहू ने कार्यकर्ताओं संग भारत माता की जय के नारे लगाए, इस अवसर पर पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा पीएम मोदी का हर घर तिरंगा अभियान पिछले दो सालों में एक राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में विकसित हुआ है, जिसने देशभर में हर भारतीय में बुनियादी एकता की भावना को जागृत किया है, और भाजपा के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का हृदय से अभिनंदन करती हूं जिन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प के साथ जुड़ते हुए भारत के इस राष्ट्रीय प्रतीक तिरंगा को हर घर तक पहुंचाने के संकल्प में सहभागी बन रहे हैं। हम सभी राष्ट्र की एकता और अखंडता का संदेश लेकर लोगों को इस यात्रा के साथ जोडेंगे।

## हाथों में तिरंगा, होंठों पर गंगा की भावना को लेकर आमापारा घर-घर पहुंचे पार्षद विजय मोटवानी

**धमतरी।** स्वतंत्रता दिवस से पूर्व आम जनमानस में राष्ट्रभक्ति एवं देश प्रेम की अलख जगाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आह्वान किया जाने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता घर.घर पहुंचकर राष्ट्रध्वज तिरंगा फहरा रहे हैं। इसी भावना को आगे बढ़ते हुए आमापारा वार्ड के पार्षद विजय मोटवानी ने वार्ड वासियों तथा आम नागरिकों के साथ हाथों में तिरंगा होठों में गंगा का नारा लगाते हुए भारत माता की जय घोष के साथ घर-घर पहुंचकर स्वयं तिरंगा फहराते हुए दूसरों को फहराने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मां भारती को पूरे विश्व में परम वैभव के शिखर पर पहुंचने के लिए प्रत्येक देशवासियों का राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना अति आवश्यक है और यह भावना जागृत करने के लिए पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का सबसे महत्वपूर्ण बात सशक्त माध्यम हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा है जिसे आन बान शान के साथ ऊंचा रखने के लिए प्रत्येक जनमानस आगे आकर इसकी रक्षा का संकल्प लें।



# स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर दिया जोर

## कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर की अध्यक्षता में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक हुई, जिसमें कलेक्टर ने सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों के तहत जिले में संचालित कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की और जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए विशेष तौर पर जोर दिया। उन्होंने जिले में संस्थागत प्रसव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र पदबेड़ा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बांदे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर में आवश्यक सुविधाएं, उपकरण एवं जरूरी संसाधन मुहैया कराने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए गए। कलेक्टर ने बैठक में विभाग के अधिकारियों एवं चिकित्सकों को निर्धारित मुख्यालय में अनिवार्य रूप से रहकर विभागीय दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए, साथ ही मुख्यालय से गायब रहने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को नोटिस जारी कर उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के लिए भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता वाली सेवा है तथा जनसामान्य को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में किसी प्रकार कोताही बरती जाती है तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके अलावा कलेक्टर ने ऐसे उप स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, जहां आगामी छह महीनों में उपलब्धि कम है, वहां संस्थागत प्रसव में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु सुविधाओं एवं संसाधन के लिए बजट की आवश्यकता के लिए मांग पत्र भेजने के निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने बैठक में बताया कि कांकेर जिला आयुष्मान कार्ड पंजीयन में 92.32 प्रतिशत के साथ राज्य में प्रथम स्थान पर है। इसी प्रकार जिले ने बच्चों के टीकाकरण में 100 प्रतिशत, क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत टीबी नोटिफिकेशन दर में 118 प्रतिशत और गैर संक्रामक रोग में उच्च रक्तचाप के स्क्रीनिंग में 151 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने बताया कि जिले में लक्ष्य से अधिक 140 प्रतिशत लोगों की मलेरिया जांच की गई है। मलेरिया की रोकथाम हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार सर्वे एवं निगरानी के कारण स्थिति नियंत्रण में है। इसी तरह जिले में डायरिया के प्रकरण नियंत्रण में है और जिले में किसी भी प्रकार की महामारी की स्थिति नहीं हुई है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला कुष्ठ अधिकारी सहित सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों के प्रभारी अधिकारी, जिला सलाहकार, बीएमओ, बीपीएम और बीईटीओ उपस्थित थे।

# नशामुक्ति रैली सह तिरंगा यात्रा का आयोजन कुकाड़ गारकापाल में हुआ

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





नशीली पदार्थों की मांग में कमी के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा 'नशामुक्त भारत अभियान' ( NMBA ) के तहत 12 अगस्त 2024 को मादक पदार्थों के खिलाफ देशव्यापी सामूहिक प्रतिज्ञा के अवसर पर शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला कुकाड़गारकापाल, संकुल बाखरा, विकासखंड कोंडागांव जिला कोंडागांव में नशामुक्ति रैली एवम 'हर घर तिरंगा (09 से 15 अगस्त)' के निर्धारित शेड्यूल अनुसार विद्यालय स्तर पर तिरंगा यात्रा एवं तिरंगा कंसर्टस का आयोजन किया गया।जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन में तिरंगा साथ में लेकर और नशामुक्ति से संबंधित नारे,बैनर पोस्टर तैयार कर शालाग्राम में शाला में पदस्थ शिक्षकों अध्ययनरत बच्चों एवं शाला प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा बसाहट क्षेत्र में रैली निकाला गया था, जिसमें ग्रामीणजनों को नशामुक्ति के लिए प्रेरित करने संबधी नारे की गुंज शालाग्राम में गूंजने लगी। माध्यमिक शाला के प्रधान अध्यापक शंकरलाल बोध ने सभी बच्चों को नशा एवं धूम्रपान से होने वाले व्यक्तिगत एवं परिवार में स्वास्थ्यजनक दुष्प्रभाव एवं नुकसान के बारे में जानकारी दी। तिरंगा कंसर्टस के तहत विद्यालय स्तर पर देशभक्ति गायन एवं देशभक्ति सामूहिक नृत्य का आयोजन किया गया। इस रैली एवं कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के सभी शिक्षक, अध्ययनरत बच्चे एवं एसएमसी के सदस्य उपस्थित थे।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में 'उन्नत किस्में, खुशहाल किसान' कार्यक्रम का आयोजन



पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के 109 फसलों के किस्मों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के किसानों को समर्पित किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर में 11 अगस्त को कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. बीरबल साहू वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर द्वारा कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिले के 45 कृषक सम्मिलित हुए, जिन्हें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा विमोचित की गई विभिन्न फसलों एवं बागवानी फसलों के किस्मों की जानकारी प्रदान की गई।

## सिंगल विण्डो लॉगिन सिस्टम वर्जन 2.0 प्रशिक्षण संपन्न

**कांकेर।** जिले के उद्योगपतियों को विभागीय सिंगल विण्डो लॉगिन सिस्टम वर्जन 2.0 के संबंध में जिला व्यापार एंव उद्योग विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। जिला व्यापार एंव उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक ने सिंगल विण्डो के माध्यम से उद्योगों को 16 विभागों से मिलने वाली 90 सेवाओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रेणु ध्रुव सहायक प्रबंधक जिला व्यापार एंव उद्योग केन्द्र द्वारा प्रेजेन्टेशन के माध्यम से वर्जन 2.0 की विस्तृत जानकारी दी गई। महाप्रबंधक द्वारा उद्योगपतियों को नवीन सिंगल विण्डों सिस्टम 2.0 का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यशाला में चेम्बर ऑफ कॉमर्स और विभिन्न उद्योग एसोसिएशन के सदस्य और उद्योगपति शामिल हुए।

# महाविद्यालय में सफल हुआ हाथी दिवस, राष्ट्रीय युवा दिवस एवं नशा मुक्त युवा कार्यक्रम जैसे विविध कार्यक्रम





पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय गुंडाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना जिला कोंडागांव के जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे, महाविद्यालय में संचालित रासेयो इकाई के कार्यक्रम अधिकारी समलेश पोटाई, जीवविज्ञान के प्राध्यापक शोभाराम यादव जी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था; हाथी दिवस, अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस,नशामुक्त भारत कार्यक्रम। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह के अंतर्गत एड्स एवं एच आई वी की पूर्ण जानकारी प्रदान की गई और इसके संरक्षण पर भी चर्चा किया गया। युवाओं को एड्स से कैसे बचा जा सकता है इस विषय पर पूर्ण जानकारी प्रदान किया गया। तत्पश्चात हाथी दिवस कार्यक्रम का शुरुवात हाथी पर आधारित एक टेली फिल्म के साथ किया गया व उनके सुरक्षा में कैसे हम महत्वपूर्ण योगदान दे सकते है इस विषय में पूर्ण जानकारी प्रदान किया गया । महाविद्यालय के रासेयो के वरिष्ठ स्वयंसेवक मुकेश पोयम, देवेश शोरी, देवेंद्र कुमार सेठिया, प्रियंका शोरी, द्रोणा प्रसाद, वंदना सारवा, रायतु कश्यप, मनेश कुमार यादव, सूर्यप्रकाश साहू, ओमप्रकाश यादव,भावेश पोयाम, मुकेश कुमार पोयाम, डोली ठाकुर, नवल, अंजू पटेल, अंजू बॉस एवं अन्य स्वयंसेवक साथी के उपस्तिथि के साथ महाविद्यालय के छात्र - छात्राओं के सहयोग के साथ नशा मुक्त युवा रैली का आयोजन कर लोगो को जागरूक करने का अथक प्रयास किया गया।

# स्वाईन फ्लू से बचाव के लिए जिले के नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य के कुछ जिले में स्वाईन फ्लू के प्रकरण को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने जिले में स्वाईन फ्लू से बचाव व रोकथाम हेतु नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि स्वाईन फ्लू वायरस स्ट्रेन के कारण होता है, जो सुअरों में पाया जाता है व सुअरों से मनुष्यों में फैलता है तथा संक्रमित व्यक्ति से अन्य सामान्य व्यक्तियों में फैलता है। बीमारी के लक्षणों में बुखार, खांसी, गले में खराश, ठंड लगना, कमजोरी और शरीर में दर्द शामिल है व कुछ लोगों में उल्टी एवं दस्त भी हो सकता है। कुछ मामलों में बच्चों को सांस की तकलीफ, निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) और चिड़चिड़ापन महसूस हो सकता है। 05 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और 65 वर्ष से अधिक उम्र वाले लोग एवं जिन्हें पूर्व से किसी भी प्रकार के रोग जैसे अस्थमा, डायबिटीज, किडनी रोग, हृदय रोग इत्यादि है, उन्हें संक्रमण का अधिक खतरा रहता है। उन्होंने बताया कि स्वाईन फ्लू से बचाव हेतु खांसते व छिंकते समय मुंह और नाक को ढंक लें, बार-बार साबुन अथवा हैण्डवास से अपना हाथ धोएं, भीड़-भाड़ वाले स्थानों में जाने से पूर्व मास्क का इस्तेमाल करें, आंख, नाक और मुंह को बार-बार छूने से बचें और सार्वजनिक स्थानों पर न थूकें, लोगों से गले एवं हाथ मिलाने से बचें। बिना डॉक्टर के सलाह के किसी भी प्रकार के दवाईयों का सेवन न करें, अधिक पानी का सेवन करें और पोषण युक्त भोजन लें। स्वाईन फ्लू के लक्षण होने पर तत्काल अपने निकटतम शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में जाकर उपचार कराएं।

# जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए किया गया अंतिम अभ्यास



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव में स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय समारोह के गरिमापूर्ण आयोजन के लिए आज अंतिम अभ्यास सम्पूर्ण परिधान के साथ किया गया। विकास नगर स्टेडियम में आज आयोजित अंतिम अभ्यास में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के साथ परेड का निरीक्षण किया। यहां 11 प्लाटूनों ने आकर्षक मार्च पास्ट किया। इसके साथ ही पीटी और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। समारोह के सुव्यवस्थित आयोजन हेतु कलेक्टर दुदावत ने आवश्यक तैयारियों के लिए अधिकारियों को मार्गदर्शन दिया।

# भाजयुमो हर परिस्थितियों में पत्रकारों के साथ खड़ी है: दीपिका

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com



सुकमा जिले के कोंटा थाने क्षेत्र में पत्रकारों को फर्जी तरीके से गांजा तस्करी मामले में फसाये जाने को लेकर सुकमा जिले की आदिवासी नेत्री अधिवक्ता दीपिका शोरी ने अपना बयान जारी कर कहा है की छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार व प्रदेश के ग्रहमंत्री विजय शर्मा पत्रकारों के प्रति बहुत ही न्याय प्रिय एवं संवेदनशील हैं जिस प्रकार से कोंटा थाना प्रभारी की साजिस कर पत्रकारों को फंसाने को फंसाने की खबरें आ रही हैं यदि पत्रकार निर्दोष हैं तो अवश्य ही हमारे प्रदेश की मुखिया इस दिशा में ठोस कदम उठाएंगे उन्होंने यह भी कहा की मै व्यक्तिगत रूप से भी सभी पत्रकारों से परिचित हूं इसलिए मुझे विश्वास भी है की हमारे पत्रकार भाई पूर्ण रूप से निर्दोष साबित होंगे मैं सुकमा जिले के पत्रकारों से भी कहना चाहती हूं की वो अपना जिलास्तरीय एक प्रतिनिधि मंडल नियुक्त करें जिन्हें मैं स्वयं प्रदेश के मुखिया एवं ग्रहमंत्री विजय शर्मा से मिलवा कर उन्हें वास्तविक स्थिति से अवगत करवा कर दोषियों के खिलाफ उचित कार्यवाही करने हेतु प्रार्थना करुँगी, मुझे यह पूर्ण रूप से भान है की चाहे कोरोना काल हो या कोंटा सुकमा बाढ़ के दौरान या किसी को नक्सली के चंगुल के बाहर निकालने में कितनी महती भूमिका निभाते हैं हमारे पत्रकार बिना किसी पारिश्रमिक के अपने आप को जोखिम में डालकर बहुत ही विपरीत परिस्थियों में कार्य कर रहे हैं हमारे पत्रकार, राजधानी की पत्रकारिता एवं सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर की पत्रकारिता किन परिस्थितियों में होती है हम सभी अच्छी तरह जानते हैं यदि पत्रकार निर्दोष हैं तो मै व मेरे प्रदेश की पूरी युवामोर्चा की टीम उनके साथ खडे हैं।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया

# मुख्य अतिथि बनीं डिप्टी कलेक्टर ने ध्वजारोहण कर परेड की ली सलामी

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को जिला स्तरीय मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके सफल आयोजन के लिए अंतिम पूर्वाभ्यास आज नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में किया गया, जहां मुख्य अतिथि बनीं डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर उसे सलामी दी। आज सुबह 09 बजे से राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह का अंतिम पूर्वाभ्यास प्रारंभ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि बनी डिप्टी कलेक्टर का मुख्य समारोह स्थल पर आगमन कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर और एसपी इंदिरा कल्याण एलेसेला की मौजूदगी में हुआ। तत्पश्चात मुख्य मंच पर पहुंचकर मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी, इसके साथ ही राष्ट्रगान की धुन का वादन किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा जिप्सी पर सवार होकर परेड ग्राउंड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कलेक्टर क्षीरसागर और एसपी एलेसेला भी उनके साथ मौजूद रहे। इसके बाद जिला पुलिस बल, होमगार्ड के जवान, बस्तर फाइटर्स, फॉरेस्ट गार्ड्स सहित एनसीसी और स्काउट गाइड कैडेट्स की कुल 13 टोलियों के द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट किया गया तथा मुख्य अतिथि बने डिप्टी कलेक्टर ने दल प्रमुखों से परिचय प्राप्त किया। इसके पश्चात स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा पीटी एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस. अहिरवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता दिवस के मुख्य अतिथि होंगे सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिले में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पूरी गरिमामय और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रदेश के जिला मुख्यालयों में ध्वजारोहण हेतु मुख्य अतिथियों की सूची जारी की गई है। जिला मुख्यालय नारायणपुर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेल मैदान में आयोजित मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह होगें। मुख्य अतिथि का कार्यक्रम स्थल पर आगमन प्रातः 08:59 बजे, 09:00 बजे अतिथि द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान, 09:03 से 09:28 बजे तक परेड का निरीक्षण, 09:28 से 09:48 बजे तक मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन कर हर्ष सूचक गुब्बारा छोड़ा जाएगा। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा जिले के शहीद परिवारों का शॉल और श्रीफल से सम्मान कर परेड कमाण्डर एवं अन्य प्लाटून कमाण्डरो के साथ फोटो सेशन होगा। फोटो सेशन पश्चात् स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम दिया जाएगा। मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट IV [ देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना ]

जबकि, अद्योहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001070527305456 & L9001070627293134, मनीष कुमार यादव (ऋणी), श्रीमती भारती बाई यादव (सहऋणी) | 12-अप्रैल-24 ₹ 9,39,546/- नौ लाख उनतालीस हजार पांच सौ छियालीस रूपये मात्र एवं ₹ 13,86,894/-तेरह लाख छियासी हजार आठ सौ चौरानवे रूपये मात्र 12-अप्रैल-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 649/2 एवं नया खसरा नं. 649/3, पीएच नं. 8/9, मौज भाटगांव, तहसील एवं जिला दुर्ग, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 2178 वर्ग फीट, पूर्वः गली, पश्चिमः: विक्रेता का शेष प्लॉट, उत्तरः विक्रेता का शेष प्लॉट, दक्षिणः घास भूमि | 9-अगस्त-24 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती हैं कि अद्योहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया तथा सर्व साधारण को सामान्यतया एतद द्वारा सम्पत्तियों के साथ काई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती हैं। और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।
दिनांकः 13/08/2024 स्थानः छत्तीसगढ प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

# राज्य की बुनियादी शिक्षा को कमजोर करने की साजिश कर निजी स्कूलों को महत्व दे रही है भाजपा सरकार : आलोक चंद्राकर

## युक्ति युक्तिकरण के आड़ में शासकीय स्कूलों को बंद करने की साजिश

पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महासचिव आलोक चंद्राकार ने कहा की इन दिनों राज्य सरकार अजीबो गरीब निर्णय ले कर शिक्षा के स्तर को संकट में डाल रही है युक्ति युक्तिकरण के आड़ में हजारों शासकीय स्कूलों को बंद करने का खेल खेला जा रहा है और शिक्षको को जबरन अतिशेष बनाकर भटकने के लिए मजबूर किया जा रहा है। चंद्राकार ने कहा की एक प्राथमिक शाला जिसमे एक से पांच तक की कक्षाएं संचालित होती है उस शाला के लिए महज दो शिक्षको का सेटअप तैयार करना आखिर सरकार की किस सोच को दर्शाता है क्या एक प्रधान पाठक और एक शिक्षक एक प्राथमिक शाला का संचालन कर सकते है ऐसे तुगलकी फरमान से एक बात तो साफ दिखाई दे रही है की राज्य की बीजेपी सरकार को



गरीबों के बच्चो से कोई सरोकार नहीं है इस सरकार की सोच बच्चो को गुणवक्ता युक्त शिक्षा देने की नही है बल्कि ये स्कूल की जगह सिर्फ दाल भात सेंटर चलाना चाहते है। चंद्राकर ने कहा एक तरफ कांग्रेस की भूपेश सरकार ने शिक्षको की भर्ती और अनेकों स्कूल अपने कार्यकाल में खोले वही दूसरी तरफ बीजेपी की मोदी की गारंटी वाली डबल इंजन की सरकार शासकीय स्कूलों को युक्ति युक्तिकरण के नाम पर बंद कर हजारों शिक्षको को अतिरिक्त शिक्षक बनाकर कर भटकने के लिए मजबूर कर रही है। ये सरकार आखिर कैसी शिक्षा देना चाहती है ये चिंतन का विषय है शिक्षक भर्ती करने के बजाए शिक्षको को अतिशेष बताकर स्कूलों के सेटअप के साथ जबरदस्त बदलाव कर हजारों शिक्षको को अतरिक्त दिखाकर राज्य सरकार प्रदेश के हजारों शिक्षको को मानसिक रूप से परेशान कर के रखी है। चंद्राकार ने कहा की आज जब शिक्षको को बच्चो की पढ़ाई में लगे रहना था परंतु राज्य सरकार प्रदेश के शिक्षको को मानसिक रूप से युक्ति युक्तिकरण के नाम पर परेशान कर बच्चो की पढ़ाई को बाधित कर रही है। चंद्राकार ने कहा की बीजेपी सरकार को गरीबों और उनके बच्चो की शिक्षा से कोई सरोकार नहीं है इस सरकार का उद्देश्य साफ है निजी स्कूलों को बढ़ावा देना इस लिए युक्ति युक्तिकरण के आड़ पर प्रदेश की पूरी शिक्षा व्यवस्था को खोखला करने का प्रयास किया जा रहा है जो कदापि उचित नहीं है। एक तरफ पूर्व की भूपेश सरकार की शिक्षा नीति पर गौर करे तो देखने को मिलता है शिक्षा प्रति समर्पण शिक्षा के स्तर को कैसे ऊंचे मुकाम में ले जाना और इसका साफ उदाहरण प्रदेश में खुले आत्मानंद शासकीय विद्यालय है। दूसरी तरफ बीजेपी सरकार की शिक्षा पर उनकी सोच साफ दिखाई दे रही है की इनको गांव के गरीब के बच्चो की शिक्षा से कोई सरोकार नहीं ये नही चाहते की गरीब का बच्चा पढ़ लिखकर आगे बढ़े इस लिए भाजपा सरकार शिक्षा की बुनियाद को ही कमजोर करना चाहती है बच्चा जब बुनियादी स्तर पर ही कमजोर हो जाएगा तो कैसे आगे की शिक्षा पूरी कर पाएगा। इस लिए स्कूलों में शिक्षक देने के बजाए शिक्षक अतिशेष कर बुनियादी शिक्षा की कमर तोड़ने का प्रयास कर रही है बीजेपी सरकार के इस कृत्य को छत्तीसगढ़ की जनता माफ नहीं करेंगी ।

### गरियाबंद एवं मैनपुर के ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन 15 अगस्त को

**गरियाबंद।** विकासखंड गरियाबंद एवं मैनपुर के सभी ग्राम पंचायतों में 15 अगस्त को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभा में नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम अंतर्गत संचालित संपूर्णता अभियान के निरंतर कार्यान्वयन के लिए गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी। संपूर्णता अभियान के तहत गतिविधियों का मासिक कैलेंडर तैयार किया गया है। इसमें क्रियान्वयन के लिए कार्य योजनाओं पर ग्राम सभा में चर्चा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि गरियाबंद और मैनपुर विकासखंड में संपूर्णता अभियान का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आकांक्षी ब्लॉक अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में 15 अगस्त 2024 को विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर कृत कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश संबंधित एसडीएम और जनपद पंचायत सीईओ को दिए है।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह का हुआ अंतिम रिहर्सल

## कलेक्टर एवं एसपी ने लिया तैयारियों जायजा

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

स्वतंत्रता दिवस जिले में हर्षोल्लास के साथ गरिमापूर्वक मनाया जाएगा। जिले में आयोजित मुख्य समारोह के लिए बलौदाबाजार शहर के पं.चक्रपाणि हाई स्कूल मैदान में सुबह 9 बजे अंतिम रिहर्सल किया गया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंडे ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस विजय अग्रवाल ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का जायजा लिया और आवश्य दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने विशेष रूप से लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कहा कि जिले में लगातार बारिश हो रही है उस हिसाब से बैठक सहित अन्य व्यवस्था के समुचित तैयारी के निर्देश दिए है। इसके साथ ही स्वतंत्रता दिवस के पूर्व संध्या पर सभी शासकीय कार्यालयों में लाइटिंग की व्यवस्था एवं सभी



महत्वपूर्ण प्रतिमाओं, स्मारक स्थलों का साफ सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। एसपी अग्रवाल ने शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित रखने के लिए रुट चार्ट तैयार कर जगह-जगह ट्रैफिक पुलिस की तैनाती तय करने के आदेश जारी किए हैं। सुरक्षा व्यवस्था चुस्त करते हुए अतिरिक्त बल की तैनाती की है। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में पुलिस एवं नगर सैनिक के द्वारा मार्चपास्ट किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त एनसीसी, स्काउट, गाईड रेडक्रास के बच्चे भी शामिल होंगे। साथ ही विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मलडीखंभ का भी आयोजन किया जायेगा. इस अवसर पर अपर कलेक्टर दिप्ती गौते, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, एडिशनल एसपी अभिषेक सिंह, एसडीओपी निधि नाग, एसडीएम अमित गुप्ता सहित विभिन्न विभागों एवं पुलिस प्रशासन विभाग के अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# महाविधालय में विश्व हाथी दिवस और नशामुक्त भारत अभियान पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन



पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य पी के भोई के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना तथा प्राणी शास्त्र के संयुक्त तत्वाधान में विश्व हाथी दिवस एवं नशा मुक्त भारत अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य पी के भोई ने युवाओं को नशा से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में बताया गया तथा महाविद्यालय के अधिकारियों कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति का शपथ दिलाई गई। नशा मुक्त भारत अभियान से विकसित भारत का मंत्र को साकार करने के लिए युवाओं को नशे से दूर होना चाहिए, इसमें महाविद्यालय के स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। सभी लोगों को धूम्रपान एवं अन्य नशीली पदार्थ का सेवन न करने के लिए समाज में जागरूकता लाने के लिए प्रेरित किया गया। नशा से होने वाली बीमारी नशे के दुष्प्रभाव और किस प्रकार नशा से मुक्त हो सकते हैं की जानकारी दी गई। इसके पश्चात प्राणी शास्त्र के विभागाध्यक्ष के एस पटेल ने विश्व हाथी दिवस के उपलक्ष्य में हाथियों के इतिहास के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई उन्होंने हाथियों का संरक्षण एवं उनकी सुरक्षा पर जोर दिया। हाथी हमारे देश की विरासत है और इसको सुरक्षित रखना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।वर्तमान समय में वनों की अंधाधुंध कटाई के फ्लस्वरूप हाथियों के रहने के लिए जगह उपलब्ध न होने के कारण स्थलीय भागों में हाथियों का आना-जाना लगा रहता है जिसे जान माल की हानि होती है। हाथियों के द्वारा खेतों में उत्पात भी मचाई जाती है, हाथियों के संपर्क में आने के कारण कई लोगों को अपना जान भी गंवाना पड़ता है। अतः संरक्षण और बचाव के माध्यम से ही हाथियों से सुरक्षित रहा जा सकता है। वर्तमान समय में हाथियों से सामना करने वाले खतरों के प्रति लोगों में जागरूकता के माध्यम से बचा जा सकता है।इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों यू के बरिहा, छात्र संघ प्रभारी डॉ. संध्या भोई, प्राची गुप्ता डॉ. चंद्रिका चौधरी, हेमलता पटेल, डॉ. राधेश्याम पटेल ,मेघनाथ सिदार सहित महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लम्बर में छात्र संघ शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

दुर्गा उच्च. माध्य. विद्यालय लम्बर में छात्र संघ का गठन किया गया, जिसमे क्रमशः कु. मनीषा साहू शाला नायक, कु. ललिका वास उपशालानायक, कु. शशि बरिहा विज्ञान सचिव, दिनेश निषाद क्रीड़ा सचिव, कु. रितु पटेल सांस्कृतिक सचिव, चंद्रशेखर साहू रेडक्रास सचिव, प्रशांत कुमार साहू स्काउट सचिव, कृष्णकुमार पटेल पर्यावरण एवं स्वछता सचिव, कु. विद्या साहू छात्रा प्रीतिनिधि, एवं करन दास मानिकपुरी हस्स दल नायक, कु. हेमलता यादव हस्स दल नायिका बनाई गई ! कक्षा नायकों में क्रमशः कु.रोशनी साहू नवमी, कु. रश्मि साहू दसवीं, हेमकुमार साहू 11वीं कला, मनिष दास 11वीं विज्ञान, कु. अंजू चौहान 12वीं कला एवं कु. गायत्री साहू को 12वीं विज्ञान का कक्षा नायक बनाया गया। संस्था के प्राचार्य जी. पी. पटेल ने सभी पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा व्याख्याता आर. के.पटेल ने सभी पदाधिकारियों को उनके कर्तव्य और विद्यालय के प्रति उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक गण जे. के. जायसवाल, बी. एल. साहू, एम. डी. मानिकपुरी, टी. आर. जायसवाल, एल. के. साहू, सी. आर. जायसवाल, एल. एस. सिदार, ए. के. चन्द्रा, एफ एस. बरिहा, खिरोद्र सिदार तथा विद्यालय के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थे !

### स्वतंत्रता दौड़ का होगा आयोजन 14 अगस्त को, कलेक्टर ने दौड़ में शामिल होने की अपील

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

प्रतिवर्ष अनुसार खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में 14 अगस्त को स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन पंडित चक्रपाणि विद्यालय परिसर खेल मैदान में सुबह 7 बजे से किया जाना है। स्वतंत्रता दौड़ पं.चक्रपाणी स्कूल खेल मैदान से प्रारंभ होकर गौरव पथ रोड से यातायात कार्यालय के बगल रोड होकर बस स्टैण्ड, गार्डन चौक, तहसील कार्यालय रोड से पं.चक्रपाणी स्कूल खेल मैदान में समापन किया जायेगा। उक्त दौड़ में जिला मुख्यालय के स्कूल, कॉलेज के छा्त्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि,वरिष्ठ नारिक,आम जनता एवं अधिकारी कर्मचारी 14 अगस्त को सुबह 7 बजे निर्धारित स्थान पर अधिक से अधिक संख्या में भाग ले सकते है। कलेक्टर दीपक सोनी ने भी अपील जारी कर समस्त जिले वासियों से दौड़ में शामिल होने का आग्रह किया है।

### स्वतंत्रता दौड़ का होगा आयोजन आज कलेक्टर ने दौड़ में शामिल होने की अपील



पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

प्रतिवर्ष अनुसार खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में आज बुधवार को स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन पंडित चक्रपाणि विद्यालय परिसर खेल मैदान में सुबह 7 बजे से किया जाना है। स्वतंत्रता दौड़ पं.चक्रपाणी स्कूल खेल मैदान से प्रारंभ होकर गौरव पथ रोड से यातायात कार्यालय के बगल रोड होकर बस स्टैण्ड, गार्डन चौक, तहसील कार्यालय रोड से पं.चक्रपाणी स्कूल खेल मैदान में समापन किया जायेगा। उक्त दौड़ में जिला मुख्यालय के स्कूल, कॉलेज के छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक, आम जनता एवं अधिकारी कर्मचारी 14 अगस्त को सुबह 7 बजे निर्धारित स्थान पर अधिक से अधिक संख्या में भाग ले सकते है। कलेक्टर दीपक सोनी ने भी अपील जारी कर समस्त जिले वासियों से दौड़ में शामिल होने का आग्रह किया है।

### हत्या करने वाले दो अपचारी बालक सहित 10 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ‹ लवन
www.dailypioneer.com

सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के ग्राम कटुवाझर में लाठी डंडे, पत्थर आदि से पीट-पीट कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई है। कि सूचना पर थाना कसडोल से निरीक्षक रितेश मिश्रा, उप निरीक्षक एस.आर. नायक, प्रधान आरक्षक द्वारिका रात्रे, आरक्षक शिवकुमार लहरी, राजकुमार ध्रुव एवं आरक्षक सुखनंदन खूंटे का पुलिस बल तत्काल घटना स्थल ग्राम कटुवाझर पहुंचा, जहां पर ग्राम के ही मृतक जयनारायण उम्र 42 वर्ष की लाठी डंडे, पत्थर आदि से पीट कर हत्या कर दी गई थी। कि रिपोर्ट पर युवक की हत्या करने वाले आरोपियों के विरुद्ध थाना कसडोल में अपराध धारा 191(2), 191(3), 103(1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में घटनास्थल में मिले परिस्थितिजन्य साक्ष्य, ग्रामीणों से पूछताछ के आधार पर युवक की हत्या करने वाले ग्राम के ही 10 आरोपियों, जिसमें 02 अपचारी बालक भी शामिल थे, हिरासत में लिया गया। आरोपियों से पूछताछ पर, उनके द्वारा हत्या की घटना कारित करना स्वीकारते हुए बताया गया कि 09.08.2024 को रात्रि लगभग 08:00 बजे गांव के आमगली में ही पुरानी रंजिश एवं वाद विवाद की बात को लेकर मृतक जय नारायण को गाली-गलौज करते हुए आरोपी शिवनाथ, मिलाराम एवं अन्य लोगों द्वारा एक राय होकर लाठी, डंडा, पत्थर से पीटते हुए मृतक जयनारायण की हत्याकर दिया गया। कि प्रकरण में सभी आरोपियों को 10.08.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल एवं बाल संप्रेषण गृह भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम शिवनाथ उम्र 40 वर्ष,उत्तरा बाई उम्र 37 वर्ष, मिलाराम उम्र 34 वर्ष, धनीराम उम्र 34 वर्ष, रामलाल उम्र 40 वर्ष,रवि शंकर उम्र 19 वर्ष, रामनारायण उर्फ नारायण उम्र 34 वर्ष, ऋषि कुमार उम्र 45 वर्ष, अपचारी बालक, सभी निवासी ग्राम कटुवाझर थाना कसडोल।

# नपा अध्यक्ष राशि का कर्मचारियों के लंबित मांगो का पूर्ण समर्थन

पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त कर्मचारी अधिकारी संघो की विभिन्न मांगों को पूर्ण समर्थन नपा अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने करते हुए..माँगो को मंजूरी देने की मांग मुख्यमंत्री छत्तीस प्रदेश से की है। नपा अध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने बताया कि राज्य के समस्त कर्मचारी संघो द्वारा..केंद्र



कर्मचारियों के समान जनवरी 2024 से ..4? महंगाई भत्ते की मांग ,जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ता के एरियर्स राशि का समायोजन जी पी एफ (भविष्य निधि खाता) में समायोजन ,केंद्र के कर्मचारियों के समान गृह भत्ता व साथ ही सत्तारूढ़ भाजपा के घोषणा पत्र में उल्लेखित मध्यप्रदेश सरकार के शासकीय सेवको को अर्जित अवकाश नकदीकरण 240 दिनों के स्थान पर 300 दिन करने के वादे को लागू करने की मांग को मंजूर करने की मांग की है । महिलांग ने कहा कि कर्मचारी प्रदेश विकास की कड़ी एक प्रमुख भूमिका अदा करते है अतः उनके हितों को अविलंब मंजूर किया जाना चाहिए ।समर्थन पत्र सौपे जाने पर कर्मचारी संघ के दिलीप चंद्राकर सीताराम चेलक,करण यादव , नौशाद बख्श ,नीतू प्रधान सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद थे ।

## अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर कॉलेज में विविध प्रतियोगिता का आयोजन



पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

स्व.राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य पी के भोई के मार्गदर्शन एवं रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी यू के बरिहा के निर्देशन में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया रेड रिबन क्लब के प्रभारी यु के बरिहा ने एड्स संबंधी जागरूकता एवं बचाव के उपाय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई तथा इसके रोकथाम के लिए जन जागरूकता अभियान चलाए जाने पर ज़ोर दिया गया ।इसके पश्चात एड्स से बचाव से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीपक भोई एवं द्वितीय स्थान पर भूधर चौहान, पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मनीषा स्वाई एवं द्वितीय स्थान पर ज्योति चौधरी तथा भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गायत्री मिश्रा एवं द्वितीय स्थान पर मनीषा स्वाई रहे इस कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता के प्रभारी नरेश कुमार जगत निबंध लेखन प्रतियोगिता के प्रभारी अनिल तांडी,भाषण प्रतियोगिता के प्रतिभागी सत्य प्रकाश खडबंदे एवं डॉ. झरना साव थे। इस विविध प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में अपनी सहभागिता प्रदान की।

## सरखोर दशगात्र कार्यक्रम में शामिल हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज एवं विधायक संदीप साहू



पायनियर संवाददाता ‹ लवन
www.dailypioneer.com

लवन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरखोर में शनिवार को स्व.बिसराम कुर्रे के दशगात्र कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज एवं क्षेत्र के विधायक संदीप साहू शामिल हुए इस दौरान स्व. कुर्रे के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं परिजनों से मुलाकात कर कुर्रे के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया एवं शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की इस आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मृत आत्मा की शांति के लिए मौन धारण कर जन प्रतिनिधियों, विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों द्वारा विनम्र श्रद्धांजलि दी गई सभी ने मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की श्रद्धांजलि सभा में परिवार जन गीताराम कुर्रे,राकेश कुर्रे एवं कांग्रेस जिला प्रभारी अशोक आहूजा, जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, रोहित साहू, देवीलाल बार्वे, दयाराम वर्मा, अमर मिश्रा, रामचंद पटेल, योगेश बंजारे, बीरेंद्र बहादुर कुर्रे, चंदन साहू, बसंत श्रीवास,,कमल पटेल, रमेश वैष्णव, नीलकमल आजाद उपस्थित रहे।

## 31 फीट की नगर में निकली विशाल कांवड़ यात्रा, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत



पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरसीवा रोड कांवरिया संघ के द्वारा 31 फीट की विशाल कांवड़ एवं शिवजी की विशाल झांकी लगभग 1500 नारियलों से बनी 15 फीट ऊंची शिवलिंग बनाई गई एवं शिव भक्ति के साथ-साथ राष्ट्रभक्त को चरितार्थ करते हुए कांवर में 30 फीट लंबा तिरंगा बनाया गया यह कांवड़ यात्रा बगाईजोर, बालसी, पतेरापाली सरायपाली होते हुए धर्मशाला रोड शिव मंदिर में अभिषेक किया गया इन कांवरियों में भारी उत्साह देखने को मिला । नगर वासियों द्वारा सभी कांवरियों का जगह-जगह स्वागत सत्कार एवं जलपान फल वितरण किया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा है पुलिस प्रशासन भी व्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# अवैध महुआ शराब बनाने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ लवन
www.dailypioneer.com

मुखबिर से सूचना मिली कि टुण्डरा पत्थरी सबरिया डेरा में आसपास के क्षेत्र में सप्लाई करने के लिए एक शराब कोचिया द्वारा भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बनाकर डम्प किया गया है। इसके साथ ही अवैध महुआ शराब बनाने के लिए महुआ पास (लहान) भी भारी मात्रा में रखा गया है, जिसका उपयोग



आगे चलकर महुआ शराब बनाने में किया जाएगा। कि सूचना पर आज दिनांक 10.08.2024 को निरीक्षक के.सी.दास, प्रधान आरक्षक पीलाराम, नरेश खूंटे, आरक्षक सुजीत तंबोली, रामलाल, मिलन साहू, विजय मिलन एवं महिला आरक्षक उर्मिला एक्का की पुलिस टीम द्वारा सुनियोजित योजना बनाकर पत्थरी सबरिया डेरा में छापा मारा गया। इस दौरान मौके पर अवैध महुआ शराब के सांथ आरोपी फूलबाई उर्फ करेहीन उम्र 46 साल निवासी पत्थरी सबरिया डेरा टुण्डरा थाना गिधौरी को पकडा गया है। आरोपिया से 21,000 कीमत मूल्य का 105 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा भारी मात्रा में महुआ शराब पकड़े जाने के डर तथा उसे छुपा कर कहीं रखे होने के अंदेशा पर संपूर्ण स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया, जिसमें महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल लगभग 1,05,000 कीमत मूल्य का 15 क्विंटल महुआ पास (लहान) भी बरामद किया गया, जिसे पुलिस टीम द्वारा मौके पर ही नष्ट किया गया है। कि प्रकरण में पकडे गए आरोपी फूलबाई के विरुद्ध थाना गिधौरी में अपराध क्र. 160/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर, आरोपिया को विधिवत गिरफ्तार कर, माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए, जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### जिले में आज होगा स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन

**गरियाबंद।** जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गरियाबंद जिले में आज बुधवार को स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दौड़ सुबह सात बजे गरियाबंद के पुलिस परेड ग्राउण्ड गरियाबंद से प्रारंभ होगी। मेन रोड में जिला कार्यालय परिसर रोड (देवभोग रोड) तरफसर्किट हाउस होते हुए लगभग 1.5 किमी तक आगे जाकर वापस पुलिस परेड ग्राउंड में समाप्त होगी। इस दौड़ में जिले के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, मीडिया प्रतिनिधि, जिला अधिकारी, स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राएं, खेल समूह के पदाधिकारी, खिलाड़ीगण आदि शामिल हो सकते हैं। स्वतंत्रता दौड़ में शामिल सभी लोगों से सहिष्णुता एवं देशभक्ति का परिचय देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग देने की अपील की गई है।

# किस भाजपा नेता के इशारे पर रामानुजगंज नगर पंचायत जनता को कर रही परेशान

## क्या स्वतंत्रता दिवस पर भीं सड़क रहेगा जाम, ऐसे में हर घर तिरंगा अभियान कैसे होगा सफल



पायनियर संवाददाता ◂ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 4 में बरसात पूर्व नाली न साफ कराने के कारण भारी बरसात में आम जनता को उस मार्ग से होकर गुजरने में जान माल का खतरा बना हुआ है बावजूद इसके प्रशासनिक तंत्र के द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है व्ही सड़क पर बिखरे हुए गिट्टी बालू एवं मिट्टी को हटवा कर आम जनता को राहत दिलाने में नाकाम सबित हो रहे हैं जन चर्चा तो यह है कि आखिरकार किस भाजपा नेता के इशारे पर रामानुजगंज की जनता को परेशान करने का बीड़ा नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी एवं परिषद के लोग उठा रखें हैं? क्या स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भी सड़क जाम रहेगा तो ऐसे में भारतीय जनता पार्टी की हर घर तिरंगा अभियान कैसे सफल होगा। लरंग साय चौक से लगे हुए वार्ड क्रमांक 4 जेल रोड में बरसात पूर्व नगर पंचायत द्वारा नली साफ नहीं कराने के कारण भरी बरसात में नाली जाम हो गया और उस नाली के गंदे पानी लोगों के घरों में घुसने लगे आनन फानन में नगर पंचायत के द्वारा जाम नाली को साफ कराया गया और उसकी व्यवस्था कर दी गई। वहीं दूसरी हो लगभग 1000 फीट में बनी हुई अच्छी खासी नाली को तोड़ ताड़ कर मिट्टी पलीत कर दिया गया और गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है वहीं पूरे सड़कों पर नाली निर्माण करने के लिए गिट्टी एवं बालू रख दिए गए हैं और अब नाली का कार्य भी बंद हैं वहीं सड़क पर खोदे गए गड्ढे की मिट्टी एवं गिट्टी बालू पुरे रोड पर फंसे हुए हैं जिसके कारण आम जनता को उस मार्ग से होकर गुजरने में जान माल का खतरा बना हुआ है। और ऐसी स्थिति में स्थानीय प्रशासन से लेकर नगर पंचायत की मनमानी चरम सीमा को पार कर रही हैं जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है?

### प्रतिदिन लगभग दो हजार छात्र-छात्राएं हो रहे परेशान

सड़क पर पड़े हुए मलबे के कारण प्रतिदिन उस मार्ग से गुजरने वाले शासकीय एवं निजी शैक्षिक संस्थानों में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कन्या प्री मैट्रिक छात्रावास बालक पोस्ट मैट्रिक छात्रावास कन्या पोस्ट मैट्रिक छात्रावास लरंगसाय अग्रणीय महाविद्यालय चाइल्ड एजुकेशन शासकीय प्राथमिक शाला जेलपारा कनहर वैली पब्लिकस्कूल एकलव्य विद्यालय सभी शैक्षणिक संस्थाओं में अध्यनरत लगभग दो हजार छात्राओं को इस मार्ग से होकर गुजरना पड़ता है इसके अलावा शासकीय कार्यालय में वन परिक्षेत्र विभाग जल संसाधन विभाग कृषि विभाग कृषि उपज मंडी विभाग पशु चिकित्सालय विभाग वेयरहाउस गोदाम जिला जेल सहित अन्य विभाग के सैकड़ो अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित रूप से आना जाना करना पड़ता है इसके अलावा आम जनता के अलावा उस मार्ग में रह रहे रह वासियों को भी आवागमन करना पड़ता है विगत दो माह से लोग परेशान हैं लेकिन इस और शासन एवं प्रशासन का कोई ध्यान नहीं ऐसा प्रतीत होता है कि किसी भाजपा नेता के इशारे पर अपनी पुरानी दुश्मनी निकालने के लिए लरंग साय चौक से लगे हुए जेल रोड मार्ग को जानबूझकर जाम करा दिया गया है ?

# चरोदा से देवबलोदा तक गूंजते रहे भोले बाबा के जयकारे

## प्राचीन कुआं चरोदा से देवबलौदा तक कावड़ यात्रा निकली

- महापौर निर्मल कोसरे एवं पूर्व सीएम के पुत्र चैतन्य बघेल ने किया जलाभिषेक

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई
www.dailypioneer.com



सावन माह के चौथे सोमवार को चरोदा से लेकर देवबलोदा तक आस्था का सैलाब देखने मिला। भिलाई-चरोदा निगम महापौरनिर्मल कोसरे के नेतृत्व में निकाली गई कांवड़ यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री के सुपुत्र चैतन्य बघेल भी प्रमुख रूप से इसमें शामिल हुए और कांवर पद यात्रा कर प्राचीन शिव मंदिर में महाअभिषेक व पूजा अर्चना की। नगर निगम भिलाई चरोदा के वार्ड क्रमांक 21 चरोदा बस्ती के प्राचीन कुआं से जल लेकर शिव मंदिर देवबलोदा तक विशाल कावड़ यात्रा निकाली गई। महापौर निर्मल कोसरे के नेतृत्व में आयोजन का यह तीसरा साल रहा। इस वर्ष के कावड़ यात्रा में विशाल शिवलिंग एवं भगवान शंकर की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा। कावड़ यात्रा सुबह 11 बजे चरोदा बस्ती के 100 साल पुराना कुआं में पूजा अर्चना कर जल लेकर शिव मंदिर देवबलोदा के लिए निकली। हजारों की संख्या में महिलाएं, पुरूष एवं बच्चे कांवर लेकर इसमें शामिल हुए। इससे पहले कावड़ यात्रियों का जगह-जगह स्वागत किया गया। चरोदा बस स्टैंड में व्यापारी प्रकोष्ठ के द्वारा, स्टेट बैंक के पास ब्रह्मकुमारी बहनों द्वारा, काली मंदिर के पास, पदुमनगर गेट के पास, सिरसा गेट चौक में मुस्लिम समाज द्वारा, जी केबीन में एवं देवबलोदा पहुंचने पर वहां के नागरिकों द्वारा स्वागत किया गया।

# नि :स्वार्थ स्वच्छता अभियान सराहनीय : महापौर



**रिसाली।** स्वच्छता के लिए जागरूक करने के अलावा स्वयं टीम तैयार कर मैदान में श्रमदान कर लोगों को प्रेरित करना बड़ी बात है। उक्त बाते रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने कही। वे स्वच्छता ही सेवा समिति के 332 सप्ताह के तहत वार्ड 10 लड्डू गणेश मैदान सफाई अभियान में शामिल हुई।महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि संस्था 6 वर्ष से निःस्वार्थ सेवा कर रही है। समाज को सेवा करने प्रोत्साहित कर रही है। यही वजह है कि वो भी इस संस्था से जुड़ी है। महापौर के साथ पार्षद जमुना ठाकुर ने सदस्यों के साथ मिलकर मैदान में ऊगे गाजर घास और खरपतवार को निकालकर सफाई की। कार्यक्रम में पार्षद संजू नेताम, संस्था के संयोजक प्रेमचंद साहू, अशोक सिन्हा, फकीर राम ठाकुर समेत 25 से भी अधिक लोगों ने श्रमदान किया।

# रिसाली की महिलाएं तिरंगा लेकर घरों में दे रही दस्तक, स्कूली बच्चें भी कर रहे पैदल मार्च



पायनियर संवाददाता ◂ रिसाली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रव्यापी तिरंगा अभियान में रिसाली एन.यू.एन.एल.एम. की महिलाएं राष्ट्रीय ध्वज लेकर घर-घर दस्तक दे रही है। वे झंडा देकर 15 अगस्त को घरों पर तिरंगा लगाने की अपील कर रही है। आयुक्त मोनिका वर्मा के मार्गदर्शन में डुण्डेरा मीडिल स्कूल के बच्चों ने भी रैली निकालकर घर-घर तिरंगा लगाने नारे भी लगाएं। स्वतंत्रता दिवस के पहले ही रिसाली निगम क्षेत्र के घरों में तिरंगा लहराने लगा है। पिछले तीन दिनों से आजीविका मिशन रिसाली की सी.आर.पी. महिला सदस्यों को लेकर घरों तक पहुंच रही है। इसके अलावा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय डुण्डेरा के बच्चों ने भी रैली निकाली। रैली में सी.आर.एस. पिंकी सिंह, प्रीति साह और स्टेशन मरोद क्षेत्र में बसंती साहू और रेवती तांडी सिटि मिशन मैनेजर अरूणा धृतलहरे, आइरा आनंद, सहायक परियोजना अधिकारी सुरेश देवांगन, सी.ओ. लता महानंद, कुंजेश्वरी साहू विशेष रूप से उपस्थित थी।

**पार्षद भी कर रहे तिरंगा वितरण-** आयुक्त मोनिका वर्मा ने रिसाली निगम के पार्षदों को भी झंडा वितरण कराया है। मुख्य कार्यालय से वार्ड मेंबर राष्ट्रीय ध्वज लेकर वार्ड के नागरिकों को उपलब्ध करा रहे है।

# विधायक पहुंचे प्रधानमंत्री आवास योजना की लॉटरी पद्धति देखने





पायनियर संवाददाता ◂ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय परिसर में मंगलवार को सुबह 11:00 बजे से आवास आबंटन लॉटरी पद्धति से किया जा रहा था। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन औचक रूप से लॉटरी पद्धति से किये जा रहे आबंटन प्रक्रिया को देखने पहुंचे। हितग्राहियो द्वारा 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा कर चुके थे। वे हितग्राही अपने क्षेत्र के मकान के ड्रा मे शामिल हो रहे थे। एक-एक करके सबका नाम पुकारा जा रहा था, हितग्राही स्वयं आकर अपने हाथो से डब्बे में से पर्ची निकाल रहे थे। जिसके भाग्य में जो मकान की पर्ची निकलती थी, वो उसे प्रदान कर दिया जा रहा था। विधयाक रिकेश सेन ने कहा कि प्रधानमंत्री की बहुत ही महत्वकांक्षी योजना है। हर गरीब को मकान मिले उसके सर पर पक्का छत हो। गरीबो के बारे में निकटता से सोचने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिये। उन्होने कहा रहने के लिए घर, इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड, राशन के लिए राशन कार्ड, बहनो को खर्चा करने के लिए महतारी वंदन योजना, बुर्जुगो के लिए सामाजिक सुरक्षा पेशन योजना, रोजगार करने वालो के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना इत्यादि तमाम प्रकार के जनकल्याणकारी योजनाएँ नागरिको के कल्याण के लिए चलायी जा रही है।

# प्रमुख आकर्षण 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम भिलाई के सभी जोन कार्यालय में ध्वजारोहण सुबह 7:30 बजे जोन के जोन अध्यक्ष, पार्षदगण एवं जोन के सभी अधिकारी/कर्मचारियो की उपस्थिति में किया जायेगा। प्रातः 8:00 बजे मुख्य कार्यालय में महापौर नीरज पाल, एमआईसी सदस्य, पार्षदगण एवं आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव की उपस्थिति में किया जायेगा। तत्पश्चात प्रातः 8:30 बजे महापौर नीरज पाल द्वारा शहीद उद्यान सेक्टर 05 में ध्वजारोहण किया जायेगा। इस अवसर पर नगर निगम भिलाई क्षेत्र को हरा-भरा बनाने के लिए जो भी संस्थाएँ उत्कृष्ठ कार्य कर रही है, उनको भी सम्मानित किया जायेगा। नगर निगम भिलाई के प्रत्येक विभाग से उत्कृष्ठ कार्य करने वाले दो कर्मचारियो को सम्मानित किया जायेगा। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने अधिकारी/कर्मचारियो को निर्देशित किये है कि निगम क्षेत्र के सभी चैक-चैराहो की साफ -सफाई हो, महापुरूषो की प्रतिमाओं की सफाई-घुलाई हो, माल्यापर्ण हो, प्रमुख जगहो पर देशभक्ति के गीत बजाये जावें। निगम के महापौर एवं आयुक्त ने सभी नागरिको से अपील की है। सभी नागरिक अपने घर पर एक झण्डा अवश्य लगाये एवं राष्ट्र के विकास में अपना सहयोग प्रदान करें।

# छ्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने केंद्रीय रेल मंत्री से की मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◂ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से रेल भवन में मुलाकात की है। जायसवाल ने केंद्रीय रेल मंत्री से छत्तीसगढ़ की जनसुविधाएँ से जुड़ी माँगो पर उनका ध्यान आकृष्ट कराया है। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री को चिरमिरी नागपुर हाल्ट नवीन रेल लाइन निर्माण हेतु प्रदेश सरकार द्वारा राज्यांश की राशि प्रदान करने की जानकारी प्रदान की और जल्द से जल्द निर्माण कार्य को प्रारंभ कराने की बात कही। इस दौरान जायसवाल ने बिलासपुर-चिरमिरी-बिलासपुर ट्रेन नम्बर 18257-18258 जो कई दशकों से बिना विस्तार हुए संचालित है को दुर्ग जंक्शन या गोंदिया जंक्शन तक विस्तार किए जाने की मांग रखी है। वर्तमान में नवगठित जिला मनेंद्रगढ़ के लोगो को राजधानी तक पहुचने के लिए सीधी रेल सेवा उपलब्ध नहीं होने के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, इस ट्रेन के दुर्ग तक जाने से राजधानी तक सीधी पहुंच मिलेगी। इसी तरह से एक अन्य मांग में स्वास्थ्य मंत्री ने शहडोल-नागपुर जंक्शन-शहडोल ट्रेन नंबर 11201-11202 को चिरमिरी से संचालित किए जाने की मांग की है। इससे क्षेत्र की बड़ी आबादी को कटनी,जबलपुर और नागपुर से सीधे आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आश्वस्त किया है की सभी मांगो पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

# तुलसी जयंती हर्षोल्लास के साथ संपन्न

पायनियर संवाददाता ◂ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com



तुलसी मानस प्रतिष्ठान मनेन्द्रगढ़ जिला एम सी बी के तत्वावधान में अंचल के सुप्रसिद्ध हनुमान मंदिर सिरौली में परम पूज्यपाद संत शिरोमणी तुलसी दास की 527 वीं जयंती बड़े हर्षोल्लाश एवं धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम तुलसीदास जी,मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम एवं हनुमान जी की पूजा अर्चना वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की गयी। तत्पश्चात संगीतमय हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड का सामूहिक रूप से पाठ किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में आमंत्रित अतिथियों द्वारा तुलसीदास जी के ब्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।मुख्य अतिथि की आसंदी से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य शरण सिंह ने सभा को संबोधित करते हुये बतलाया कि विश्व के महान संत तुलसीदास जी का जन्म संवत 1532 ईसवी में उ प्र के बांदा जिले के ग्राम राजापुर में हुआ था। इनके पिता का नाम आत्मा राम व माता का नाम हुलसी था। चूंकि तुलसी जी का जन्म अभुक्त मूल नक्षत्र में हुआ था, इसलिए इनके माता पिता द्वारा इन्हें त्याग दिया था।जिसके कारण इन्हें बचपन में अनेक प्रकार के कष्टों का सामना करना पड़ा।यहां वहां भटकते हुये वे दैवी कृपा से बाबा नरहरि दास के सम्पर्क में आये।बाबा नरहरि दास के आश्रम में ही इनकी शिक्षा दीक्षा हुई।युवा अवस्था आने पर इनका विवाह पं दीनबंधू पाठक की कन्या रत्नावली से इनका विवाह हुआ।इनकी अपनी धर्मपत्नी के प्रति अत्यधिक आसक्ति थी। अत्यधिक प्रेम के वशीभूत एक घटना से इन्हें अपनी पत्नी से कड़ी फटकार मिली, जिससे ये बहुत आहत एवं दुखी होकर गृहस्थ जीवन का त्याग कर भगवान श्री राम की भक्ति भाव में लीन हो गये, और काशी चले गये। जहां उन्होंने अनेक गृन्थों की रचना की।उनका सर्वाधिक प्रशिद्ध गृन्थ रामचरित मानस है।जो सम्पूर्ण विश्व में सबसे ज्यादा पढ़ा जाने वाला एक मात्र गृन्थ है। रामचरित मानस को विश्व के नैतिक शास्त्र के रुप में भी जाना जाता है। संस्था अध्यक्ष परमेश्वर सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये बतलाया कि लगभग 20 वर्षों से तुलसी जयंती का आयोजन श्रद्धालुओं के सहयोग से सफलता पूर्वक किया ज रहा है।और तुलसी कृत रामचरित मानस के संदेशों को जन जन तक पहुंचाकर, ब्यक्ति और समाज को सदाचरण के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# आका का दामन दागदार होता है तो हो उससे हमें क्या ? अवैध मसूरी कर मनाया उत्सव नगर में बना चर्चा का विषय

पायनियर संवाददाता ◂ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com




वैसे तो सावन के पावन महीने में आए दिन रामानुजगंज नगर पंचायत क्षेत्र में कोई शिव भक्ति कर के तो कोई दान दक्षिण कर के तो कोई कांवरियों को भोजन करा के तो कोई फल बाट के तो कोई शरबत पिला के तो कोई सेवा कर के तो कोई नाच गा कर इस तरह से उत्सव मनाया जा रहा है लेकिन उक्त सभी उत्सव मनाने वालो की नगर वासी भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कह रहे हैं कि सावन के पावन महीने में काफी दिनों से भूले बिछड़े हुए एक छत के नीचे सुकून भरे पल में हर्षो उल्लास के साथ उत्सव मना रहे हैं जिसकी जीतनी भी प्रशंसा की जाए वह कम ही होगा। लेकिन एक उत्सव नगर में ऐसा मनाया गया जिसकी चर्चा बड़ी जोरों पर हो रही है और वह इसलिए हो रही है क्योंकि अपने आका के दामन को दागदार करते हुए अवैध वसूली के दम पर आयोजन किया गया था जहां आयोजन करता ने जमकर वाहवाही लूटी और कहां की यह आयोजित कार्यक्रम हमारे आका के आशीर्वाद से ही हो रहा है उनका हमारे ऊपर बड़ी उपकार है अभी के स्थिति में हम जो चाहे वह कर सकते हैं और आगे भी करते रहेंगे। उत्सव मनाने के लिए जिनसे अवैध वसूली की गई थी वह बेचारे शासकीय सेवक अपना दुख दर्द भी किसी से बयां नहीं कर सकते लेकिन पैसों की पीड़ा ऐसी पीड़ा होती है जिसको लेकर कोई दुख दर्द छुपा नहीं सकता ? यही कारण रहा की उत्सव मनाने के लिए की गई अवैध वसूली की पोल खुल गई और नगर में जन चर्चा का विषय बना हुआ है। अब तो यह आका को तय करना है कि अपनी साख बचाने के लिए वह क्या निर्णय लेते हैं,या उनके चहेते इसी तरह विभिन्न आयोजन के नाम पर अवैध वसूली करते रहेंगे?

## स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को शुष्क दिवस घोषित

**मुंगेली।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी राहुल देव ने 15 अगस्त को 01 दिन के लिए जिले के समस्त देशी मदिरा की दुकानें सी.एस.-2(घघ), देशी मदिरा की दुकानें सी.एस.-2(घघ कम्पोजिट) शॉप, विदेशी मदिरा दुकान एफएल-1 (घघ) की फुटकर दुकानें, सी.एस.-2(ग-कम्पोजिट अहाता), एफएल-1 (ख-अहाता) तथा एफ एल. 3 होटल बार और होटल सिटी पैलेस बंद रखे जाने एवं जिले में स्थित आसवनी मेसर्स भाटिया वाईन मर्चे. प्रा.लि. धूमा में मदिरा परेषण का आयात-निर्यात व परिवहन पूर्णतः निषिद्ध किए जाने हेतु आदेश जारी किया है। कलेक्टर ने उपरोक्त आदेश का पालन कड़ाई से किये जाने के निर्देश दिए हैं।

# मंत्री नेताम ने जिले वासियों को दी अग्निशमन वाहन




पायनियर संवाददाता ◂ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में आदिम जाति एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम के द्वारा कलेक्टर राहत एवं आपदा मद से प्रदान अग्निशमन वाहन को हरी झंडी दिखाकर जिले वासियों को समर्पित किया गया। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर आम नागरिकों के लिए इस अग्निशमन वाहन का भौतिक सत्यापन कर जनता के नाम समर्पित करते हुए नगर सेना विभाग को प्रदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर रिमिजियुस एक्का,पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल,अपर कलेक्टर इंद्रजीत बर्मन, संयुक्त कलेक्टर आर.एन.पांडेय सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।


**कार्यालय कलेक्टर, कबीरधाम**
**(आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग)**
ई-मेल-actd.Kabeerdham@nic.in

क्रमांक/1331/EMRS /आजाक/2024-25 कबीरधाम, दिनांक 02/08/2024

**निविदा सूचना**

जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति कबीरधाम जिला कबीरधाम द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय तरेगांव जंगल वि.खं. बोड़ला जिला कबीरधाम के संचालन हेतु सत्र 2024-25 हेतु पंजीकृत फर्मो/आपूर्तिकर्ताओं से खाद्य सामग्री, सब्जी, फल मांसाहारी सामग्री, दैनिक उपयोग सामग्री, हेयर कटिंग, प्रदाय करने हेतु मुहर बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कबीरधाम के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर (जी. एस.टी. प्रमाण पत्र सहित) रु. 500.00 (रू. पांच सौ मात्र) का चालान निम्नानुसार शीर्ष में जमा कर दिनांक 22.08.2024 को संध्या 5.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं।

**निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि 22.08.2024 समय शाम 5.00 बजे तक**
**निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 23.08.2024 दोपहर 12.00 बजे**
**निविदा खोलने की तिथि 23.08 2024 सायं 3.00 बजे**

अधिकृत बैंक में जमीशीर्ष-'0250-अन्य सामाजिक सेवाएं, लघुशीर्ष-102-अनुसूचित जाति/अनु.ज.जाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग कल्याण योजना से प्राप्तियां, योजना क्रमांक-0175'में शासकीय चालान जमा करते हुए उक्त तिथि में फर्म का आवेदन एवं चालान की मूल कापी प्रस्तुत कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।

G-242501781/3

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास कबीरधाम



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

अ/2, वर्ष 2023-24
ई कोर्ट नम्बर 202408083300003
स.लोहारा, दिनांक 06/08/24
क्रमांक 1220/अ.वि.अ./ प्रवा. / 2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासीगण मानपुर को सूचित किया जाता है, कि आवेदक सुनीत तम्बोली पिता श्री श्याम तम्बोली, निवास का पताः प्रोफेसर कॉलोनी वार्ड नंबर 09 कवर्धा. तहसील कवर्धा, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ ने अपने निजी स्वामित्व की ग्राम-मानपुर प.ह.नं.-23. राजस्व निरीक्षक मण्डल बीरेन्द्रनगर, तहसील-सहसपुर लोहारा स्थित भूमि खसरा नंबर 332/2 333/2 रकबा क्रमशः 0.0610, 0.1290 हेक्टेयर भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

उक्त आवेदित भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ में व्यपवर्तन किये जाने से जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 21/08/2024 को समय 05:30 बजे तक स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से कर सकते हैं। पश्चात् के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी।
जारी दिनांक 06/08/2024
पेशी दिनांक 21/08/2024

मुहर

अधिकारी अनुविभागीय (रा.)
सहसपुर, लोहारा
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)



**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुन्द (छ.ग)**

**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण जनता की सूचित किया जाता है कि आवेदक टिकेश्वर पिता गोवर्धन निवासी ग्राम तोरेसिंहा तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुंद द्वारा उसके स्वयं के पिता गोवर्धन का मृत्यु दिनांक 01.07.2016 को ग्राम तोरेसिंहा में हुआ है। उक्त जन्म का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथी में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/ दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 27/08/2024 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपति पर विचार नहीं किया जायेगा। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज. दिनांक 12/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।
दिनांक 12/08/2024

मुहर

तहसीलदार
सरायपाली



**शपथ पत्र**

मैं SOPHIAMMA THOMAS D/O PUTHUPPALLIL THOMAS उम्र 57 वर्ष, मकान नं. 122 नोटूडेम हायर सेकेंडरी स्कूल जुरूडांड पोस्ट पिरई तहसील बगीचा जिला जशपुर (छ.ग.) शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि दिनांक 27/03/2014 को भारत गणराज्य द्वारा जारी किये ये पासपोर्ट में मेरा नाम PUTHUPPALLIL SOPHIAMMA दर्ज है। इसमें मेरे पिता का उपनाम PUTHUPPALLIL जुड़ा है। मैं शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड, मेरे मैट्रिक अंकसूची में मेरा नाम SOPHIAMMA THOMAS ही दर्ज है। इसमें उपनाम THOMAS अंकित है अतः मेरे सभी दस्तावेजो में दर्ज नाम SOPHIAMMA THOMAS को ही माना जावे तथा जो आवेदन पासपोर्ट नवीनीकरण SOPHIAMMA THOMAS ही अंकित किया जावे।

शपथकर्ता

मैं SOPHIAMMA THOMAS D/O PUTHUPPALLIL THOMAS उम्र 57 वर्ष, मकान नं0 122 मौट्रडेम हायर सेकेंडरी स्कूल जुरुडांड पाक बगीचा जिला जशपुर (छ.ग.) शपथपूर्वक सत्यापित करती हैं कि उपरोक्त कथन मेरे निजी जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है। जिसे अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

दिनांक 10/08/2024
स्थान बगीचा

सत्यापनकर्ता

मुहर



**न्यायालय तहसीलदार जशपुर जिला-जशपुर (छ.ग.)**

रा.प.क., 202408031400028/अ-21/2023-24

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व संबंधित ग्राम बधिमा, प.ह.न.-03 के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहित कुमार जैन आ. राजेन्द्र कुमार जैन जाति-जैन निवासी ग्राम- कांके रोड रांची तहसील व जिला रांची (झारखण्ड) के द्वारा ग्राम-बधिमा प.ह.नं. 03 राजस्व निरीक्षक मंडल जशपुर स्थित अपने स्वामित्व की परिवर्तित भूमि खसरा नं. 93/12 रकबा 0.328 हे./ 0.81 एकड भूमि में से रकबा 1134 वर्गफीट पर निर्मित पक्का मकान को विक्रय किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय जशपुर के समक्ष आवेदन पत्र पेश किये एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जशपुर के माध्यम से इस कार्यालय को जांच हेतु प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त मामले की सुनवाई इस न्यायालय में दिनाँक 27.08.2024 को नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 02.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
जशपुर (छत्तीसगढ़)

## संपादकीय

### वायनाड त्रासदी मोदी का दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वायनाड त्रासदी स्थल का दौरा कर पुनर्वास प्रयासों में केन्द्र सरकार की पूरी सहायता का आश्वासन दिया। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने केरल में वायनाड का दौरा किया जहां भूस्खलनों के कारण 200 से अधिक लोगों की जान गई हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वायनाड स्थित भूस्खलन वाले क्षेत्रों का हवाई और जमीनी सर्वेक्षण करने के बाद एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। गुजरात में 1979 में भयानक मोर्बी बांध हादसे को याद करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने प्रभावित नागरिकों से संवेदना प्रकट करते हुए उनको केन्द्र सरकार से पूरे समर्थन का आश्वासन दिया। वायनाड में एक-दिवसीय दौरे में मोदी ने 30 जुलाई को भूस्खलनों के कारण हुए विनाश का सर्वेक्षण किया। मोदी ने सर्वाधिक गंभीर रूप से प्रभावित चूरलमाला क्षेत्र का दौरा कर नुकसान का अनुमान लगाया तथा बचाव कर्मियों, अधिकारियों और स्थानीय निवासियों से बात की। वे मेप्पडी के राहत शिविर भी गए और वहां बच्चों व मृतकों के परिवारी सदस्यों समेत जीवित बचे लोगों को सांत्वना दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भविष्य में ऐसी प्राकृतिक विभीषिकाओं से बचने के लिए बेहतर तैयारी तथा मजबूत ढांचागत संरचना की आवश्यकता पर जोर दिया।

भयानक बरसात के कारण होने वाले भूस्खलनों से वायनाड संभवत: सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र है जहां घरों व ढांचागत संरचनाओं के नुकसान के साथ खेती को भारी नुकसान हुआ है। क्षेत्र की अर्थव्यवस्था कृषि और पर्यटन पर अत्यधिक निर्भर है। आपदा से किसानों को भारी नुकसान हुआ है तथा खराब मौसम के कारण पर्यटक इस क्षेत्र से दूर हैं। लेकिन नुकसान का सामना करने वाला वायनाड अकेला स्थान नहीं है। इस साल के मानसून ने पूरे देश में असाधारण विनाश किया है। उत्तर से दक्षिण तक कोई भी क्षेत्र मानसून के कहर से बचा नहीं है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के हिमालयी राज्यों को भी भारी नुकसान हुआ है। भयानक मूसलाधार बारिश, भूस्खलनों तथा अचानक आई बाढ़ों के कारण जीवन और संपत्ति का भारी नुकसान हुआ है। 'बादल फटने' से अचानक आई बाढ़ के कारण हिमाचल प्रदेश में एक पूरा गांव नष्ट हो गया है। भारी बरसात के कारण नदियां उफान पर हैं जिसके कारण मैदानों में भी बड़े पैमाने पर बाढ़ आई है और सामान्य जनजीवन बाधित हुआ है। सड़कें नष्ट होने के कारण अनेक सुदुर स्थानों तक पहुंचना बहुत कठिन हो गया है और हजारों लोगों को अपने घर छोड़ कर भागना पड़ा है। भारत में मानसून संबंधी विभीषिकाओं की बारंबारता और गहनता अनेक तत्वों के कारण है। इनमें जलवायु परिवर्तन, निर्वनीकरण तथा अनियोजित शहरीकरण शामिल हैं। भारत को लगातार 'ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन' को घटाने तथा नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना चाहिए। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग भी जरूरी है। इसके साथ ही यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि विकास परियोजनायें खासकर हिमालय के संवेदनशील क्षेत्रों में विकास परियोजनायें शुरू करने के पहले इनका समुचित मूल्यांकन अवश्य किया जाए। इसमें निर्माण और निर्वनीकरण के कठोर नियम भी शामिल हैं। वर्तमान स्थितियों में आपदा प्रबंधन तैयारियों को सर्वाधिक महत्व दिया जाना चाहिए। इनमें आपदा प्रबंधन को मजबूत करने के लिए स्थानीय, राज्यों व राष्ट्रीय स्तर पर प्रबंधन क्षमतायें मजबूत करना शामिल है। इसके साथ ही इनमें शीघ्र चेतावनी व्यवस्थाओं व ढांचागत संरचनाओं को मजबूती तथा नियमित आपदा प्रबंधन ड्रिल करते रहना भी शामिल हैं।



# खाद्यान्न सब्सिडी व्यवस्था में सुधार

**यदि सब्सिडी सीधे लाभार्थियों को 'प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण' माध्यम से दी जाए तो इसकी चोरी बंद हो सकती है। खाद्यान्न सब्सिडी घटाने की असीम संभावनायें हैं।**



उत्तम गुप्ता
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 23 जुलाई, 2024 को प्रस्तुत पूर्ण बजट में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए खाद्यान्न सब्सिडी का बजट अनुमान-बीई 205,250 करोड़ रुपये रखा है जो अंतरिम बजट में पेश अनुमान से अलग नहीं है। हालांकि यह 2023-24 के संशोधित बजट अनुमानों-आरई से थोड़ा कम है, पर यह कोई राहत की बात नहीं है क्योंकि किसी वित्त वर्ष का आरई हमेशा बीई से अधिक होता है। उदाहरण के लिए वित्त वर्ष 2023-24 का बजट पेश करने के पहले सीतारमण ने खाद्य सब्सिडी का बीई 197,000 करोड़ रुपये रखा था। लेकिन इसके बजाय आरई 14,395 करोड़ रुपये अधिक हो गया। महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि केन्द्र सरकार द्वारा पिछले पांच साल में इस मद के अंतर्गत खर्च लगातार 200,000 करोड़ से अधिक रहा है। यह 2020-21 में 529,000 करोड़, 2021-22 में 372,000 करोड़, 2022-23 में 287,000 करोड़, 2023-24 में 211,394 करोड़ तथा 2024-25 बीई में 205,250 करोड़ रखा गया है। 2024-25 में खाद्यान्न सब्सिडी बजट का 4.2 प्रतिशत तथा राजस्व खर्च का 5.5 प्रतिशत होगी और यह अनुमानित कर राजस्व का लगभग 8 प्रतिशत होगी। खाद्यान्न सब्सिडी पर लगाम लगाना इसके लक्ष्य 'खाद्य सुरक्षा' से कम महत्वपूर्ण नहीं है।

खाद्यान्न सब्सिडी में बेलगाम वृद्धि का परिणाम राजकोषीय घाटे में वृद्धि के रूप में सामने आता है। इससे अर्थव्यवस्था अनेक प्रकार से प्रभावित हो सकती है जिसमें उच्च मुद्रास्फीति, उच्च ब्याज दर, वृद्धि धीमी होना, रोजगारों में कमी, कम आमदनी, आदि शामिल हैं। इसके कारण उच्च वित्तीय सहायता की आवश्यकता होती है जिसमें सरकार से मिलने वाली खाद्यान्न सब्सिडी भी शामिल है। इससे एक दुष्चक्र पैदा होता है। खाद्यान्न सब्सिडी घटाने की व्यापक संभावना है। इसके आंकलन के लिए इसे लागू करने के तरीके पर गौर करना होगा। 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना'-पीएमजीकेवाई के अंतर्गत केन्द्र भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई तथा अन्य राज्य एजेंसियों को किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर अनाज खरीदने को कहता है और 820 मिलियन लोगों में इसके मुफ्त वितरण की व्यवस्था करता है।

इसके पूरे खर्च, यानी किसानों को भुगतान की गई एमएसपी तथा हैंडलिंग व वितरण खर्च की प्रतिपूर्ति एफसीआई व अन्य राज्य एजेंसियों को सब्सिडी के रूप में की जाती है। यह पैसा केन्द्रीय बजट में 'खाद्यान्न सब्सिडी' के रूप में आबंटित होता है। पीएमजीकेवाई 1 जनवरी, 2023 से लागू है। इसके पहले केन्द्र केन्द्र 820 मिलियन लोगों को खाद्यान्न देता था। इसमें 'अंत्योदय अन्न योजना'-एएवाई के अंतर्गत 120 मिलियन सर्वाधिक गरीब लोगों को प्रति माह प्रति व्यक्ति 7 किलो अनाज तथा बाकी 700 मिलियन को प्रति माह प्रति व्यक्ति पांच किलो अनाज दिया जाता था। यह अनाज राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून-एनएफएसए के अंतर्गत बहुत सस्ती कीमतों पर, यानी गेंहू, चावल व मोटे अनाजों को क्रमश: 2, 3 व 1 रुपये में दिया जाता था। इसके अलावा अप्रैल, 2020 से इसने पीएमजीकेवाई के अंतर्गत सभी 820 मिलियन लाभार्थियों को प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलो खाद्यान्न देने का निर्णय किया ताकि कोविड-19 वैश्विक महामारी का प्रभाव दूर किया जा सके। 1 जनवरी, 2023 से उसने पीएमजीकेवाई के मुफ्त भाग का विलय एनएफएसए की नियमित खाद्य सुरक्षा योजनाओं से कर दिया। इस प्रकार अब एनएफएसए के नए अवतार, यानी पीएमजीकेवाई के अंतर्गत सभी 820 मिलियन लाभार्थियों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। नवंबर, 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की घोषणा के अनुसार यह व्यवस्था अगले पांच साल, यानी 2028 के अंत तक लागू रहेगी। सबसे पहले यह याद रखना जरूरी है कि खाद्यान्न सब्सिडी गरीबों के लिए है। भारत की जनसंख्या में गरीबों की संख्या 15-20 प्रतिशत से अधिक नहीं है। इसके बावजूद पीएमजीकेवाई के अंतर्गत 820 मिलियन लोग लाभार्थी हैं, यानी वे जनसंख्या का लगभग 50 प्रतिशत हैं। शांता कुमार कमेटी, 2015 की संस्तुतियों के आधार पर एनएफएसए के अंतर्गत सस्ता खाद्यान्न प्राप्त करने के अधिकारी लोगों की संख्या 40 प्रतिशत से अधिक नहीं है। इस प्रकार अतिरिक्त 19 प्रतिशत लोगों की संख्या लगभग 270 मिलियन है। इसके साथ ही पिछले लगभग साढ़े नौ साल में वर्तमान सरकार के अंतर्गत नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार, 250 मिलियन लोग गरीबी से बाहर आ गए हैं। ऐसे में इन लोगों को लाभार्थियों की सूची से बाहर किया जाना चाहिए।

सामान्य गणना के आधार पर एक मिलियन लोगों को मुफ्त खाद्यान्न देने पर प्रति वर्ष 200 करोड़ रुपये सब्सिडी में जाते हैं। इसमें से 250 मिलियन लोगों को बाहर करने से 50,000 करोड़ रुपये की बचत होगी। 820 मिलियन लाभार्थियों की वर्तमान सूची 2011 की जनगणना के आधार पर है, जबकि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार केन्द्र को 2021 की जनसंख्या पर गौर करना चाहिए। इस आधार पर उसे 100 मिलियन अतिरिक्त लोगों को मुफ्त खाद्यान्न देना होगा। इस पर 20,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। लेकिन इसके बाद भी हर वर्ष 30,000 करोड़ रुपये की बचत हो सकती है। दूसरा, हर लाभार्थी को मुफ्त खाद्यान्न क्यों मिलना चाहिए? शांता कुमार कमेटी ने सुझाव दिया था कि गैर-एएवाई लोगों को एमएसपी के 50 प्रतिशत का भुगतान करना चाहिए। ऐसे लोगों की संख्या 700 मिलियन है। इसमें से 250 मिलियन लोगों को निकालने तथा 100 मिलियन अतिरिक्त लोगों को जोड़ने से 550 मिलियन लोग बचते हैं। उनसे एमएसपी का 50 प्रतिशत, यानी 11.40 रुपये प्रति किलो गेंहू के दाम लेने से हर साल 37,600 करोड़ रुपये बचेंगे। तीसरा, 2013 में लागू एनएफएसए कानून में लाभार्थियों को गेंहू, चावल व मोटे अनाजों के लिए 2, 3 व 1 रुपये प्रति किलो भुगतान की बात कही गई थी।

इसने तीन साल के लिए दाम स्थिर रखने की बात कही थी। इस प्रकार 2016 से दाम बढ़ने पर कोई कानूनी बाधा नहीं है। इसके बावजूद, दाम बढ़ाने के बजाय मोदी सरकार ने कीमत घटा कर शून्य कर दी है। क्या ये सभी 820 मिलियन लोग इतने गरीब हैं कि वे खर्च का एक हिस्सा भी अदा नहीं कर सकते हैं? यदि 1 रुपये किलो की मामूली वृद्धि की जाए तो इससे 5000 करोड़ रुपये प्रति वर्ष बचेंगे। चौथा, योजना के अंतर्गत प्राथमिक विचार यह था कि एफसीआई एनएफएसए के अंतर्गत केवल लाभार्थियों की आवश्यकता भर का अनाज खरीदेगी और इसके साथ ही आपातस्थितियों के लिए कुछ 'रणनीतिक' बफर रखेगी। इसका इरादा कभी भी 'खुली' खरीद का नहीं था, जैसा आज हो रहा है। इसके कारण भी सब्सिडी में वृद्धि से बचा जा सकता है तथा अतिरिक्त खाद्यान्न के भंडारण की समस्या भी कम होगी। 'खुली' खरीद बंद करने से काफी बचत हो सकती है। वर्तमान समय में एफसीआई-राज्य एजेंसियों को 'वास्तविक' आधार पर एचडीसी दिया जाता है। इसके कारण व्यवस्था में अक्षमताओं पर लगाम नहीं लगती है और खर्च बढ़ता है।

एफसीआई द्वारा 'लोडरों' को भारी वेतन देने की खबरें चर्चा में रही हैं। इसे देखते हुए एजेंसियों को खर्च की प्रतिपूर्ति 'वास्तविक' के बजाय 'सामान्य' आधार पर देने से सब्सिडी में काफी बचत हो सकती है। इन सबके साथ ही पीएमजीकेवाई के अंतर्गत 60 मिलियन टन की भारी-भरकम मात्रा को मुफ्त सप्लाई के लिए सप्लाई श्रृंखला में रखने के कारण संदिग्ध व भ्रष्ट तत्वों को खुला आमंत्रण जैसा मिलता है और वे इसके एक बड़े हिस्से की चोरी कर उसे भारी लाभ के लालच में खुले बाजार में बेच देते हैं। पश्चिम बंगाल के पीडीएस घोटाले में दसियों हजार करोड़ रुपये के मुफ्त खाद्यान्न को बाजारों में बेचा गया। वर्तमान समय में केन्द्रीय एजेंसियां इसकी जांच कर रही हैं। यह व्यवस्था में संभावित भ्रष्टाचार का एक उदाहरण है। इस पर लगाम लगाने के लिए लाभार्थियों को 'प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण'-डीबीटी के माध्यम से सीधे सब्सिडी देने से खाद्यान्न सब्सिडी में भारी कमी की असाधारण उम्मीद बनती है। सरकार सब्सिडी बचाने के लिए इस तरीके के साथ ही उपरोक्त में से सभी या कुछ तरीके अपना सकती है। लेकिन दुःख की बात है कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए शायद ही कोई परिवर्तन हो।

# मानसिक शक्ति का महत्व

> "ओशो कहते हैं, जब आप सांस लेते हैं, तो इसे अपना ध्यान बना लें कि दुनिया के सभी प्राणियों का सारा दुख उस सांस पर सवार होकर आपके दिल तक पहुंच रहा है और चमत्कार होता हुआ देखें।"

रवि वलूरी
(लेखक रेल विभाग से संबंधित हैं)



हमेशा ऐसे लोगों से जुड़ें जो दिल से अच्छे हों। यही स्वामी विवेकानंद ने कहा था। मेरी माँ का जन्मदिन स्वामी विवेकानंद के साथ ही है, जिनका जन्म 12 जनवरी 1863 को हुआ था। संगति, संघ और सत्संग उनके मजबूत पक्ष थे। उन्होंने सभी धार्मिक आस्थाओं और आध्यात्मिक रूप से इच्छुक लोगों के साथ मजबूत संबंध बनाए। वह चिकित्सा करना चाहती थीं, लेकिन जीवन ने उस दिशा में कदम नहीं बढ़ाया, बल्कि वह एक योग्य चिकित्सा सामाजिक कार्यकर्ता बन गईं। वह मरीजों और उनके बच्चों से कहती थीं, %डर केवल उतना ही गहरा होता है, जितना मन अनुमति देता है।% इस प्रकार, टीबी से पीड़ित, लेकिन बिस्तर पर पड़े नहीं, रोगियों ने परियोजनाओं में भाग लिया। इसे उन्होंने %डायवर्सनरी थेरेपी% कहा। टीबी अस्पताल डॉक्टरों, पैरा-मेडिकल स्टाफ, सामाजिक कार्यकर्ताओं, सरकारी निकायों और गैर सरकारी संगठनों द्वारा अपनाए गए तरीकों के लिए एक अनूठा टेम्पलेट बन गया, जो सभी रोगियों के पुनर्वास में योगदान करते हैं। जलवायु परिवर्तन, सभ्यताएँ ढह जाती हैं, सरकारें बदल जाती हैं, राजनीतिक संबद्धताएँ बदल जाती हैं और यहाँ तक कि सबसे अच्छे मॉडल भी ढह जाते हैं। यह अपरिहार्य है। जैसा कि बुद्ध कहते हैं, %जीवन में एकमात्र स्थायी चीज़ है अनित्यता।% अस्पताल के नए प्रशासकों द्वारा ऊँचे उद्देश्यों को मंजूरी नहीं दी गई और आशा की किरण ढह गई, लेकिन उन्होंने दृढ़ मानसिकता के साथ कड़ी मेहनत की। यह मेरी माँ के लिए बेहद दर्दनाक था और वह पैरॉक्सिस्मल एट्रियल टैचीकार्डिया (पीएटी) की मरीज बन गईं। यह एक प्रकार का अतालता (अनियमित दिल की धड़कन) है।

पैरॉक्सिस्मल का मतलब है कि अतालता की घटना अचानक शुरू होती है



और समाप्त हो जाती है। एट्रियल का मतलब है कि अतालता एट्रिया या दिल के ऊपरी कक्षों से शुरू होती है। टैचीकार्डिया के परिणामस्वरूप प्रति मिनट दिल की धड़कन में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। यह असामान्य रूप से गति को बढ़ाता है, जैसे ट्रेडमिल पर एथलीट में होता है। पीएटी वयस्कों के दिल की धड़कन को सामान्य 60 से 100 से 130 से 230 तक बढ़ा देता है और शिशुओं और बच्चों में यह 100 से 130 से 220 धड़कन प्रति मिनट तक बढ़ जाता है। इसके साथ ही पसीना आना, चक्कर आना, घबराहट, एनजाइना और तीव्र सांस फूलना भी होता है। आमतौर पर, एक मरीज भावनात्मक उथल-पुथल, शारीरिक थकावट, गहरी चिंता और कैफीन या शराब के सेवन के कारण ऐसी स्थिति से पीड़ित होता है। मैंने अपनी माँ को कई मौकों पर इस स्थिति से पीड़ित और आईसीयू में भर्ती होते देखा है। यह एक दुखद और परेशान करने वाला दृश्य था। हालांकि यह जीवन के लिए खतरा नहीं है, लेकिन यह निश्चित रूप से रोगी के मनोविज्ञान और दृष्टिकोण को विचलित करता है। उसके दुख के दौरान, हमने उसे जीवन रक्षक के रूप में अपनी माला को पकड़े हुए देखा, जबकि हम उसके ठीक होने के लिए प्रार्थना कर रहे थे। उसे दवा दी गई लेकिन यह केवल कुछ हद तक ही काम कर पाई। असली मदद एक पंचकोणीय ताबीज के रूप में मिली। वह सिद्ध हीलिंग, प्राणिक हीलिंग, दस दिवसीय विपश्यना कोर्स और आर्ट ऑफ लिविंग के पार्ट 1 और पार्ट 2 कोर्स के माध्यम से है। यह सांस की अनोखी, अद्भुत और वैज्ञानिक शक्ति है।

सांस लेने की तकनीक, ध्यान, दवा और उचित आहार ने रोगी के जीवन की दिशा बदल दी और उसके जीवन में जोश वापस ला दिया। ओशो कहते हैं, जब आप सांस अंदर लेते हैं, तो इसे अपना ध्यान बना लें कि दुनिया के सभी प्राणियों का सारा दुख उस सांस पर सवार होकर आपके दिल तक पहुंच रहा है और चमत्कार होता हुआ देखें। अपने अंतिम दिनों तक, उन्होंने इन अभ्यासों को जारी रखा। वरिष्ठ नागरिकों, दर्द और पीड़ा में रहने वालों और यहां तक कि सक्षम लोगों को भी बताए गए कोर्स करने चाहिए। स्वामी विवेकानंद योग को अमेरिका ले गए और रामकृष्ण मिशन का प्रसार किया। वे श्री रामकृष्ण परमहंस के अर्जुन थे। मेरी माँ ने श्री रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद के बारे में विस्तार से पढ़कर मानवता की सेवा के गुण को आत्मसात किया और सर्वशक्तिमान ईश्वर ने उन्हें एक निडर मन का आशीर्वाद दिया।

## आप की बात

### भारत-मालदीव संबंध

विदेश मंत्री एस. जयशंकर की हालिया मालदीव यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुइज्जू ने दोस्ताना रवैया अपनाया। मुइज्जू ने चुनावों में भारत-विरोधी भावनाओं को भुनाया था और चीन से करीबी की कोशिश की थी। मुइज्जू सरकार ने भारत से कटुता बढ़ाकर अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारी थी। यह बात उन्हें समझ में आ गई है। भारत ने भी उन बातों को भुलाकर रिश्तों में नए संबंधों की शुरुआत कर दी है। हमारे विदेशमंत्री की सफल मालदीव यात्रा दोनों देशों के बीच आई गलतफहमियों को दूर करने में सफल रही। भारत-मालदीव संबंधों का मजबूत होना दोनों देशों के हित में है इससे चीन को भी समझ में आ जाएगा कि मालदीव जैसे देशों को अधिक समय तक बहकाया नहीं जा सकता है। मालदीव की आय में पर्यटन और भारतीय पर्यटकों का प्रमुख योगदान है। मुइज्जू द्वारा भारत-विरोधी दृष्टिकोण अपनाने के बाद भारतीय पर्यटकों ने मालदीव के बहिष्कार का जो आह्वान किया, उसका व्यापक असर मालदीव की अर्थव्यवस्था पर पड़ा था। भारतीय विदेश मंत्री द्वारा मालदीव में यूपीआई शुरू करने की घोषणा से भारतीय पर्यटकों को उस देश में घूमने-फिरने व खर्च करने में आसानी होगी तथा इससे भारत-मालदीव संबंध बेहतर बनाने में भी और मदद मिलेगी।

-सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

### आरक्षण में क्रीमी लेयर

राजनीतिक विवशता के चलते अंततः केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सुझाए गए एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने का सुझाव अस्वीकार कर दिया है। यह देश का दुर्भाग्य ही है कि इस अन्याय को समाप्त करने की इच्छाशक्ति किसी भी राजनीतिक दल में नहीं है। सरकार के इस फैसले से एससी-एसटी समुदाय के जो आईएएस या आईपीएस बन चुके हैं, उनके बेटे बेटियों को आरक्षण का लाभ बदस्तूर मिलता रहेगा। इसका नुकसान स्वयं गरीब दलितों को होगा जो अपने बच्चों को समुचित शिक्षा व समृद्ध लोगों की तरह सुविधायें देने की स्थिति में नहीं हैं। इस अन्याय के लिए विपक्ष अधिक जिम्मेदार है क्योंकि वह सरकार पर ऐसी व्यवस्था लागु करने के विरुद्ध निरंतर दबाव बनाता आ रहा है। लोकसभा चुनाव में विपक्ष सरकार पर आरक्षण एवं संविधान खत्म करने का कपटपूर्ण दुष्प्रचार कर अपनी सीट बढ़ाने में कामयाब हो चुका है। भाजपा एससी-एसटी वर्ग के सांसद भी प्रधानमंत्री से मिलकर सर्वोच्च न्यायालय के सुझाव पर अमल न करने आग्रह कर चुके हैं। ऐसे में एससी-एसटी समाज के समृद्ध लोगों को स्वयं आगे आ कर आरक्षण लाभ छोड़ने का प्रस्ताव करना चाहिए।

- विमलेश पगारिया, बदनावर

### आरक्षण में वर्गीकरण

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को एससी-एसटी आरक्षण में उपयुक्त सर्वेक्षणों के आधार पर उप-विभाजन या वर्गीकरण का अधिकार दिया है। बसपा सुप्रीमो सुश्री मायावती ने एससी-एसटी आरक्षण में किसी परिवर्तन के खिलाफ संविधान संशोधन लाने की मांग की है। आरक्षण में वर्गीकरण पर गंभीर विचार की जरूरत है। तथ्य यह है कि आरक्षण के लाभ सभी एससी या एसटी जातियों को समान रूप से नहीं मिले हैं। इसका कारण सबसे अधिक संख्या वाली एससी जातियों का प्रभुत्व है। एससी व एसटी समाजों में आरक्षण का लाभ सभी जातियों को दिलाने के लिए आरक्षण के उप-वर्गीकरण की मांग लंबे समय से चली आ रही है। ऐसे में इसके अंध-विरोध का अर्थ कुछ दलित व आदिवासी जातियों का प्रभुत्व बनाए रखने के लिए बाकी को हाशिए पर धकेलना होगा। संभवत: चंद्र बाबू नायडू और नीतीश कुमार अपने प्रदेशों में अति-दलितों को ज्यादा स्थान देने के लिए इस सुझाव के पक्ष में हैं। बहुत कम संख्या वाली एससी व एसटी जातियों के पास न नेता हैं और न कम संख्या की वजह से वे किसी नेता के लिए वोटबैंक बनती हैं। इसके कारण उनको खामियाजा भुगतना पड़ता है। इस स्थिति को दूर करने के प्रयास होने चाहिए।

वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली

### स्वतंत्रता दिवस का संदेश

स्वतंत्रता दिवस पर हमें अपनी समस्याओं पर विचार करना जरूरी है। हमें अपने आर्थिक और सामाजिक ढांचे में सुधार करना होगा। लघु और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देकर रोजगार के अवसर बढ़ाए जा सकते हैं। शिक्षा का स्तर सुधारना भी बेहद जरूरी है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और यह हमारे समाज के विकास के लिए आवश्यक है। सामाजिक न्याय को बढ़ावा देना भी हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। हर नागरिक को समान अधिकार और अवसर मिलना चाहिए चाहे उसकी जाति, धर्म या लिंग कोई भी हो। पड़ोसी देशों के साथ संबंध सुधारना भी महत्वपूर्ण है। वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत पर चलते हुए हमें आपसी विश्वास और सम्मान का माहौल बनाना चाहिए। महात्मा गांधी ने कहा था कि आपको वह परिवर्तन अपने आप में करना चाहिए जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं। यह कथन हमें प्रेरित करता है कि हम अपने विचारों और कार्यों में सकारात्मक बदलाव लाएं। हमें अपने व्यक्तिगत और सामूहिक कर्तव्यों को समझ कर समृद्ध, न्यायसंगत और शांतिपूर्ण समाज का निर्माण करना चाहिए।

अवनीश कुमार गुप्ता, आजमगढ़

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# तिरंगा हमारा गर्व, गौरव और अभिमान है, हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रप्रेम के पुनर्जागरण का समय : भावना बोहरा

## विधायक भावना बोहरा के नेतृत्व में भारत माता के जयघोष के साथ पंडरिया में निकाली गई तिरंगा यात्रा

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में तिरंगा यात्रा निकालकर देशवासियों को हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। अभियान के तहत भाजपा के कार्यकर्ता और नेता घर-घर जाकर स्वतंत्रता दिवस को और भी भव्य रूप में मनाने के लिए अपने-अपने घरों व प्रतिष्ठान में तिरंगा फहराने की अपील कर रहें हैं। इसी कड़ी में आज पंडरिया में विधायक में विधानसभा स्तरीय तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें विधायक भावना बोहरा और सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रवासियों को हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होने का आग्रह किया। इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि तिरंगा हमारा गर्व,गौरव और अभिमान है। इस तिरंगे की रक्षा एवं देश को स्वतंत्रता दिलाने के लिए असंख्य राष्ट्रभक्तों, सेनानियों एवं वीर योद्धाओ ने अपना जीवन समर्पित कर दिया। हर घर तिरंगा यात्रा उन्हीं असंख्य राष्ट्रभक्तों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और राष्ट्रप्रेम के पुनर्जागरण का समय है, जिसमें हम सभी देशवासियों की भूमिका बहुमूल्य है।हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य लोगों के दिलों में



देशभक्ति की भावना जगाना और उन लोगों की याद दिलाना है, जिन्होंने इस महान राष्ट्र के निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। पिछले साल इस अभियान को जबरदस्त सफलता मिली थी। इस साल भी इसके जरिए लोगों को उत्साह और देशभक्ति के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर पूरा देश आज देशभक्ति के रंग में रंगा हुआ नजर आ रहा है। हर गाँव, गली, मोहल्ले में हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा शान के साथ लहरा रहा है इससे बड़ी गर्व व गौरव की अनुभूती हम सभी देशवासियों के लिए और क्या हो सकती है? भावना बोहरा ने आगे कहा कि 12 से 15 अगस्त तक यह राष्ट्रव्यापी अभियान अपने आप में देश की एकता,अखंडता एवं संप्रभुता को दर्शाता है। जिस प्रकार देशवासियों का इस अभियान के प्रति उत्साह दिख रहा है वही भारत की असली शक्ति है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश विकास के नए सोपान स्थापित कर रहा है। सैन्य शक्ति से लेकर अंतरिक्ष तक भारत अपनी क्षमता का लोहा मनवा रहा है। देश की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर तीव्र गति से आगे बढ़ता यह नया भारत विक्सित भारत के संकल्प को जरुर पूरा करेगा। आज भाजपा सरकार की कुशल नीतियों और शासकीय योजनाओं के माध्यम से आम व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। स्वच्छता को एक विजन बनाते हुए पूरे देश में स्वच्छता के लिए एक अलख जगाई है। गरीबों को उनका पूरा पैसा डीबीटी के जरिए मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मोदी जी ने धुआं रहित वातावरण में खाना पकाने के लिए उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर प्रदान किए। महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए प्रधानमंत्री ने कई योजनाएं चलाई जिसमें छत्तीसगढ़ की महतारी वंदन योजना से लाखों महिलाओं को आर्थिक लाभ मिल रहा है। आयुष्मान कार्ड से अब गरीब व्यक्ति भी 5 लाख तक निश्शुल्क इलाज करा सकता है। उन्होंने सभी वर्ग का ख्याल रखा है। नल-जल योजना के जरिए हर घर तक पानी पहुंचाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में 18 लाख आवासहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का फायदा मिलेगा। ऐसी कई उपलब्धि एवं योजनाओं का सञ्चालन हुआ है जिससे आज हमारा छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पूरा भारत आज हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मैं समस्त छत्तीसगढ़ की जनता से आग्रह करती हूँ कि हम सभी इस अभियान से जुड़ कर अपने-अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर त्याग, बलिदान, शांति और एकता का प्रतीक हमारा राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' फहराएं और अमर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करें।

## नगरपालिका कार्यालय में हुआ तिरंगा यात्रा का आयोजन




पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

आजादी के महापर्व को विशेष बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा देश भर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगरपालिका कार्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी प्रांगण में इकट्ठा होकर इस महापर्व को मनाया गया। इस अवसर मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर के साहू ने कहा कि केंद्र सरकार 9 अगस्त से देश भर में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है यह अभियान 15 अगस्त तक चलेगा। स्वतंत्रता दिवस में बस कुछ ही दिन बाकी है ऐसे में देश एवं नगर वासियों का उत्साह अलग ही चरम पर पहुंच जाता है इसके पीछे कारण है कि अपने देश से प्रेम क्योंकि इस दिन हमारा देश आजाद हुआ था। हर घर तिरंगा अभियान के द्वारा सभी नगर वासियों के मन में राष्ट्रीय भावना जगाना एवं अपने राष्ट्रीय ध्वज के लिए सम्मान भी बढ़ता है। नगर वासियों से अपील की कि सभी नगरवासी अपने घर तिरंगा लगाकर एवं हर घर tiranga.com पर अपनी सेल्फी साझा कर इस महाअभियान को सफल बनावे।

## तुलसी जयंती मनाई गई, लोक नायको का नाम युग युगांतर तक याद किए जाते हैं



पायनियर संवाददाता < थानखम्हरिया
www.dailypioneer.com

अंचल के प्रसिद्ध शिवशक्ति विद्या धाम ग्राम बनिया में गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धाम के संरक्षक महेन्द्र सिंह विरदी, मुख्य वक्ता प. व्यासनारायण पांडे एवं प.विजय तिवारी रहे, लालाराम साहू सरपंच प्रतिनिधि ग्राम प.पैलपार कार्यक्रम की अध्यक्षता किए। सर्वप्रथम सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, अतिथि स्वागत के पश्चात स्कूल की छात्र छात्राओं द्वारा बड़े अनूठे ढंग से तुलसीदास जी की रचनाओं से रामचरित मानस, विनय पत्रिका, दोहावली, जानकी मंगल, पार्वती मंगल आदि ग्रंथो के दोहा चौपाई का वाचन किया गया। मुख्य अतिथि महेंद्र विरदी ने कहा गोस्वामी तुलसीदास जी की काव्य की विशेषता समन्वय शक्ति है, भारत का लोकनायक वही हो सकता है जो समन्वय करने का अपार धैर्य लेकर आया है,गीता में समन्वय की चेष्टा, बुद्धदेव समन्वयवादी थे, गोस्वामी तुलसीदास जी समन्वयकारी थे, लोग शासको के के नाम भुला दिए जाते हैं परंतु लोकनायको के नाम युग युगांतर तक याद किये जाते हैं। प.विजय तिवारी ने तुलसीदास जी की जीवन परिचय एवं इनकी रचनाओं के आध्यात्मिक पक्ष को बड़े ही सरल भाषा में प्रस्तुत किया। प. व्यासनारायण पांडे ने तुलसीदास जी की रचनाओं को न केवल पढ़ने के लिए साथ ही साथ उनको अपने जीवन में उतारने को बात कही सभी से श्री राम जी की तरह अपने माता पिता के सम्मान करने की बात कही। उक्त कार्यक्रम में ग्राम बनिया के बुजुर्ग जनो का सम्मान भी किया गया, कार्यक्रम का संचालन धाम के कार्यकारी अध्यक्ष नंदकुमार सिंह द्वारा किया गया, आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन शिवसिंह परमार द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में गौकरण सिंह, बलराम सिंह, राजेंद्र सिंह, द्वारिका सिंह, कलीराम साहू, शिव यादव, घड़ी शत्रुहन ध्रुव, शत्रुहन साहू, केजू सिंह, अनिल सिंह, आलोक सिंह, रवि सिंह, लाला ध्रुव, सत्तू सिन्हा, धन्नू ध्रुव एवं बनिया, पेलपर एवं आस पास के ग्रामीण जन उपस्थित हुए।

## बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अमानवीय अत्याचार से मानवता शर्मसार : योगेश तिवारी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



हाल के दिनों में बांग्लादेश में बदलती राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों ने भारत सहित दुनियाभर के हिन्दुओं को गहराई से प्रभावित किया है। हिन्दू समुदाय पर हो रही हिंसा और प्राचीन मंदिरों पर हमलों की कड़ी निंदा करते हुए, सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा किसान नेता, योगेश तिवारी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद मोदी से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। योगेश तिवारी ने कहा कि बांग्लादेश में धर्मांध भीड़ द्वारा हिन्दू धर्मावलंबियों पर क्रूरतापूर्ण हमले किए जा रहे हैं, उन्हें बर्बरता से जिंदा जलाया जा रहा है। कट्टरपंथी भीड़ द्वारा हिन्दू माताओं और युवतियों के साथ बलात्कार कर उनके वीडियो पोस्ट करना न केवल घृणित बल्कि मानवता को शर्मसार करने वाला कृत्य है। उन्होंने इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाने और इसके खिलाफ वैश्विक आंदोलन शुरू करने की अपील की। साथ ही, सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी ने छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश के साधु-संतों से भी आह्वान किया है कि वे इन हमलों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करें ताकि दुनियाभर में यह संदेश पहुंच सके। सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बांग्लादेश में हिन्दुओं और उनके मंदिरों पर जो आक्रमण हो रहे हैं, वे मजहबी उन्माद का प्रतीक हैं और सनातनी हिन्दुओं के प्रति दीर्घकाल से पनप रही घृणा का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। योगेश तिवारी ने यह भी चेतावनी दी कि हिन्दुओं पर अत्याचार करने वालों को यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत के कई राज्यों में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों को अब खदेड़ने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान की शुरुआत छत्तीसगढ़ से की जाएगी, जहां हजारों अवैध बांग्लादेशी घुसपैठिए चोरी-छिपे छत्तीसगढ़ की संपदा का लाभ उठा रहे हैं।

## कबीरधाम जिले में जुगाड और किराए के भवन से संचालित हो रहे हैं आंगनबाडी



पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले में बच्चों को शिक्षा से जोड़ने और कुपोषण से दूर रखने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। लेकिन जिले में कई ऐसे केंद्र हैं। जो किराए के भवनों में संचालित हो रहे हैं। आनगबाड़ी केंद्रों के लिए महिला बाल विकास विभाग के पास स्वयं का भवन नही है। इन केंद्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका जाकर बच्चों को पोषण आहार और प्रारंभिक शिक्षा दे रहे हैं।

### केंद्रों में 89 हजार बच्चे हैं पंजीकृत

जिले में 1706 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहे हैं, जहां पर 89 हजार से अधिक बच्चे पंजीकृत हैं लेकिन स्वयं के भवन व सुविधाओ के अभाव में आंबनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहें है।क्योंकि जिले में कहने के लिए तो 1706 आंगनबाड़ी केंद्र हैं लेकिन स्वयं का भवन 1477 केंद्र के लिए है। बरसात में कुछ भवनों में पानी का रिसाव होने के कारण वर्तमान में 1399 केंद्र ही स्वयं के भवन में संचालित हो रहा है। कार्यक्रम अधिकारी से मिली जानकारी अनुसार 229 आंबनबाड़ी केंद्र के लिए भवन की कमी है। भवन की कमी के साथ कुपोषण के खिलाफ जंग लड़ने की कयावद अधूरी है हालांकि आंगनबाडी कार्यकर्ता सहायिका ने जंग लड़ने में पीछे नहीं हट रहे हैं।

### अभाव में बच्चों की देखरेख

कबीरधाम जिले के आनगबाड़ी केंद्रों बच्चे पहुंचते हैं। खेल खेल में शिक्षा व पोषण लेने लेकिन केंद्रों में समस्याओं की भरमार है। जिले के लगभग 577 आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली की व्यवस्था नहीं होने से हजारों बच्चे उमस व गर्मी से परेशान होते रहते हैं। 1477 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 900 में बिजली की व्यवस्था है। जबकि 577 केंद्र बिजली विहीन है। पिछले वर्ष शासन-प्रशासन की ओर से विद्युतविहीन आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली व्यवस्था की बात कहीं थी। जो अब तक पूर्ण नहीं हो सकी है।

### समस्याओं के बीच बच्चों का पोषण

कबीरधाम जिले में 1706 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है लेकिन 150 आंगनबाड़ी केंद्र किराए के मकान में चल रहे हैं। 277 आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय नही है। इसके साथ ही 577 आंगनबाड़ी केंद्र में बिजली नही है। तो वहीं लगभग 100 केंद्रों में पेयजल की व्यवस्था ही नहीं है। इन सबके बीच जिला प्रशासन आंगनबाड़ी के केंद्रों का संचालन कर रहा हैं। वहीं केंद्रों में बच्चों को दिए जाने वाले पोषण आहार की भी कोई मॉनिटरिंग करने वाला नहीं है बच्चों को पानी युक्त सोयाबीन आलू की सब्जी या खिचड़ी खिलाकर सन्तुष्ट घर भेज दिया जाता है।

### किराए व उधार के भवन में संचालित हो रहे केंद्र

जिले में कुल 229 आंगनबाड़ी केंद्र के लिए स्वयं के भवन की कमी है। इसके चलते ही जिले के 150 केंद्र किराए के भवन में संचालित हो रहे हैं। जबकि लगभग 80 आंगनबाड़ी केंद्र उधार के भवन व मकान, सामुदायिक भवन, सार्वजनिक भवन या फिर दान के भवन या कमरे में संचालित हो रहे हैं। मतलब जैसे तैसे काम चल रहा है।

### केंद्र के बच्चे खुले में जा रहे शौच

कबीरधाम जिला खुले में शौचमुक्त जिला है, लेकिन यहां के बच्चे खुले में शौच जाते हैं वह भी आंगनबाड़ी केंद्र के ही बच्चे। जिला प्रशासन द्वारा दी गईं जानकारी के अनुसार 277 आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय की सुविधा नहीं है। जबकि 150 केंद्र किराए के भवन व अन्य स्थानों पर संचालित हो रहे हैं उसमें भी नाममात्र केंद्रों में ही शौचालय की सुविधा है। मतलब 250 से अधिक केंद्रों में शौचालय ही नहीं है।

### दो हजार बच्चे गंभीर कुपोषित

कबीरधाम जिले में नौ एकीकृत बाल विकास परियोजना अधिकारी, 63 सेक्टर पर्यवेक्षक होने के बावजूद यहां पर कुपोषण की संख्या कम होने का नाम ही नही ले रहा है। जिले में पोषण पुनर्वास केंद्र की संख्या भी पर्याप्त है बावजूद कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो रहा है वर्तमान में लगभग 2000 बच्चे गंभीर कुपोषित है।

## वक्फ संशोधन कानून से देश के मुसलमानों का भला होगा : इब्राहिम

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं नगर पंचायत चिखलाकसा के उपाध्यक्ष अब्दुल इब्राहिम ने केन्द्र की एन.डी.ए. सरकार द्वारा वक्फ अधिनियम में किये गये संशोधन का स्वागत करते हुए कहा कि, यह कानून देश के गरीब मुसलमानों को न्याय देने वाला कानून है। वक्फ एक्ट में संशोधन एवं सुधार समय समय के अनुसार होते रहना चाहिये, वर्तमान में जो विसंगतिया थी उसे दूर किये जाने के लिये यह कानून लाया जा रहा है, जिसके लिए हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं एन.डी.ए. सरकार का आभार व्यक्त करते हुए इस कानून का स्वागत करते है। इब्राहिम ने कहा कि वक्फ बोर्ड गरीब मुसलमानों के उत्थान एवं कल्याण के लिये बनाया गया है लेकिन वक्फ बोर्ड के एक्ट की शक्तियों का सिर्फ दुरूपयोग ही हो रहा है जिससे देश के संघराज्य एवं राज्य वक्फ बोर्डो अधिकार व शक्तियां प्रदान करने को प्राप्त असीमित अधिकार एवं शक्तियों की के कारण यह मजहबी जमींदारी, भ्रष्टाचार एवं भूमाफियाओ को संरक्षण दे रहा है। वर्तमान में जो वक्फ एक्ट है वो पूरी तरह से निरंकुश है और इससे आम मुसलमानों को कोई फायदा नही हो रहा है। संशोधित वक्फ कानून में जमींदारी की दादागिरी तथा भूमाफिया एवं अतिक्रमणकारियों पर नकेल कसने वाला कानून है। अब्दुल इब्राहिम ने आगे कहा कि वक्फ अधिनियम की धारा 09 एवं 14 में बदलाव से बोर्ड और अधिक सशक्त एवं प्रभावशील होगा, वक्फ संपत्ती का पंजीयन सत्यापन से होगा जिससे वक्फ कानून 2013 के दुरूपयोग को रोका जा सकेगा। कलेक्टर को वक्फ संपत्ति के मामले में शामिल किये जाने से वक्फ बोर्ड का कार्य और अधिक प्रभावशील होगा। नये संशोधन कानून से मुस्लिम समाज के गरीब, तलाकशुदा, विधवा के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास के लिये वक्फ बोर्ड कार्य कर सकेगा। पूर्व में भी काँग्रेस सरकार द्वारा वक्फ एक्ट में समय समय पर संशोधन हुआ है। वक्फ बोर्ड के पास 8.7 लाख करोड़ की संपत्ती, 9.4 लाख एकड़ के लगभग जमीन है। इसका सदुपयोग होने से निःसंदेह देश के गरीब मुस्लिम समाज को सीधा फायदा होगा व उनकी शैक्षणिक एवं आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

## तिरंगे की शान में उमड़ा जनसैलाब बेमेतरा में तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन

### जनप्रतिनिधि सहित बच्चों और गणमान्य नागरिकों सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी ली



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत बेमेतरा में जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा जय स्तंभ चौक से प्रारंभ होकर शहरी क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों और बाजारों से गुजरते हुए पुनः जय स्तंभ चौक पर समाप्त हुई। इस भव्य तिरंगा यात्रा में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू सहित बड़ी संख्या में स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी, अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय निवासी और गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जवाहर नवोदय विद्यालय के बच्चों के बैंड की धुन पर तक़रीबन 2000 से स्कूली बच्चों सहित अधिकारी-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों ने तिरंगा लहराते हुए इस यात्रा में सभी ने देशभक्ति का प्रदर्शन किया। विधायक सहित ज़िला अधिकारियों और बच्चों गणमान्य नागरिकों ने सेल्फी पोइंट पर सेल्फी ली और कैनवास पर जय हिन्द और तिरंगा के सम्मान में शब्द लिखें। विधायक दीपेश साहू ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 09 से 15 अगस्त, 2024 तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम के आयोजन की जानकारी दी। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करें, जिससे देशभक्ति की भावना को और अधिक प्रोत्साहन मिले और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान बढ़े। विधायक दीपेश साहू ने सभी को तिरंगे के सम्मान और हर घर तिरंगा फहराने के साथ-साथ नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। कलेक्टर शर्मा और पुलिस अधीक्षक साहू ने भी इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएँ दीं। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि जिले में हर घर तिरंगा अभियान पूरी गरिमा के साथ झंडा संहिता का पालन करते हुए मनाया जा रहा है। उन्होंने ज़िले वासियों से घर-घर पर पूरे सम्मान और नियम के साथ भारतीय झंडा फहराने की अपील की है। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा और राजेंद्र तिवारी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और सभी को बधाई दी।

## ढोलिया में तिरंगा यात्रा में निकले भ्रमण पर

**बेमेतरा।** ग्राम ढोलिया में हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों तथा बच्चों ने हाथ में तिरंगा लेकर ग्राम का भ्रमण किया। संस्था की शिक्षिका अर्चना झा ने हर घर तिरंगा अभियान के सम्बन्ध मे जानकारी दी और कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को



अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना और उनके मन मे तिरंगे और राष्ट्र के प्रति सम्मान का भाव जागृत करना है। इस तिरंगा यात्रा में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ देश प्रेम से संबंधित नारे लगाए। इस तिरंगा यात्रा में पूर्व माध्यमिक विद्यालय की प्रधान पाठक दीपक कौशल, प्राथमिक विद्यालय के प्रधान पाठक विनोद कुमार सेन, काजल दुबे, सुकन्या सिंह, हेमलता साहू सहित शिक्षक गण एवं विद्यार्थी शामिल हुए।

## सरदा में स्टील प्लांट लगाने के विरोध में क्षेत्र के किसान हुए लामबंद, महिलाओं ने खोला मोर्चा

### 100 से अधिक महिला समेत 1 हजार ग्रामीणों ने प्रदर्शन के



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम सरदा में स्टील प्लांट के निर्माण पर रोक लगाने की मांग को लेकर क्षेत्र के किसानों ने जंगी प्रदर्शन किया। किसानों के अनुसार स्थानीय सर्व व राज्य स्तर पर लगातार शिकायत करने के बाबजूद उनकी मांगों को नहीं माना जा रहा है। ऐसी स्थिति में किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। सुबह करीब 10 बजे शुरू हुए प्रदर्शन शाम 5 बजे तक जारी था। भाजपा के नेता 3 बजे के प्रदर्शन स्थल पहुंचे थे। प्रदर्शन में आसपास के दर्जन भर गांव से अधिक किसान व महिलाएं पहुंची थी। प्रदर्शनकारियो ने हाथों में तख्ती लेकर संयंत्र निर्माण को रोक लगाने की मांग रखी है। प्रदर्शनकारी शासन प्रशासन के खिलाफ लगातार नारेबाजी कर रहे थे। प्रदर्शन में योगेश तिवारी, गौकरण साहू सूर्यकांत साहू, रेख राम साहू, सूर्या चौहान, सिद्दीक खान, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, हेमंत वैष्णव, पुष्पा टांकेश, मोंटी साहू समेत क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।

### बेमेतरा जिला कृषि प्रधान, आय का प्रमुख स्रोत खेती

12 गांव के किसान संघ के जिला अध्यक्ष सुरीत साहू की अगुवाई में क्षेत्र के किसानो ने सरदा में प्लांट स्थापना का विरोध कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने बताया कि बेमेतरा जिला कृषि प्रधान क्षेत्र है, इस क्षेत्र का मुख्य व्यवसाय कृषि है। बेरला क्षेत्र के निवासी धान, दलहन, तिलहन, सब्जी व फलों का उत्पादन करते है। यहां आय का प्रमुख स्रोत खेती से ही होता है।

### सरदा में 43 एकड़ भूमि पर प्लांट का निर्माण शुरु, अपशिष्ट से कृषि होगी प्रभावित

सरदा में 42.68 एकड़ में स्टील प्लांट की स्थापना की जा रही है। इससे कृषि क्षेत्र के साथ-साथ फसल उत्पादन पर दुष्प्रभाव पड़ेगा। सरदा में उद्योग लगने से कृषि कार्यों में, प्लांट से निकलने वाले धुंए, वेस्ट वाटर व अपशिष्ट पदार्थों से कृषि कार्य के साथ-साथ आम जन जीवन प्रभावित होगा। एक समय के बाद यहां कृषि कार्य समाप्त हो जाएगा, जिससे किसानों के सामने जीवकोपार्जन के लिए आर्थिक समस्या उत्पन्न हो जाएगी ।

### स्थानीय को रोजगार देने का वादा कर, की जाती है बाहरियों की भर्ती

जानकारी के अनुसार बेरला में स्थापित उद्योगों में 60 से 70 प्रतिशत कमर्चारी बाहरी है। प्लांट के निर्माण के दौरान स्थानीयों को रोजगार देने का वादा किया जाता हैं, लेकिन स्थापना के बाद स्थानीय को दरकिनार कर बाहरी कामगारों को रोजगार में प्राथमिकता दी जा रही है। स्पष्ट है कि प्लांट स्थापना के दौरान क्षेत्र के लोगो को रोजगार में प्राथमिकता दिए जाने का वादा किया जाता है, जिसे बाद में भुला दिया जाता है।

### दर्जन भर गांव के किसान होंगे प्रभावित

पूर्व नपाध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि ने बेमेतरा विधानसभा कृषि प्रधान क्षेत्र है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिले के हर ब्लॉक में फूड प्रोसेसिंग प्लांट खोलने की घोषणा की थी। कांग्रेस ने पूरे कार्यकाल में अपनी घोषणा को पूरा नही कर पाईं। जिसका खामियाजा जिले के किसानों को भुगतना पड़ रहा है। प्लांट स्थापना से सरदा, लेंजवारा, जामगांव, देवरी, पाहन्दा, बावनलाख, भिलौरी, आन्दू समेत दर्जन भर गांव के किसान प्रभावित होंगे।

### जनसुनवाई में पुरजोर विरोध के बावजूद निर्माण शुरू

विधायक दीपेश साहू ने कहा कि ने कहा की पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में सरदा में स्टील प्लांट निर्माण के लिए एनओसी दिया गया था। इसके बाद प्लांट निर्माण का काम शुरू हो गया था और उसी समय क्षेत्र के किसान भाइयों ने इनका पुरजोर विरोध किया था और पर्यावरण विभाग द्वारा रखी गई जनसुनवाई में 100% ग्रामीणों ने विरोध दर्ज करवाया था। इसके बावजूद एनओसी देकर सरदा में स्पंज आयरन स्टील प्लांट का निर्माण कर शुरू हो गया।

# ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम अंतर्गत दौड़ व मैराथन का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में आमजनों में देशभक्ति की भावना विकसित करने और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान बढ़ाने के उद्देश्य से 15 अगस्त तक जिले में ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत आमजनों को 15 अगस्त के दिन अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के अंतर्गत जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल दाउपारा सहित जिले के विभिन्न स्कूलों में तिरंगा दौड़ और मैराथन का आयोजन किया गया। इस मैराथन दौड़ में सैकड़ों स्कूली विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और लोगों को स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा के मूल्यों को मनाने के लिए प्रेरित किया। जिला शिक्षा अधिकारी सी. के. घृतलहरे ने बताया कि जिले के सभी स्कूलों में 13 अगस्त को तिरंगा के प्रति राष्ट्रीय गर्व की अनुभूति कराने के लिए देश भक्ति संगीत के साथ गीत गायन प्रतियोगिता, 14 अगस्त को विद्यार्थियों एवं लोगों में ध्वज के मूल्यों के प्रति अनुभूति विकसित करने तिरंगा प्रतिज्ञा एवं तिरंगा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को याद कर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को ध्वजारोहण के बाद तिरंगा एवं देशभक्तों के प्रति सम्मान का गुण विकसित करने स्टाल लगाया जाएगा।

### विद्यार्थियों को नशामुक्ति के लिए भी दिलाई गई शपथ

''हर घर तिरंगा'' अभियान के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणाम की जानकारी देते हुए आमलोगों को नशा नहीं करने के लिए जागरूक करने की शपथ भी दिलाई गई।

### जिले के डाकघरों में तिरंगा झंडा उपलब्ध

शासन द्वारा आजादी के 77 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में ''हर घर तिरंगा'' अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत जिले के डाकघरों में ''राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा'' 20,30 इंच 25 रूपए की दर पर उपलब्ध है। कलेक्टर राहुल देव ने ''हर घर तिरंगा'' अभियान को सफल बनाने सभी अधिकारी-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को अपने नजदीकी डाकघर से तिरंगा झण्डा खरीदकर अपने घरों में ध्वजारोहण करने की अपील की है।

### जिला मुख्यालय में तिरंगा रैली का आयोजन 14 अगस्त को

जिला प्रशासन द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 अगस्त को जिला मुख्यालय में ''स्वतंत्रता/तिरंगा रैली'' का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन प्रातः 07.30 बजे आगर खेल परिसर पुराना बस स्टैण्ड मुंगेली से प्रारंभ होकर जिला कलेक्टोरेट परिसर स्थित जनदर्शन कक्ष में सम्पन्न होगा। वरिष्ठ खेल अधिकारी संजय पाल ने बताया कि इस आयोजन में विभिन्न खेलों के खिलाड़ी, छात्र-छात्राएं, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण और विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल होंगे।

# देशी पिस्टल एवं तलवार के साथ 02 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



देशी पिस्टल एवं तलवार के साथ 02 आरोपी गिरफ्तार। प्रार्थी ने थाना जांजगीर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 12.08.24 को स्कूल में छात्रो के बैग की चेकिंग के दौरान एक छात्र के बैग से पिस्तौल नुमा लोहे का एक हथियार मिला की रिपोर्ट पर थाना जांजगीर में अपराध क्र. 659/2024 धारा 25 आर्म्स एक्ट 3 (5) BNS का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक को सादी वर्दी में उक्त पिस्तौल नुमा हथियार के संबध में पुछताछ कर कथन लिया गया जोस्वीकारोक्ति कथन में अपने पिता की आलमारी से लाना बताया बालक के द्वारा अपने स्कूल के अन्य छात्रो के द्वारा घर में पिस्तौल होना बताया था। जिसे अन्य बच्चो को दिखाने लाने बताया था। जिसके मेमोरेण्डम कथन के आधार पर बालक के परिजन लखनेश्वर उर्फ कल्लू कहरा एंव लालू कटकवार को पुलिस हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया। आरोपीयों के द्वारा उक्त देशी पिस्तौल हथियार को बोलबम बासुकीनाथ से खरीद कर लाना एंव उसके साथ एक तलवार भी लेकर आना मेमोरेण्डम कथन में बताये तथा उनके मेमोरेण्डम कथन के आधार पर लालू के द्वारा अपने घर से एक तलवार को पेश करने पर बरामद किया गया है। आरोपी (1) लखनेश्वर उर्फ कल्लू कहरा पिता आनंद राम कहरा उम्र 45 वर्ष (2) लालू कटकवार पिता आनंदराम कटकवार उम्र 35 वर्ष दोनो निवासी केरा रोड जांजगीर लालू होटल थाना जांजगीर जिला जांजगीर चांपा द्वारा अपराध का घटित करना स्वीकार किये जाने से विधिवत् गिरफ्तार कर दिनांक 13.08.2024 न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। तथा बालक को पृथक से किशोर न्यायालय जांजगीर पेश किया गया जिसे बाल सम्पेक्षण गृह कोरबा भेजा गया। दोनों आरोपीगण लालू होटल जांजगीर के संचालक है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी जांजगीर, उपनिरीक्षक उमेन्द्र मिश्रा, प्रधान आरक्षक राजकुमार चंद्रा, आरक्षक ईश्वरी राठौर, प्रवीण कुमार एवम थाना जांजगीर स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# शासकीय नवीन प्राथमिक शाला सोंठी में नशा मुक्ति को लेकर हुआ जागरूकता कार्यक्रम




पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

भारत सरकार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत शासकीय नवीन प्राथमिक शाला मिल मुहल्ला सोंठी में प्रधान पाठिका संगीता साहू, सहायक शिक्षक अल्का कंवर, सहायक शिक्षक अमिता गबेल, सहायक शिक्षक सीता टुंडे एवम् कक्षा पहली से कक्षा पांचवीं के बच्चों के साथ मिलकर शपथ एवम् रैली का आयोजन किया गया। जिसके अनुक्रम में विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र थीम पर कार्यक्रम आयोजित हुआ, इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने जहां बच्चों को नशा मुक्ति को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई, तो वहीं भारत शासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला एवं जागरूकता रैली में भी ग्राम वासियों को भी नशा मुक्ति को लेकर जानकारी दी गई एवं इस रैली में भी काफी संख्या में विद्यालय परिवार के सदस्य एवं विद्यार्थी शामिल हुए।

# अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन में राष्ट्रीय स्तर पर हुआ नए पदाधिकारीयो का मनोयन

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com




अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल कोलकाता ने 12 अगस्त 2024 को संगठन में नए पदाधिकारीयो को मनोनीत किया है। अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने राष्ट्रीय स्तर पर जहां सम्मेलन के कार्यों को गति देने तथा संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में उपरोक्त नए पदाधिकारीयो को जिम्मेदारी दी है, तो वहीं चार राज्यों में युवा सम्मेलन के लिए प्रदेश अध्यक्ष भी नियुक्त किए गए हैं, तथा अंतरराष्ट्रीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमर सुल्तानिया की स्वीकृति से युवा इकाइयों के प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति की गई है, एवं आने वाले दिनों में समस्त नव मनोनीत पदाधिकारीयो को संगठन को मजबूत बनाने तथा सदस्यता अभियान को गति देने की भी बात कही गई है, अनिल अग्रवाल जी मुंबई (महाराष्ट्र) अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन- राष्ट्रीय सदस्यता वृद्धि अभियान के कोऑर्डिनेट, डॉक्टर निशीथ ऐंरन नजीबाबाद उत्तरप्रदेश- युवा अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री, प्रतीक अग्रवाल रायगढ़ (छत्तीसगढ़)- युवा अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष, सचिन बंसल जी दिल्ली- युवा अग्रवाल सम्मेलन दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष, हिमांशु गोयल भागलपुर बिहार- युवा अग्रवाल सम्मेलन बिहार प्रदेश अध्यक्ष, राजेंद्र मित्तल जी जयपुर राजस्थान- युवा अग्रवाल सम्मेलन राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष, पवन सुल्तानिया झारसुगुडा उड़ीसा अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन उड़ीसा प्रदेश 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन में हुए नए पदाधिकारीयो के मनोयन के बाद जहां संगठन में भी उत्साह देखा जा रहा है, तो वहीं अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार के सदस्यों ने भी सभी नए पदाधिकारीयो को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं, साथ ही आने वाले दिनों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युवा इकाई के भी राष्ट्रीय संगठन को विभिन्न प्रदेश इकाइयों के माध्यम से भी मजबूत बनाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल की जा रही है।

# शासकीय महाविद्यालय में विश्व हाथी दिवस अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर हुए आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ति में दिनांक- 12 अगस्त 2024 को विश्व हाथी दिवस, अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस और नशामुक्ति पर शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।शासन के निर्देशानुसार इन विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया ।छात्र छात्राओं को हाथियों के सरंक्षण, उनकी विलुप्ति के कारण और उनकी संख्या में वृद्धि के लिए संदेश दिया गया और शपथ दिलाया गया, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डी पी पाटले द्वारा नशामुक्ति पर शपथ दिलाया गया और सभी को नशे से दूर रहने का संकल्प लेने को कहा गया। प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े (जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना)द्वारा अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर शपथ दिलाया गया।कार्यक्रम में डॉ शकुंतला राज, प्रो ऋतु पटेल प्रो सीमा साहू प्रो यज्ञचरण राठिया, राजकुमार निर्मलकर और छात्र छात्राएं सहित स्टाफउपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े (जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना) द्वारा किया गया,आभार प्रदर्शन प्रो ऋतु पटेल द्वारा किया गया।

# आरटीई के छात्रों से मिले पुलिस अधीक्षक आगे बढ़ने दी ढेर सारी टिप्स, कुशलक्षेम जाना

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



राज्य शासन द्वारा निः शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में आरक्षित सीटों पर कमजोर एवं दुर्बल वर्ग के अलाभित समूह के बच्चों को निःशुल्क प्रवेश दिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा इन बच्चों की शिक्षा से संबंधित उनके पालकों को सहायता प्रदान करने तथा पालक, स्कूल प्रबंधन एवं प्रशासन के मध्य समन्वय कर शिक्षा की निरन्तरता हेतु मेंटर नियुक्त करने का आदेश दिया गया है। निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर अवनीश शरण, पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह सहित जिले के 117 आला अधिकारियों को मेंटर नियुक्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक सिंह को डी.पी.एस. तिफरा स्कूल का मेंटर नियुक्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक निरीक्षण के इस क्रम में डी.पी.एस., तिफरा स्कूल पहुंचे। इस दौरान प्राचार्य डी.पी.एस. जसपाल सिंह मथ एवं शिक्षक वृंद उपस्थित थे। स्कूल में आरटीई के परिपालन में अलाभित समूह के बच्चों से मिलकर पुलिस अधीक्षक द्वारा उनका कुशल-क्षेम पूछा गया एवं बच्चों को पढ़-लिख कर समाज एवं परिवार का नाम रौशन करने प्रेरित किया गया।

बच्चों को सामाजिक बुराई नशे आदि से दूर रहने, मोबाईल, सोशल मीडिया प्लेटफार्म में अपना समय बरामद न करने की समझाईश देते हुये स्कूल में अनुशासन का पालन करते हुये पूरा ध्यान पढ़ाई में लगाकर ज्ञानार्जन कर एक बेहतर नागरिक बनने की प्रेरणा दी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा डी.पी.एस. विद्यालय प्रबंधन से भी चर्चा की गई तथा इन विद्यार्थियों के संबंध में किसी भी समस्या को सीधे संज्ञान में लाने तथा उसका निदान तत्काल करने निर्देशित किया गया। इन बच्चों से समानता का व्यवहार करने व स्कूल के शिक्षा सहित अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में शामिल कर उत्साहवर्धन करने के भी निर्देश दिये गये ।

# जिले की पुलिस मुखिया औचक निरीक्षण में पहुंची थाना डभरा



पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

जिले की आईपीएस पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा अपनी पदस्थापना के बाद से ही जाने निरंतर पूरे जिले में पुलिस के कार्यो में कसावट लाने सतत थानों का प्रवास कर रही है, तो वही पुलिस प्रशासन के कार्यो को छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग की मंशानुरूप बेहतर बनाने की दिशा में एसपी मैडम का प्रयास काफी सराहनीय है,इसी श्रृंखला में 12 अगस्त को पुलिस अधीक्षक सक्ती द्वारा थाना डभरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, इस दौरान SP अंकिता शर्मा के निरीक्षण में पुलिस स्टाफ साफ- सुथरी वर्दी में उपस्थित मिले तथा थाना भवन एवं थाना कैंपस का निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई भी संतोष जनक पाई गई,थाने में संधारित्र रिकॉर्ड एवं रजिस्टर ग्राम अपराध पुस्तिका ग्राम कोटमी,कोमो, कंवलाझर, भेडीकोना, तेंदुमुडी का अवलोकन करने पर सही पाया गया।तथा शिकायत रजिस्टर, मुलाहिजा रजिस्टर तथा अन्य रजिस्टरों को चेक कर एवं लंबित अपराध चालान की समीक्षा कर लंबित मामलों का त्वरित निराकरण करने तथा थाना क्षेत्र में होने वाले अवैध गतिविधियों पर कारगर कार्यवाही करते हुए किए गए कार्यवाही की सूचना देने आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया ज्ञात हो की शक्ति जिले में एसपी अंकिता शर्मा द्वारा प्रत्येक थाना क्षेत्र में पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित कर थाना परिसर में स्वच्छता का विशेष ध्यान देने तथा पुलिस थाना के सभी अधिकारी एवं जवानों को अपनी जिम्मेदारियो के प्रति सजग रहने के निर्देश दिए जाते हैं, तथा एसपी मैडम के पुलिस थानों में सीधे प्रवास से जहां थानों में भी अपने जिले के मुखिया के आकस्मिक निरीक्षण को लेकर एक दबाव रहता है, तो वहीं थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी जिले की मुखिया को जानकारी मिलती है।


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्र.-1 (छत्तीसगढ़)

### // निविदा सूचना //

(प्रथम आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| एन.आई. टी.क्र. टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 132/ 157221 | B.T. Patch Repair Work, Wmm Patch Repair And Other Repair Work Of Various Roads Of Abhanpur Section No-03 & Nawapara Section Under Sub Division Abhanpur 1.Dadarjhori Manikchauri Tokro Kodapar Marg (MDR) 1/2 to 10/4 = 9.40 km. 2.Dongitrai Pipraud Umarpoti Sundarkera Road (Main District Road) 1/2 to 17/2 =16.20 km. 3. Tarri Pateva Road (Rural Road) 1/2 to 4/2 = 3.20 km. 4. Chipridih Internal Road (Rural Road) 1/2 to 2/8 (1.65 km) 5. Khola Thelkabandha Dadarjhori Road (VR) 1/2 to 5/6 Length 4.60 km) 6. Jawaibandha approach road (VR) 1/2 to 1/6 Length 0.60 km 7. Jawaibandha-Khola road (VR) 1/2 to 3/6 Length 2.60 km 8. Nawagaon Jaundi Marg (VR) 1/2 to 3/10 = 3.00 km. 9. Navapara Chhanta Kathiya Road (MDR) 1/2 to 13/10 = 12.75 km. 10. Navagaon Parsada Road (Rural Road) 1/2 to 1/10 = 0.85 km. 11. Sonth Ghont Road (Rural Road) 1/2 to 2/10 =2.00 km. 12. Navapara Paragaon Road (Rural Road) 1/2 to 1/10 = 1.00 km. 13. Lakhna-Champaran Road (Rural Road) 1/2 to 5/10 = 5.00 km. 14. Sonesilli-Chhata Road (Rural Road) 1/2 to 2/10 (2.00 km). | रू. 80.00 लाख |
| 133/ 157222 | B.T. Patch Repair Work, Wmm Patch Repair And Other Repair Work Of Various Roads of Abhanpur Section No.-01, Section No.02 & Khilora Section Under Sub Division Abhanpur 1. Jamgaon-Khola Road (VR) 1/2 to 2/4 Length 1.40 km 2. Satpara Approach road (VR) 1/2 to 1/10 1.00 km. 3. Sarkhi Sakri Beler Sarabada Road (MDR) length 8.30 km. 4. Kendriya Singarbhatha Chhachanpari Marg (MDR) 7/10 to 10/22.00 km. 5. Parsulidih Lamkeni Dhodhara Road (MDR) 1/4 to 2/6, 3/4 to 3/6, 4/4 to 4/6 and 2.20 km. 6. Chhote Urla Approach roads (VR) 1/2 to 1/10 = 1.00 km. 7. Baler-Kopedih Road (Rural Road) 1/2 to 1/4 =0.30km. 8. Abhanpur Biroda Approach road length (rural road) 2/2 to 2/4 0.25 km. 9. Urla Pacheda Road Length (Rural Road) 6/2 to 7/2 (75 m) = 1.075 km 10. Chandi Belar Sarbada Marg (Rural Road) 3/2 to 3/6-4/2 to 4/8(70 m) = 1.270 km. 11. Abhanpur Kolar Tekari Marg (MDR) Km. 1/2 to 3/6 - 5/2 to 11/28.47 km. 12. Chhachanpari Julum Mundra Marg (VR) 1/2 to 3/4-5/6 to 6/10-3.70 km. 13. Amadi Raveli Marg (Rural Road) 1/2 to 2/10= 3.68 km. 14. Bendri Approach road (rural road) 1/2 to 2/2 = 1.20 km. 15. Jhanki Baktara Biroda Marg (Rural Road) 1/2 to 8/4 7.30 km. 16. Chhachanpari Khilora Marg (Rural Road) 1/2 to 3/4 = 2.40 km. | रू. 80.00 लाख |
| 134/ 157223 | B.T Patch Repair work on Various Roads Under Section No. 1, Sub Dn. No. 3 Raipur 1.Simga Tilda Kharora Arang Nawapara Magarload Dhamtari Road (SH-20) KM Length 7.5KM 2.Gourbhat Bhalera Tamasivni Tandul Road KM 1 to 17 Length 17KM 3. Uperwara Cheriya Kurru Road KM 6 to 10 Length 5KM 4. Vidhansabha Fly Over KM 1 Length 1KM 5.Torla Kathiya Abhanpur KM 1/2 to 3/2 Length 2.2KM 6.Jamgaon Mandlor Pond Danganiya Road KM 1 to 12 Length 9KM 7. Sunderkera Kathiya Nawagaon Road KM 1/2 to 3/2 Length 2.2KM 8.Kathiya Tarra Ugetara Nawgaon Road KM 1 to 5 Length 5KM 9.Ganoud Kharkharahadih Road KM 1/2 to 3/2 Length 2.2KM 10. Jounda Mandlore Road KM 1 to 3 Length 3KM 11.Torla Tila Champaran Jounda road KM 14 to 18 Length 5KM12.Charoda Khapri Tamasivni Bhurka Pond Road KM 1/2 to 4/2 Length 3.2KM13.Torla Bhurka Kumhari Road KM 1/2 to 5/8 Length 4.8KM14.Tarra 17 Nos. Nali Nawagaon KM 1/2 to 3/8-100 Length 2.7KM15.Doma Gourbhatti Road KM 1/2 to 2/4 Length 1.4KM16.Dhamni Ganod Road KM 1/2 to 2/4 Length 1.4KM17.Bhothidih Champaran Road KM 1/2 to 4/8-100 Length 3.7KM 18.Cheriya Kurru Road KM 1/2 to 4/8-100 Length 3.7KM 19.Torla Approach Road KM 1/2 to 2/2 Length 1.2KM | रू. 120.00 लाख |
| 135/ 157224 | W.M.M. & B.T Patch Repair work on Various MDR & Village Roads in Section No.3 Road Under Sub Dn. No. 3 Raipur 1. Jhanki Murra pacheda Road 3.00 km Jhanki Murra pacheda Road 3.00 km 2. uparwara bus stand to ITM university length km 2.00 km 3. Administrative Academy nimora internal Raod length 1.00 km 4. Kendri Uparwara Road Km 3.1 Km. 5. Bhelwadih to Uparwara Raod length 1 km 6. Tuta to nimora Road length 0.60 km 7. uparwara to manakhar length km 2.00 km | रू. 30.52 लाख |
| 135/ 157225 | B.T. PATCH REPAIR WORK ON VARIOUS ROAD UNDER CONSTRUCTION SUB DIVISION NO.-1, SECTOR-17, NAVA RAIPUR (C.G.) Abhanpur Kolar Tekari Sonpairi khilora Road km 11/2 to 22/6 km | रू. 25.00 लाख |

डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 27.08.2024 समय सायं 5:30 बजे तक उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

G-242501756/6

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि. मंडल क्रं.-1, रायपुर (छ.ग.)


# संस्कार सेंट्रल स्कूल जैजैपुर की छात्रा ख्याति देवांगन को मिला कथक अधिभम्म पुरस्कार



**जैजैपुर।** संस्कार सेंट्रल स्कूल जैजैपुर जिला सक्ति छत्तीसगढ़ की कई उपलब्धियों के क्रम में आगे बढ़ते हुए पद्मश्री कथक गुरु रायगढ़ घराने श्री रामलाल बरेठ जी से सम्मानित हुई, ख्याति देवांगन कक्षा सातवीं की छात्रा। ख्याति देवांगन को कथक नृत्य में कथक अधिभम्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता 2,3,4 अगस्त को बी .टी. सी .कॉलेज ऑफ साइंस कोनी बिलासपुर में संपन्न हुआ जिसमें कई प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। विभिन्न क्षेत्रों के कलाकारों के मध्य हमारे जैजैपुर की बेटी ने अपने कला का प्रदर्शन कर विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया हैं।संस्कार सेंट्रल स्कूल के प्रिंसिपल एस एल नापित और सभी शिक्षकों ने शुभकामनाएं और आशीष दिए।

**स्वतंत्रता दौड़ आज,कलेक्टर ने शहरवासियों से अधिकाधिक सहभागिता की अपील की -- बिलासपुर।** राज्य शासन द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भारतीय ध्वज तिरंगा के गौरव को बनाए रखने हर घर तिरंगा कार्य म के अंतर्गत तिरंगा मैराथन स्वतंत्रता दौड़ आयोजित करने के निर्देश दिए गए है। इसी क्रम में हर वर्ष की भांति जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 14 अगस्त को सुबह 7.30 बजे से स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया है। मैराथन दौड़ नेहरू चौक से शुरू होकर देवकीनंदन चौक, कम्पनी गार्डन, राघवेन्द्र राव सभा भवन, सदर बाजार, गोल बाजार मार्ग से तेलीपारा रोड, पुराना बस स्टैण्ड, अग्रसेन चौक, यातायात थाना से होते हुए पिंक स्टेडियम बिलासा गर्ल्स कॉलेज में समाप्त होगी। कलेक्टर अवनीश शरण ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है।


### कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8(1)

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एंव प्रतिभूति हित प्रवर्तन एक्ट 2002 के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.) (जिसे पहले इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (आईआईएफएल-एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं को राशि चुकाने के लिए एक मांग नोटिस जारी किया गया था, इसके द्वारा उधारकर्ता और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी उक्त नियमों की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और सामान्य रूप से जनता को एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे संपत्ति से सौदा न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेनदेन आईआईएफएल एचएफएल के प्रभार वास्ते और भविष्य के ब्याज के अधीन होगा, जैसा कि उल्लिखित है।
उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तारीख से पहले किसी भी समय सभी लागत प्रभारों और खर्चों के साथ ''आईआईएफएल एचएफएल'' की बकाया राशि को स्वीकार करता है, सुरक्षित परिसंपत्तियों को ''आईआईएफएल एचएफएल'' द्वारा बेचा या स्थानांतरित नहीं किया जाएगा और सुरक्षित परिसंपत्तियों के हस्तांतरण या बिक्री के लिए ''आईआईएफएल एचएफएल'' द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा।

| कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों)/ का नाम शाखा | सुरिक्षत आस्तियों का विवरण (अचल सम्पत्ति) | कुल बकाया राशि | मांग सूचना की तिथि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री अमन कुमार सिंह, श्रीमती श्वेता सिंह (प्रोस्पेक्ट नं. IL10031622) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि प्लॉट नं. एल-31, पी.एच.नं.-08, आर.एन. एम भिलाई-3, खसरा नं. 1373/1, 1373/2, 1376, 1380/1 1380/2, 1380/3, 1380/4, 1381/1, 1381/2, 13971/1, 1397/2, 1398, 1400, 1401, 1404/2, 1407, 1408/1 1408/2 मारुति इंफ्रासिटी फेज-2, ग्राम सांकरा, तहसील पाटन, दुर्ग, छत्तीसगढ़, भारत, 492001 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफल 600.00 | रु. 5,86,945.00 (रु. पांच लाख छियासी हजार नौ सौ पैंतालीस मात्र) | 16-05-2024 | 08-08-2024 |
| श्री राजन कुमार, श्री राधेश्याम शर्मा श्री शीला देवी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10067296) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि संपत्ति जोकि : के एच नं. 636/3 का खुला डायवर्टेड भूमि भाग, वाके मौजा गोंदवारा, गंगानगर, यतियतनलाल, वार्ड नं. 4, पीएच नं. 108/38/37, रायपुर, सीजी-492001 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि_क्षेत्र, कॉरपेट_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफलः 924.00, 600.00 | रु. 6,48,425.00 (रु. छह लाख अडतालीस हजार चार सौ पच्चीस मात्र) | 12-04-2024 | 08-08-2024 |
| श्री वेंकटेश मल्लीपद्दी, एम एम टेलर, श्रीमती सुनीता वेंकटेश मल्लीपद्दी, (प्रोस्पेक्ट नं. IL10424641) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि फ्लैट नं. ईडब्ल्यूएस 28, भूतल, ब्लॉक 3, खसरा नं. 227/1 का हिस्सा, सेक्टर 8, मौजे सद्दू, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001, क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफल 350.00 | रु. 6,54,614.00 (रु. छह लाख चौवन हजार छह सौ चौदह मात्र) | 16-05-2024 | 08-08-2024 |
| श्री दीपेन्द्र दास श्रीमती रेखा (प्रोस्पेक्ट नं. IL10051239) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि ईडब्ल्यूएस फ्लैट नं. 828, आठवीं मंजिल, कारपेट एरिया क्षेत्रफल 304 वर्ग फीट, निर्मित क्षेत्रफल 375.20 वर्ग फीट, सुपर निर्मित क्षेत्रफल 533.48 वर्ग फीट, योजना फेज-2, ब्लॉक नंबर-ए, रायपुर विकास प्राधिकरण, इंद्रप्रस्थ रायपुरा, छत्तीसगढ़, भारत, 492001 | Rs.2,48,926/- (Rupees Two Lakh Forty Eight Thousand Nine Hundred Twenty Six Only) | 08-08-2023 | 08-08-2024 |

अधिक जानकारी के लिए कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेंसी, रालपुर के सामने, छ.ग. 492001 या कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट नं. 98, पीएच-IV उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में संपर्क करें।
स्थान : रायपुर, तिथि : 14.08.2024 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड



## कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कवर्धा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

मैनुअल पद्धति निविदा सूचना क्रमांक 02 ( प्रथम आमंत्रण)

क्रमांक/1897/निविदा/ ग्रा.या. सेवा/ 2024-25 कबीरधाम दिनांक 12/08/2024

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल के ओर से केवल एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत 'द' श्रेणी एवं उच्च वर्ग ठेकेदारों से निम्न दर्शित कार्य हेतु निम्न दर्शित मैनुअल निविदा दिनांक 29.08.2024 की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत प्रत्येक कार्य हेतु (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | मिनी स्टेडियम भाग 01<br>विकासखण्ड कवर्धा अन्तर्गत -ग्राम दौजरी, बदराडीह, बैजलपुर,<br>विकासखण्ड बोड़ला अन्तर्गत - ग्राम उसरवाही, झलमला, चिल्फी, खैरबना, बेंदरची, जीताटोला, खारा,<br>विकासखण्ड स0. लोहारा अन्तर्गत ग्राम सुरजपुरा, बड़ौदाखुर्द | 28.23 |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://res.cg.gov.in में अथव कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 14.08.2024 से देखी जा सकती है।

G-242501814/4

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कवर्धा
जिला - कबीरधाम (छ.ग.)

# समस्त ब्राम्हण प्रकल्पों का दिखा सुंदर समायोजन

## सरयू साहित्य द्वारा रामायण ज्ञान परीक्षा आयोजन, तुलसी जयंती पर परीक्षा एवं आख्यान की भव्य छटा निखरी



पायनियर संवाददाता ≺ भाटापारा
www.dailypioneer.com

सेवा सम्मान एवं सौहार्द के सूक्ति वाक्य से संचालित हो रही सरयू साहित्य परिषद द्वारा संस्कृति जागरण के तहत प्रतिवर्ष तुलसी जयंती पर रामायण ज्ञान परीक्षा का आयोजन होता है, इस वर्ष भी आयोजन की छटा पूर्ण भव्यता के साथ बिखरी, व्यापकता का पुट लिए हुए इस आयोजन मे भागीदारी विस्तृत होती हुई नजर आयी।

### समस्त ब्राम्हण प्रकल्पों का समायोजन

रामायण ज्ञान परीक्षा का आयोजन अभी तक केवल सरयूपारी ब्राम्हण समाज के लिए आयोजित होता था लेकिन इस वर्ष यह आयोजन अपने भव्यता एवं व्यापकता के साथ नजर आया,तथा सरयूपारी ब्राम्हण समाज कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज लालसोट ब्राम्हण समाज,आदि गौड़ ब्राम्हण समाज सहित समस्त ब्राम्हण समाज का आयोजन मे समायोजन नजर आया,सभी समाज के प्रमुखों जिनमें अटल बिहारी त्रिवेदी, सत्यनारायण जोशी, हरगोपाल शर्मा सहित वरिष्ठ सदस्यों नरेश चौबे,संतोष पुरोहित अभिषेक उपाध्याय आदि के अहम योगदान से आयोजन संपन्न हुआ।

### पूजन अर्चन से शुभारंभ

कविता शर्मा एवं मुकेश शर्मा के सफल संचालन मे आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती भगवान राम संत शिरोमणि तुलसीदास के पूजन अर्चन से हुआ, रमेश महाराज के सानिध्य मे पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा के करकमलों एवं समस्त जनों की उपस्थिति मे पूजन संपन्न हुआ, उसके उपरांत परीक्षा प्रभारी प्रकाश तिवारी एवं राजेन्द्र जोशी के नेतृत्व मे परीक्षा प्रारंभ हुई, लगभग 200 परीक्षार्थियों की भागीदारी से संपन्न हुई परीक्षा मे पर्यवेक्षक की भूमिका का स्वर्णलता त्रिवेदी, वंदनागोपाल शर्मा, जितेन्द्र गौरहा,अभिषेक मिश्रा, निशा आनंद शर्मा उषा मिश्रा सुषमा मिश्रा टुपेन्द्र शर्मा आदि द्वारा कुशलता पूर्वक निर्वहन किया गया।

### आख्यान माला की भव्य कड़ी

परीक्षा की संपन्नता के पश्चात आख्यान की कड़ी प्रारंभ होने के पूर्व अतिथियों का श्रीफल एवं दुपट्टा भेंट कर अभिनंदन किया गया, उसके उपरांत परिषद के अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा द्वारा परिषद की रुपरेखा एवं उद्देश्यों के संबंध मे विस्तार से जानकारी दी गयी तत्पश्चात आख्यान के विषय आदर्श समाज की स्थापना मे रामचरितमानस का योगदान पर विद्वानों जिनमें आचार्य झम्मन शास्त्री, सूरदास मंदिर प्रमुख पुजारी द्वारा प्रेरणादायी विचार व्यक्त करते हुए मानस की महत्ता एवं आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया, उदबोधन की कड़ी मे विशेष रुप से उपस्थित शहर थाना प्रभारी परिवेश तिवारी द्वारा आयोजन की सराहना करते हुए कानून विषयक बिन्दु पर प्रकाश डाला गया, वहीं पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा द्वारा परिषद के रचनात्मक कार्यों की सराहना करते हुए हर संभव हर समय सहयोग का आश्वासन दिया गया, आयोजन मे प्रमुख रुप से लखन लाल शर्मा, दिनेश शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, अशोक शर्मा श्याम पुरोहित सचिन्द्र शर्मा, ललित तिवाड़ी, सरिता रानी शर्मा, खगेश शर्मा, आशा शर्मा, श्वेता मिश्रा, किरण उपाध्याय, मालती उपाध्याय, कोमल शर्मा आदि का सराहनीय योगदान रहा, प्रसादी वितरण के पश्चात आयोजन का समापन हुआ, आभार प्रदर्शन सर्व विप्र युवा अध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय द्वारा किया गया।

### धारदार चाकू लहराते हुए आरोपी गिरफ्तार

**मंदिरहसौद।** पुलिस द्वारा की जाने वाली पेट्रोलिंग के दौरान भ्रमण पर मंदिर हसौद रावणभांठा के पास एक व्यक्ति अपने हाथ में एक धारदार चाकू रखकर हवा में लहराते हुये आने जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा था, रवी सिंह एवं विवेक पाण्डेय को मुखबीर से सूचना मिलने पर अपने हाथ में लोहे का धारदार चाकू रखकर हवा में लहराते हुये आने जाने वाले लोगो को डराते धमकाते मिला। जिसे हमराह के साथ मिलकर पुलिस द्वारा पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम कृष्णा साहू पिता संतराम साहू उम्र 35 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 04 नयापारा महासमुंद थाना व जिला महासमुंद हाल कन्या शाला स्कूल के पास सिंह काम्प्लेक्स मंदिर हसौद थाना मंदिरहसौद जिला रायपुर का रहने वाला बताया। मौके पर ही आरोपी कृष्णा साहू के कब्जा से लोहे का धारदार चाकू बरामद कर आरोपी को धारा 94 बी.एन.एस.एस का नोटिस देकर चाकू रखने के संबंध में वैध कागजात पेश करने कहा गया। कोई कागजात नहीं होने पर आरोपी कृष्णा साहू को गिरफ्तार कर लिया गया।

## डिवाइन सॉलिटेयर ने अभिनेत्री वाणी कपूर को सॉलिटेयर फेस्टिवल ऑफ इंडिया कैंपेन का चेहरा बनाया है

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रमुख डायमंड सॉलिटेयर ज्वैलरी ब्रांड, डिवाइन सॉलिटेयर्स, को जिसने एक सप्ताह पहले बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर के साथ मिलकर द सॉलिटेयर फेस्टिवल ऑफ इंडिया (टीएसएफआई) के तीसरे संस्करण का अनावरण किया था, को-पार्टनर ज्वैलर स्टोर्स और ग्राहको से पहले ही सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल चुकी है। इसके पिछले दो संस्करणों में उत्सव के दौरान खरीदारी करने वाले ग्राहकों द्वारा 12500 से अधिक उपहार दिए गए और जीते गए। इस साल भी उपभोक्ताओं में काफी उत्साह है, खासकर बजट के बाद सोने की कीमतों में गिरावट आई है और हीरे भी सस्ते हो गए हैं। टीएसएफआई, जिसे भारत के सबसे बड़े डायमंड सॉलिटेयर प्रमोशन के रूप में जाना जाता है, भारत भर के 100+ शहरों में डिवाइन सॉलिटेयर्स के 200+ पार्टनर ज्वैलर स्टोर्स और उनके ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर चल रहा है, जो शानदार डिजाइनों में सेट दुनिया के बेहतरीन डायमंड सॉलिटेयर्स प्रदर्शित करता है। केवल 20,000 रुपये और उससे अधिक कीमत पर शुरू होने वाले, ये शानदार प्राकृतिक हीरे के सॉलिटेयर संग्रह त्योहार और शादी के मौसम से पहले अलग-अलग बजट वाले ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। डिवाइन सॉलिटेयर्स, जो अपने उत्पादों पर कभी छूट नहीं देता है, और वे हमेशा अपने राष्ट्रव्यापी मानक स्टिकर कीमतों पर बेचे जाते हैं, अपने ग्राहकों को पुरस्कृत करने और उन्हें पुरस्कार और उपहारों से प्रसन्न करने के लिए हर साल अगस्त में यह प्रमोशन लाता है।

## राजीव लोचन फाउंडेशन यूथ विंग ने मनाया हरित महोत्सव



पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजीव लोचन फाउंडेशन यूथ विंग ने अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस को हरित महोत्सव के रूप में मनाया। पदाधिकारी गण दिवंगत पूर्वजों एवं शहीदों को नमन करते हुए उनकी याद में श्रद्धांजलि स्वरुप नेताजी सुभाष महाविद्यालय में आंवला का पौधा रोपण किया। फाउंडेशन अध्यक्ष ललित मिश्रा ने बताया की फाउंडेशन के सचिव तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर विवेक मिश्रा ने पौधे की सुरक्षा की जिम्मेदारी ली एवं पूरा बढ़ते तक देखभाल की व्यवस्था का संकल्प लिया। उक्त अवसर पर यूथ विंग के पदाधिकारी अमित मिश्रा, असीत मिश्रा, अपूर्व मिश्रा, आशीष मिश्रा, सुमित मिश्रा, रोमिल मिश्रा, राहुल मिश्रा, हर्षवर्धन मिश्रा, सोपान मिश्रा, कबीर मिश्रा, संदीपन मिश्रा, शशांक मिश्रा, मयंक मिश्रा, मानसी मिश्रा, तनिष्क मिश्रा सहित सदस्य गण उपस्थित थे।

## तिरंगा मेला में शामिल हुए विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com



हर घर तिरंगा अभियान के तहत जनपद पंचायत पिथौरा में विकासखण्ड स्तरीय तिरंगा मेला का आयोजन किया गया। तीन दिन तक चलने वाले इस मेला के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। इस मेले में विविध स्टाल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिनमें हैंडमेड उत्पाद, खाने पीने की स्टाल, जैविक उत्पाद, रक्षाबंधन के स्टाल, झण्डा वितरण स्टाल, सेल्फी प्वाइंट शामिल है। तिरंगा मेला में महिलाओं द्वारा स्वयं के हाथों से तैयार किए गए उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इस अवसर पर विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने महिलाओं का सम्मान करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। हमें अधिक से अधिक इन कार्यक्रमों में जुड़कर हमें अपने देश प्रेम का परिचय देना चाहिए।विधायक ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। हमें अधिक से अधिक इन कार्यक्रमों में जुड़कर हमें अपने देश प्रेम का परिचय देना चाहिए। एक बेहतर समाज हमेशा कला, साहित्य एवं संस्कृति को प्रोत्साहन देता है। उन्होंने महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों की सराहना करते हुए कहा कि आज हमारी मातृशक्ति सिर्फ चुल्हे चौके तक सीमित ना रह कर सशक्तिकरण की नई दास्तान लिख रही है,यह देखकर बहुत अच्छा लगता है। तिरंगा मेला का मकसद लोगों में नागरिक जिम्मेदारी, स्वच्छता के साथ-साथ देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना, मतदाता भागीदारी को प्रोत्साहित करना और नागरिकों को उनके चुनावी अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में शिक्षित करना था। जनपद पंचायत में आयोजित विशाल तिरंगा मेला राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति का जीवंत प्रदर्शन था, जिसमें नागरिकों एवं अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जनपद पंचायत में उत्सव का माहौल था क्योंकि जनपद पंचायत में तिरंगे झंडे की झलक ने उत्सव की भावना को और बढ़ा दिया, जिससे तिरंगा मेला सभी मौजूद लोगों के लिए एक यादगार और प्रेरणादायक कार्यक्रम बन गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, प्रेमशंकर पटेल, छबीलाल रात्रे सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं क्षेत्रवासी मौजूद थे।

## सप्तसुर' बना अंताक्षरी का विजेता, महाराष्ट्र मंडल में हुई नगर स्तरीय भव्य स्पर्धा में झंकार ग्रुप उपविजेता

### 'गीत गाता चल' तीसरे स्थान पर, एकल गायन में आंध्रा समाज के जी. भूषण राव व श्रेया मातुरकर सर्वश्रेष्ठ

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com



महाराष्ट्र मंडल में आयोजित नगर स्तरीय भव्य अंताक्षरी स्पर्धा में कांटे की टक्कर में सप्तसुर ग्रुप के 'झंकार बिट्स' को परास्त किया। गीत गाता चल टीम को तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। एकल गायन स्पर्धा में आंध्रा समाज के जी. भूषण राव और श्रेया मातुरकर विजेता बनीं। विजेता टीम सप्तसुर के सुरेंद्र जोगदंक, निशांत दयाल, मिलिंद जावलेकर और माधुरी हुद्दार ने प्राथमिक के साथ फाइनल राउंड में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए पांच हजार रुपये नकद, विनर कप, सन एंड सन की ओर से चांदी के सिक्के, मेडल, प्रमाण पत्र हासिल किया। उप विजेता झंकार बिट्स से रेखा उरकुरकर, गोविंद राव चौधरी, निखिल मुकादम और प्रगति ओगले ने कमाल का प्रदर्शन किया और तीन हजार रुपये नकद सहित उप विजेता कप, चांदी के सिक्के, मेडल व प्रमाण पत्र प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर वैशाली जोशी, सूर्यप्रकाश शर्मा, प्रदीप तिवारी और श्रीनिवास राव की गीत गाता चल टीम रही। जिन्हें कप, दो हजार रुपये, मेडल, प्रमाण पत्र दिया गया। एकल गायन स्पर्धा के पुरुष वर्ग में आंध्रा समाज के जी. भूषण राव प्रथम और सुधीर ठाकुर दूसरे स्थान पर रहे। वहीं महिला वर्ग में पहले स्थान पर श्रेया मातुरकर और दूसरे स्थान पर शिवानी सोनानी रहीं। सभी विजेताओं को सन् एडं सन् ज्वेलर्स की ओर से सिल्वर क्वाइन और महाराष्ट्र मंडल की ओर से नकद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र, मेडल और विनर व रनरअप कप प्रदान किया गया। बाकी प्रतिभागी गायकों को भी मेडल व प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। बता दें कि इससे पहले अंताक्षरी प्रतियोगिता में पांच राउंड में पांच-पांच टीमों के बीच मुकाबला चला। इसमें विजेता पांच टीमों को फाइनल में खिताब जीतने के लिए आपस में मुकाबला करना पड़ा। पहले राउंड में 'झंकार बिट्स', दूसरे में 'गीत गाता चल', तीसरे में 'खेल-खेल में', चौथे में 'मल्हार ग्रुप' और पांचवें राउंड में सप्तसुर ग्रुप विजेता रही। इन पांच फायनलिस्ट के बीच हुए जोरदार मुकाबले में अंततः बेहद कम अंकों से सप्तसुर ने सभी को पछाड़ते हुए विजेता बने। इस आयोजन में महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले, सन एंड सन ज्वेलर्स के मार्केटिंग हेड श्याम सोनी पुरस्कार वितरण के दौरान विशेष रूप से उपस्थित रहे। अंताक्षरी प्रतियोगिता की संयोजिका गीता दलाल ने समूची स्पर्धा का संचालन किया।

**दो दिवसीय रही प्रतियोगिता**

नगर स्तरीय अंताक्षरी प्रतियोगिता में पहले दिन दो राउंड हुए। दूसरे दिन सुबह नौ बजे स्पर्धा शुरू हुई थी। बगैर रुके मनोरंजन और स्पर्धा का यह कार्यक्रम लगातार 14 घंटों तक चलने के बाद रात 11.00 बजे पुरस्कार वितरण के साथ समाप्त हुई। इस बीच संत ज्ञानेश्वर सभागृह दर्शकों से खचाखच भरा रहा।

## तीन दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन





पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com

12 से 14 अगस्त 2024 को स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट स्टडीज मैट्स यूनिवर्सिटी ने अपना ओरिएंटेशन प्रोग्राम आरंभ 2024 यूनिवर्सिटी कैंपस रायपुर में आयोजित किया। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता के रूप में एसएसपी रायपुर श्री संतोष सिंह उपस्थित थे। उन्होंने अपने प्रेरक शब्दों से छात्रों को आशीर्वाद दिया और छात्रों को सफलता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कई सांस्कृतिक गतिविधियाँ की गईं, जिसके बाद कई खेल हुए और छात्रों ने नृत्य प्रदर्शन और संगीत का आनंद लिया। साथ ही छात्रों को नई शिक्षा नीति और उसकी संरचना के बारे में बताया गया। सभी नए छात्रों को विभाग के शिक्षकों से परिचित कराया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने जूनियर छात्रों के साथ अच्छा समन्वय किया। विभाग के प्रमुख डॉ. उमेश गुप्ता ने छात्रों को मैट्स यूनिवर्सिटी में उनके करियर और विभिन्न अवसरों के बारे में बताया। कार्यक्रम में कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति डॉ. के.पी.यादव, महानिदेशक प्रियेश पगारिया, प्रो वाइस चांसलर डॉ. दीपिका दंड, रजिस्ट्रार गोकुलनंद पांडा ने छात्रों को आशीर्वाद दिया और अपने भाषणों से उन्हें अनुग्रहित किया। कार्यक्रम के समापन से पहले एंटी रैगिंग दिवस मनाया गया और छात्रों ने परिसर में या बाहर किसी भी प्रकार की रैगिंग गतिविधि में शामिल न होने की शपथ ली।

## फूड सेफ्टी एंड ड्रग ऐडमिनिस्ट्रेशन, छत्तीसगढ़, नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया और नेस्ले इंडिया ने छत्तीसगढ़ में 'सर्व सेफ फूड' प्रोजेक्ट का विस्तार किया



पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com

फूड हाइजीन और सेफ्टी को बेहतर बनाने के लिये 1,000 से ज्यादा स्ट्रीट वेंडर्स को प्रशिक्षित किया जायेगा। नेस्ले इंडिया ने छत्तीसगढ़ में 'सर्व सेफ फूड' प्रोजेक्ट का विस्तार किया है। इसके लिये कंपनी ने एफडीए, छत्तीसगढ़ और नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया के साथ अपनी साझेदारी जारी रखी है। इसके अंतर्गत रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और महासमुंद जिलों में 1,000 से ज्यादा स्ट्रीट फूड वेंडर्स यानी कि सड़कों के किनारे खाने-पीने का सामान बेचने वालों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस प्रकार, राज्य में कुल 2,700 स्ट्रीट फूड वेंडर्स को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट की शुरूआत 2016 में की गई थी। तक से लेकर अभी तक प्रोजेक्ट 'सर्व सेफ फूड' ने 26 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों में 68,500 से अधिक स्ट्रीट फूड वेंडर्स को लाभ पहुंचाया है। इस प्रोजेक्ट ने विभिन्न भागीदारों को एक साथ लाकर एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया है। कुलदीप शर्मा (आईएएस), कंट्रोलर, फूड सेफ्टी एंड ड्रग ऐडनिमिस्ट्रेशन, छत्तीसगढ़ ने कहा, छत्तीसगढ़ को इसके स्ट्रीट फूड के लिये जाना जाता है और यह स्ट्रीट फूड वेंडर्स को समाज में एक महत्वपूर्ण हितधारक बनाता है। स्ट्रीट फूड वेंडर्स को मजबूत बनाने के लिये एफडीए, एनएएसवीआई और नेस्ले इंडिया द्वारा किये गये कामों को देखकर प्रेरणा मिलती है। प्रोजेक्ट सर्व सेफ फूड द्वारा राज्य के लगभग 1700 स्ट्रीट फूड वेंडर्स को पहले ही प्रशिक्षित किया जा चुका है।

## काइनेटिक ग्रीन ने ग्रेटर पैसिफिक कैपिटल से जुटाए 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर



पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत की एक अग्रणी इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी काइनेटिक ग्रीन ने घोषणा की है कि उसने एक अग्रणी वैश्विक प्राइवेट इक्विटी फर्म ग्रेटर पैसिफिक कैपिटल से 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश प्राप्त किया है, यह निवेश 40 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कुल लक्षित सीरीज फंड को जुटाने का हिस्सा है। काइनेटिक ग्रीन ने वर्ष 2016 में एक अग्रणी के रूप में क्षेत्र में प्रवेश किया। कंपनी का नेतृत्व सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी करती हैं, जो फिरोदिया परिवार की तीसरी पीढ़ी की सदस्य हैं, जो काइनेटिक समूह की संस्थापक हैं। काइनेटिक पिछले 50 वर्षों से भारत के ऑटोमोटिव क्षेत्र में एक अग्रणी निर्माता और नवाचार करने वाली कंपनी रही है, इसने काइनेटिक लूना और काइनेटिक हॉन्डा जैसे प्रतिष्ठित वाहनों को बाजार में उतारा है, तथा इनके 10 मिलियन से ज्यादा वाहन बिक चुके हैं। इस कंपनी को भारत में उत्पादों के डिजाइन, उनके विकास एवं निर्माण पर ध्यान केंद्रित करते हुए, आम जनता के लिए आने-जाने के साधनों को बढ़ावा देने के लिए किफायती कीमतों पर उन्नत ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकियों (एडवांस ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी) को विकसित करने और उसे बाजार में उतारने के लिए जाना जाता है। भारत में तेजी से बढ़ते ईवी बाजार में काइनेटिक ग्रीन एक अग्रणी कंपनी के रूप में उभरी है, जिसके पास इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर, इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर और गोल्फ कार्ट जैसे कई उत्पादों की विविधता है। कंपनी 100,000 से ज्यादा ईवी बेच चुकी है।

## एक पेड़ माँ के नाम पाम-मीडोज रायपुर में लगाया गया



पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी में पाम-मीडोज मे 11 अगस्त को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा क्षत्रीय संघठन महामंत्री अजय जामवाल भाजपा प्रदेश संघठन महामंत्री पवन साय ने एक, एक पेड़ लगाया। इस अवसर पर भाजपा रायपुर जिला के पूर्व अध्यक्ष राजीव अग्रवाल एवं आरती ग्रुप के सभी सदस्य उपस्थित थे। आरती ग्रुप के डायरेक्टर रीभूराज अग्रवाल ने बताया कि आरती ग्रुप के सभी प्रोजेक्ट मे वृक्षारोपण कार्यक्रम आमजनों के शुभ हस्ते किया जा रहा है। जिससे हम आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण संरक्षण के लिए एक धरोहर देने का छोटा सा प्रयास किया है।

## भारत के पहले क्रॉसओवर यूटिलिटी वेहिकल सीयूव्ही-एमजी विंडसर में मिलेगी सेगमेंट की पहली एयरो-लाउंज सीट

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत में जल्द लॉन्च होने वाले क्रॉसओवर यूटिलिटी व्हीकल सीयूव्ही-एमजी विंडसर में इस सेगमेंट की पहली एयरो-लाउंज सीटें दी जा रही हैं। ये खास सीटें लग्जरी और कंफर्ट का बेजोड़ मिश्रण हैं, जो इसमें बैठने वालों को बेहतरीन सफर अहसास देंगी। एमजी विंडसर की सबसे खास खूबी इसकी 135 डिग्री तक रिक्लाइन होने वाली एयरो-लाउंज सीटें हैं। इन सीटों को लग्जरी और सुकून का अहसास कराने के लिए बेहद खास तरीके से डिजाइन किया गया है। इसका रिक्लाइन एंगल बहुत ही सावधानी के साथ तैयार किया गया है। यह सुनिश्चित करता है कि यात्री शहर की छोटी सी ड्राइव पर निकले हों या फिर लॉन्ग ड्राइव पर, वे पूरी स्टाइल और सुकून के साथ सफर कर सकें। विंडसर कैसल के भव्य आकार से प्रेरित, इस इंटेलिजेंट सीयूव्ही में एक बड़े आकार का केबिन दिया गया है। इस कार के केबिन को एर्गोनॉमिक्स और सूबसूरती के साथ डिज़ाइन किया गया है। इसकी खूबसूरती आपको शांति और समृद्धि का अहसास कराती है। यह इंटेलिजेंट ष्ट्रङ्क शानदार वास्तुशिल्प और शाही विरासत के प्रतीक - विंडसर कैसल से प्रेरित है। एतिहासिक कैसल की तरह दिखने वाली एमजी विंडसर शिल्प, खूबसूरती और राजसी गौरव को पेश करेगी। दुनिया के इस सबसे विशाल कैसल के एक-एक हिस्से को बहुत ही खूबसूरती के साथ तैयार किया गया है। एमजी विंडसर भी ऐसी ही है। इस कार के हर पहलू ठीक वैसी ही खूबसूरती और लग्जरी के साथ तैयार किया गया है,जिसके लिए विंडसर कैसल दुनिया भर में जाना जाता है।

## जीएसके के नए जागरूकता एवं बचाव अभियान से जुड़े अमिताभ बच्चन एवं मनोज पाहवा

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com

जीएसके ने शिंगल्स के प्रति जागरूकता के लिए नया कैंपेन लॉन्च किया इस कैंपेन में सदी के महानायक अमिताभ बच्चन एवं प्रतिष्ठित अभिनेता मनोज पाहवा चिकनपॉक्स और शिंगल्स के बीच के वैज्ञानिक संबंधों के बारे में विस्तार से समझाते हुए नजर आएंगे। कैंपेन फिल्मों में शिंगल्स के बारे में चर्चा कर रहे दो दोस्तों के बीच की सामान्य बातचीत को ही केंद्र में रखा गया है। इसमें डायबिटीज से पीड़ित लोगों में शिंगल्स की अधिक आशंका के बारे में भी विमर्श किया गया है।जीएसके की पेशेंट एम्पावरमेंट हेड विज्ञेता अग्रवाल ने कहा 2023 का एपीआई-इप्सॉस सर्वे दिखाता है कि यहां तक कि जिन लोगों को शिंगल्स हो चुका है उन्हें भी अपनी इस दर्दभरी बीमारी का कारण नहीं पता होता है यह जरूरी है कि 50 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को शिंगल्स और इससे बचाव के बारे में पता हो। हम शिंगल्स होने के वैज्ञानिक कारणों और चिकनपॉक्स एवं शिंगल्स के बीच के संबंधों को सामान्य तरीके से समझाना चाहते हैं अमिताभ बच्चन में देश के हर कोने के लोगों से जुड़ने की अद्भुत क्षमता है हमें विश्वास है कि कैंपेन में उनके होने से हमें ज्यादा से ज्यादा लोगों विशेष रूप से बड़ी उम्र के लोगों तक पहुंचने और उन्हें शिंगल्स एवं इससे बचाव के तरीकों के बारे में अपने डॉक्टर से सलाह लेने के लिए प्रेरित करने में मदद मिलेगी।

## कलिंगा विश्वविद्यालय ने लगातार तीसरी बार एनआईआरएफ रैंकिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया




पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com

कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर ने लगातार तीसरे वर्ष प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क में विश्वविद्यालय कैटेगरी में 101-150 रैंक बैंड में स्थान हासिल करके एक बार फिर अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। यह निरंतर प्रदर्शन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और एक मजबूत शैक्षणिक वातावरण को बढ़ावा देने के प्रति विश्वविद्यालय के समर्पण को उजागर करता है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि कलिंगा विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ की सभी निजी और सरकारी विश्वविद्यालयों में से इस रैंक बैंड में शामिल होने वाला एकमात्र विश्वविद्यालय है। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए पूरे स्टाफ के अथक प्रयासों और योगदान के लिए उनकी हार्दिक सराहना की और उन्हें बधाई दी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह लगातार रैंकिंग सामूहिक कड़ी मेहनत, नवीन शिक्षण विधियों, अनुसंधान और शिक्षा और समग्र विकास तथा शिक्षकों और छात्रों के प्रति विश्वविद्यालय के प्रगतिशील दृष्टिकोण का प्रमाण है। भारत सरकार का शिक्षा मंत्रालय एनआईआरएफ रैंकिंग आयोजित करता है, जो शिक्षण, सीखने और संसाधनों, अनुसंधान और पेशेवर प्रथाओं, स्नातक परिणामों, आउटरीच और समावेशिता, और धारणा जैसे कई पहलुओं पर संस्थानों का मूल्यांकन करता है। कलिंगा विश्वविद्यालय की शीर्ष 150 में निरंतर उपस्थिति इसकी मजबूत शैक्षणिक नींव, अनुसंधान उत्पादन और छात्र-केंद्रित पहल का प्रतिबिंब है।

## डी. लक्ष्मण मूर्ति का निधन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के जनसंपर्क विभाग में अनुभाग अधिकारी के पद से सेवानिवृत डी. लक्ष्मण मूर्ति (67 वर्ष) का आकस्मिक निधन मंगलवार को हैदराबाद में सुबह 9 बजे हो गया। उनकी अंत्येष्टि हैदराबाद में ही की गई। वे अपने पीछे धर्मपत्नी डी. वसुंधरा, पुत्री तेजस्वीनी, पुत्र विवेक मूर्ति सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। विदित हो कि स्व.मूर्ति पहले कुम्हारी निवासी थे। सेवानिवृत्ति उपरांत हैदराबाद में निवासरत थे। कार्यालय अतिरिक्त महाप्रबंधक जनसंपर्क, विद्युत सेवा भवन, डंगनिया में शोक सभा आयोजित कर स्व.मूर्ति को श्रद्धांजलि दी गई।



**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, **NAVEEN KUMAR KEDIA S/O THANURAM KEDIA** Resident of H.N. A-5 KRISHNAYAN COLONY BHATAPARA ROAD, BALODA BAZAR (C.G.) 493332 have changed my old name **"NAVEEN KUMAR KEDIA S/O THANURAM KEDIA"** so in future I should be recognized by my new name that is **"NAVEEN KEDIA S/O THANURAM KEDIA"** in all Goverment and other Documents.

**NAVEEN KEDIA**
H.N. A-5 KRISHNAYAN
COLONY BHATAPARA ROAD,
BALODA BAZAR (CG)
PIN CODE: 493332

मुहर

# निकाय चुनाव में निर्माणाधीन फोरलेन होगा चुनावी मुद्दा

## फोरलेन ठेकेदार के बिल भुगतान के लिए मुस्तैद हुए अफसर

■ अफसरों की जांच व कार्रवाई से शिकायतकर्ता बेखबर

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर के स्टेटहाइवे में निर्माणाधीन फोरलेन अब नगर की दुर्दशा बयां कर रही है। 18 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन साढ़े तीन किलोमीटर फोरलेन यानी सडक़ चौड़ीकरण का कार्य नागरिको एवं राहगीरों के लिए सिरदर्द साबित हो रहा है। आलम ये है कि नवनिर्मित सडक़ में अनेक स्थानों पर गड्डे अब तालाब और डबरी की शक्ल में परिवर्तित होने लगे हैं। अब इसे लेकर राजनैतिक तानेबाने बुनने शुरू हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण में गड्ढे बन जाने से निर्माण कार्य के गुणवत्ता की चर्चा नगरवासियों सहित राजनैतिक हल्कों में है, परंतु लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कर्मचारी इस सडक़ निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान देने के बजाए ठेकेदार को समय से पूर्व ही बिल भुगतान कर आर्थिक सहयोग करने में लगे हैं। आलम तो ये हो गया है कि अब इस मुद्दे को लेकर पक्ष एवं विपक्ष दोनों ही इसे भुनाने में लग गए हैं। बज्मे नजर है कि कांग्रेस के कार्यकाल में यह कार्य स्वीकृत हुआ था। इस दौरान अनेक मुद्दों पर विपक्षी भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने थे। अब सत्ता परिवर्तन के बाद स्थानीय कांग्रेसजन इस मुद्दे पर भाजपा को घेरने में लगी है और अब आगामी नगर पंचायत चुनाव को देखते हुए दोनों ही दल इस मुद्दे को एक दूसरे को पासिंग पास गेम की भांति खेल रहे हैं।

### विधायक बन रहे बलि का बकरा

सूरत-ए-हाल ये है कि सडक़ निर्माण कार्य के प्रारंभ में अफसरों ने फोरलेन को क्षेत्र के विधायक दलेश्वर साहू का ड्रीम प्रोजेक्ट बताकर लगभग दो वर्ष पूर्व शहर के मध्य स्थित व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, आवास, यात्री प्रतिक्षालय, सार्वजनिक प्याऊ व अन्य स्ट्रक्चर को ध्वस्त कर दिया। हालांकि तोडफ़ोड़ के लगभग एक वर्ष बाद निर्माण प्रारंभ हो सका। हालांकि स्तरहीन निर्माण से गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं, लेकिन इसमें अफसर तो विधायक को ही बलि का बकरा बनाने की तैयारी में नजर आ रहे हैं।

### बेआबरू होकर कूचे से निकले

फोरलेन के स्तरहीन निर्माण की शिकायत जब सत्ता पक्ष के धुरंधरों ने कलेक्टर से की तब जांच के लिए चीफ इंजीनियर से लेकर अधिक्षण यंत्री मौके पर पहुंचे थे, लेकिन जांच के नाम पर फोटो खींचकर वापस लौट गए। आलम तो ये ही कि शिकायतकर्ता धुरंधरों को अपने ही सत्ता सरकार में सक्षम अधिकारी के पास किये गए शिकायत की जांच एवं कार्रवाई की अब तक विधिवत सूचना नसीब नही होने की खबर है।

# कलेक्टर ने ली मोहला-मानपुर निवेश क्षेत्र गठन समिति की बैठक





पायनियर संवाददाता ◄ मोहला
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एस.जयवर्धन की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नगर तथा ग्राम निवेश विभाग द्वारा मोहला-मानपुर निवेश क्षेत्र का गठन के संबंध में मोहला-मानपुर निवेश क्षेत्र गठन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष मोहला लगनू राम चन्द्रवंशी, जनपद पंचायत अध्यक्ष मानपुर दिनेश शाह मंडावी, सरपंच मोहला सरस्वती ठाकुर, सरपंच मानपुर हरिश लाटिया, अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले, समिति संयोजक उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश राजनांदगांव कमला सिंह, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग एके चौहान, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग महेश साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मोहला केशवरी देवांगण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मानपुर हनिश मोहम्मद खान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनिय है कि निवेश क्षेत्र गठन मोहला-मानपुर प्रस्तावित निवेश क्षेत्र अंतर्गत 23 ग्राम शामिल हैं। जिसमें प्रस्तावित मोहला निवेश क्षेत्र में मोहला, कुंजामटोला, छुरिया, माडिंगपिडींगधेनु, माडिंगपिडींगभुर्सा, पाउरखेड़ा, चिलमटोला, कोहड़ापार, बोइरडीह, धोबेदण्ड, भुरसाटोला शामिल हैं। इसी प्रकार प्रस्तावित मानपुर निवेश क्षेत्र में मानपुर, पढड़ोनी, उरझे, ख्वासफड़की, जबकसा, पंचालफड़की, तुमड़ीकसा, सुरोली, टोहे, घोटिया, मालेर, ईरागांव शामिल हैं। बैठक में समिति द्वारा सर्वसहमति से इन ग्रामों को निवेश क्षेत्र में शामिल करने की सहमति दी गई। कलेक्टर एस. जयवर्धन ने मोहला-मानपुर निवेश क्षेत्र के गठन में सम्मिलित ग्रामों के सरपंच एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से आवश्यक सुझाव प्राप्त कर क्षेत्र के विकास योजना में समाहित करने के निर्देश दिये। साथ ही मोहला निवेश क्षेत्र में ग्राम हेरकुटुम्ब एवं मानपुर निवेश क्षेत्र में ग्राम ढब्बा को जोड़ने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने के संबंध में चर्चा किया गया। ताकि मोहला-मानपुर क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए विकास योजना तैयार की जा सके। साथ ही बैठक में मोहला-मानपुर निवेश क्षेत्र के गठन के संबंध में महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा किया गया।

# डायरिया के केस में आयी कमी, जिले में इस सप्ताह बने 4 हजार आयुष्मान कार्ड



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारी के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 14 अगस्त को सुबह 7.30 बजे से स्वतंत्रता दौड़ तथा हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीजी पोर्टल, पीजीएन जनशिकायत एवं कलेक्टर जनचौपाल तथा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की तथा शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण होना चाहिए। पीजी पोर्टल, पीजीएन जनशिकायत सहित अन्य जनचौपाल के प्रकरणों के माध्यम से जनसामान्य के हित में समस्याओं का समाधान होने से उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। उन्होंने गंभीरतापूर्वक प्रकरणों का निराकरण करने के लिए कहा।

# हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा से राष्ट्रीय ध्वज संवर्धित

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com





केंद्र व राज्य शासन द्वारा भारतीय गौरव राष्ट्रीय ध्वज को संवर्धित कर भारतीयों मे राष्ट्रभावना के विकसित करने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा मुहिम छेड़ दिया है। इस थीम के तहत प्रत्येक अनुभाग व ब्लॉक में तिरंगा यात्रा से लेकर तिरंगा रैली सहित विविध आयोजन किये जा रहे हैं। इसी क्रम में डोंगरगांव ब्लॉक में भी 9 से 13 अगस्त तक विविध आयोजन हुए। अनुभाग मुख्यालय डोंगरगांव नगर में 9 अगस्त को प्रशासन ने तिरंगा यात्रा का शुभारंभ ब्लॉक में किया था। उपरांत विविध आयोजनों के उपरांत 13 अगस्त को डोंगरगांव नगर से शहीद ग्राम जंगलपुर तक तिरंगा रैली निकाली गई। रैली दरम्यान टीचर्स के मार्गदर्शन में समूचे मार्ग में नगर के स्कूली बच्चों के अलावा बगदई, अमलीडीह, सुखरी, अजुनी, घोरदा, रामपुर एवं जंगलपुर में स्कूली बच्चों ने पुष्पवर्षा कर अगुवानी की। तिरंगा रैली उपरांत जंगलपुर शहीद स्मारक में शहीद पूणार्नंद साहू के पिता लक्ष्मण साहू एवं माता प्रमिला साहू सहित परिजनों की मौजूदगी में अफसरों व जनप्रतिनिधियों द्वारा पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण के साथ ब्लॉक में तिरंगा अभियान का समापन हुआ। उक्त रैली में दिनेश गाँधी, चुन्नी यदु, गुलशन हिरवानी, संतोष यादव, अंजू त्रिपाठी, सरिता ढीमर, डिकेश साहू, सिद्दीक बडगुजर, टीकाराम सोनकर, किशोर यादव, अरुण जैन, जितेंद्र सिन्हा, मनीष साहू, योगेश पटेल, प्रवेश ठाकुर, लोकेश यदु, तिमेश साहू, राजिक बडगुजर, प्रफुल्ल जैन, कुलेश्वर निषाद, कमलनारायण साहू सहित अनेक लोगों ने हिस्सा लेते हुए तिरंगे के मान के लिए आवाजें बुलंद की।

### अफसरों के मार्गदर्शन में तिरंगा रैली

एसडीएम श्रीकांत कोराम, तहसीलदार पीएल नाग के मार्गदर्शन में तिरंगा रैली में टीआई उपेन्द्र शाह, नायब तहसीलदार झरना राजपूत, सीएमओ दादूसिंह पॉल के अलावा राजस्व विभाग, कृषि विभाग, नगर पंचायत व जनपद पंचायत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारीगण शामिल हुए।

# श्रावण में महिलाओं ने लिया सावन झूले का आनंद



पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

श्रावण मास में हरियाली अमावस्या के बाद सावन झूला की धार्मिक परंपरा का निर्वहन करते हुए नगर की महिलाओं ने सावन झूले का आनंद लिया। उल्लेखनीय है कि धार्मिक तौर पर भी सावन झूले का विशेष महत्व है। इसी के मद्देनजर नगर में राधिका सखी मंडल की महिलाओं के द्वारा रविवार को मां बम्लेश्वरी उद्यान में सावन झूले का आनंद लेते हुए सावन के गीत गाए। इस दौरान राधिका सखी मंडल की महिलाओं के द्वारा अधिष्ठात्री देवी मां बम्लेश्वरी मंदिर में सोलह श्रृंगार अर्पित कर सुहागन महिलाओं को सुहाग की वस्तुएं भेंट की। इस मौके पर महिलाओं ने अपने पति के लंबी उम्र की प्रार्थना की। इस दौरान खेलकूद, साहित्यिक गतिविधि भी आयोजित हुए। समापन में खेलकूद व अन्य गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को पुरस्कृत किया गया।

# शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में किया गया अंतिम रिहर्सल

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का रिहर्सल आज सुबह 9 बजे शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में किया गया। अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर ने रिहर्सल में मुख्य अतिथि का दायित्व निभाया। अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर आईजी दीपक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग उपस्थित थे। रिहर्सल के दौरान ध्वजारोहण कर गार्ड आफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत आईजी दीपक झा ने सभी को तिरंगा शपथ दिलाई। सभी अधिकारियों ने हर घर तिरंगा सेल्फी पाईंट में फोटो खिंचवाई। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अंतिम रिहर्सल कर व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने तैयारियों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समारोह स्थल में बैठक व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से वीआईपी बैठक व्यवस्था के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, शहीद जवानों के परिजनों, पत्रकारों एवं जनसामान्य के लिए भी बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समारोह स्थल की साज-सज्जा एवं सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। रिहर्सल के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देश भक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई। रिहर्सल के दौरान स्वतंत्रता दिवस समारोह के परेड का नेतृत्व परेड कंमाडर उप पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार एक्का ने किया। निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव ने परेड टू-आई-सी का दायित्व निभाया। परेड में 13 प्लाटून भाग ले रहे हैं। परेड में 38वीं वाहिनी आईटीबीपी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 8वीं बटालियन राजनांदगांव, पीटीएस बल पुरूष राजनांदगांव, जिला पुलिस बल पुरूष, नगर सेना, जिला पुलिस बल महिला, एनसीसी दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव, एनसीसी कमला कॉलेज राजनांदगांव, एनसीसी बालक स्टेट स्कूल एवं एनसीसी बालक म्यूनिसिपल स्कूल, एनसीसी बालिका स्टेट स्कूल एवं एनसीसी बालिका म्यूनिसिपल स्कूल, एनसीसी डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र बसंतपुर स्कूल, स्काउट-गाईड महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल शामिल हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सरस्वती बंजारे, डिप्टी कलेक्टर हितेश्वरी बाघे सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## आश्रम-छात्रावासों में बच्चों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने के दिए निर्देश

# बच्चों के प्रति अधीक्षकों का व्यवहार अभिभावकों की तरह होना चाहिए : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले में संचालित आश्रम-छात्रावासों के अधीक्षकों की बैठक ली। कलेक्टर अग्रवाल ने जर्जर छात्रावास भवनों की जानकारी ली। उन्होंने मरम्मत योग्य छात्रावास भवनों को शीघ्र मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन छात्रावास भवनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नये भवन बनने से बच्चों को पढ़ाई के लिए अच्छा वातावरण एवं सुविधाएं मिलेगी। उन्होंने निर्माणाधीन छात्रावास भवनों में अभी से वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर अग्रवाल ने अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास राजनांदगांव में पानी टपकने के कारण अन्य हॉस्टल में किचन को शीघ्र शिफ्ट करने के निर्देश हॉस्टल अधीक्षक को दिए।

कलेक्टर ने कहा कि बच्चों के प्रति अधीक्षकों का व्यवहार अभिभावकों की तरह होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पालक अपने बच्चों को आश्रम-छात्रावासों में अच्छी शिक्षा के लिए भेजते हैं। बच्चे सबसे ज्यादा समय आश्रम-छात्रावास में रहते हैं। अधीक्षकों पर बच्चों के देख-भाल की बड़ी जिम्मेदारी होती है। उन्होंने बच्चों के साथ अच्छा व्यवहार करने के साथ-साथ उन्हें अच्छी शिक्षा और कैरियर मार्गदर्शन देने कहा। उन्होंने आश्रम-छात्रावासों में पढ़ाई के अलावा खेलकूद सहित अन्य गतिविधियों में बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि बौद्धिक, मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए बच्चों को खेलना-कूदना बहुत जरूरी है। इसके लिए आश्रम-छात्रावास परिसर या आस-पास मैदान बनाने कहा। उन्होंने आश्रम-छात्रावासों में किचन गार्डन विकसित करने कहा। उन्होंने सभी छात्रावासों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाने के साथ अधिक से अधिक पौधरोपण करने कहा। जिससे भूजल स्तर बना रहेगा। उन्होंने बच्चों को पानी के महत्व और जल संरक्षण एवं पौधरोपण के संबंध में जानकारी देने के लिए कहा। उन्होंने आश्रम-छात्रावासों में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बच्चों का समय-समय में स्वास्थ्य परीक्षण होते रहना चाहिए।

उन्होंने सभी बच्चों का सिकल सेल की जांच अवश्य कराने कहा। उन्होंने कहा कि सभी छात्रावासों में रसोई घर साफ-सुथरा होना चाहिए। खाने वाली वस्तुओं को सफाई के साथ रखने के लिए कहा, जिससे बीमारियों से बचा जा सके। उन्होंने आश्रम-छात्रावासों में नियमित निगरानी समिति की बैठक आयोजित करने कहा। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अमीय श्रीवास्तव, सहायक संचालक आदिवासी विकास दीक्षा गुप्ता एवं आश्रम-छात्रावासों के अधीक्षक उपस्थित थे।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे ध्वजारोहण

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में आयोजित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। विधानसभा अध्यक्ष 15 अगस्त 2024 को सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। डॉ. रमन सिंह ध्वजारोहण के बाद परेड की सलामी लेंगे, परेड का निरीक्षण एवं मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। कार्यक्रम में पीटी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों एवं पीटी व सांस्कृतिक कार्यक्रम के विजेताओं को पुरस्कार वितरण भी करेंगे।

# 11 जिलों से 25 मोटर साइकिल चोरी करने वाला कुख्यात मोटर सायकल चोर अमरनाथ सोनी हुआ गिरफ्तार

## राह चलते अनजान लोगों से लिफ्ट मांगकर, अनजान व्यक्ति से दोस्ती बढ़ाकर करता था चोरी



पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पिछले दिनों थाना कुनकुरी द्वारा नियमित रूप से वाहन चेकिंग की जा रही थी, चेकिंग के दौरान अमरनाथ सोनी कुनकुरी में चोरी के मोटर सायकल में घूम रहा था, उसे पुलिस द्वारा रोककर घूम रहे वाहन एवं उसके दस्तावेज के संबंध में पूछताछ करने पर गोल-मोल जवाब देने पर संदेह होने पर पुलिस द्वारा उसे अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में अमरनाथ सोनी ने उक्त मोटर सायकल को चोरी का होना बताया एवं अपने पास 01 अन्य मोटर सायकल जो धरमजयगढ़ क्षेत्र से चोरी करना बताया उसे पेश करने पर जप्त किया गया है। दोनों मोटर सायकल में नंबर अंकित नहीं है। आरोपी इतना शातिर है कि उसने चोरी किया हुआ मोटर सायकल एचएफ डिलक्स के टंकी एवं अन्य हिस्से को हरे रंग से काला रंग में परिवर्तित कर दिया है।

### इस तरह हुई कार्रवाई

सुनील राम उम्र 20 साल निवासी शब्दमुंडा थाना कांसाबेल ने 11 जुलाई को थाना कांसाबेल में रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह उक्त दिनांक को नास्ता करने अपने मोटर सायकल एचएफ डिलक्स क्र. सी.जी. 14 एम.के. 9896 में सवार होकर अन्नपूर्णा होटल मुडाटोली कांसाबेल में गया था, मोटर सायकल को होटल के बाहर में खडा किया था उसी दौरान अमरनाथ सोनी इसके पास आया और दोस्ती बनाने की बात करने लगा, कुछ देर बातचीत करने के बाद अमरनाथ सोनी एवं प्रार्थी ने दोस्ती बढ़ाने के लिये साथ में सेल्फी फोटो लिया। उसके बाद प्रार्थी द्वारा टेबल में रखे मोटर सायकल की चाबी को आरोपी धीरे से चुपचाप पकड़कर होटल के बाहर निकला और बिना कुछ कहे अचानक मोटरसायकल स्टॉर्ट कर वहां से भाग गया। प्रार्थी की उक्त रिपोर्ट पर थाना कांसाबेल में चोरी का अपराध धारा 379 भा.द.वि. दर्ज कर विवेचना में लिया गया था।

### सेल्फी दिखाकर हुई पहचान

विवेचना दौरान पुलिस द्वारा आरोपी अमरनाथ सोनी का सेल्फी फोटो दिखाकर आस-पास पहचान कराकर काफी दिनों से पतासाजी की जा रही थी, आरोपी काफी दिनों से घर से फरार चल रहा था, चेकिंग के दौरान हाथ में आने पर उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी अमरनाथ सोनी उम्र 23 साल निवासी धुमाडांड नवाटोली थाना कुनकुरी के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर 12 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### पहले भी जा चुका है जेल

आरोपी अमरनाथ सोनी जशपुर जिले का कुख्यात चोर है, इसके विरूद्ध जशपुर जिले के थाना दुलदुला, कुनकुरी, पत्थलगांव एवं जॉजगीर-चांपा, अंबिकापुर, रायगढ़ जिले के थानों में अपराध दर्ज है एवं अंबिकापुर, जशपुर, पत्थलगांव एवं कुनकुरी क्षेत्र में चोरी करने के अपराध में जेल की हवा खा चुका है। उक्त कार्यवाही में थाना स्टॉफ सहित थाना कांसाबेल के निरीक्षक गौरव पांडे, प्र.आर. मनोज भगत, आर. शरदचंद बेहरा, आर. सुदीप एक्का का सराहनीय योगदान रहा है।

> 'अमरनाथ सोनी अत्यंत शातिर किस्म का आरोपी है, इसके कब्जे से चोरी की 02 मोटर सायकल जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध जशपुर जिले के अनेकों थाना एवं रायगढ़, अंबिकापुर, जांजगीर-चांपा में चोरी का अपराध दर्ज है एवं पूर्व में चोरी के अपराध में जेल जा चुका है। अन्य जिलों के थानों में इसकी सूचना दी जा रही है।'
>
> **शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर**

# स्वतंत्रता दिवस समारोह का किया गया फुल ड्रेस रिहर्सल

## समारोह में उप मुख्यमंत्री अरूण साव करेंगे ध्वजारोहण

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बिखरेगी छटा

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com





जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का अंतिम फुल ड्रेस रिहर्सल सवेरे 09 बजे पुलिस परेड ग्राउंड में किया गया। कलेक्टर अवनीश शरण और पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने अंतिम रिहर्सल में शामिल होकर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। कलेक्टर ने राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुकूल कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। एडीएम आर.ए. कुरुवंशी ने रिहर्सल में मुख्य अतिथि का दायित्व निभाते हुए ध्वजारोहण किया। फाइनल रिहर्सल में मुख्य अतिथि का आगमन, स्वागत, ध्वजारोहण, परेड सलामी, मार्च पास्ट, मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमाण्डों से परिचय, पुरस्कार वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का रिहर्सल किया गया। उल्लेखनीय है कि उप मुख्यमंत्री अरुण साव जिला मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। रिहर्सल के दौरान नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, सीईओ जिला पंचायत आरपी चौहान सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# एसबीआई जशपुर ब्रांच की चीफ मैनेजर रूमाना यासमीन ने विधायक रायमुनी और कृष्ण राय को भेंट किया तिरंगा

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा आह्वान अभियान को आगे बढ़ाते हुए देश की अग्रणी पब्लिक सेक्टर बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा भी देश की शान तिरंगा झंडा भेंट किया जा रहा है। मंगलवार को जिला मुख्यालय में स्थित एसबीआई मेन ब्रांच की चीफ मैनेजर रूमाना यासमीन ने जशपुर विधायक रायमुनी भगत और बीजेपी के वरिष्ठ नेता कृष्ण कुमार राय को उनके निवास जाकर तिरंगा झंडा भेंट किया। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों के साथ शहर के गणमान्य लोगों को भी तिरंगा झंडा भेंट किया। इस दौरान एसबीआई के गौतम झा और संदीप सिंह भी उपस्थित थे।

# 'जिले में गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस'

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में होगा। कलेक्टर राहुल देव और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजाशंकर जायसवाल ने संयुक्त रूप से स्टेडियम में मुख्य समारोह के अंतिम रिहर्सल का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्टेडियम में अंतिम अभ्यास के दौरान अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई और ध्वजारोहण कर सलामी दी। जिला स्तरीय कार्यक्रम का मिनट्स टू मिनट्स अभ्यास किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला एवं पंकज पटेल, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर मेनका प्रधान एवं अजीत पुजारी, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज, एसडीएम मुंगेली पार्वती पटेल सहित संबंधित विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे। 'विधायक मोहले जिला स्तरीय समारोह में करेंगे ध्वजारोहण' जिला स्तरीय समारोह में मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले मुख्य अतिथि के रूप में प्रातः 09 बजे स्टेडियम पहुंचकर ध्वजारोहण करेंगे। तत्पश्चात् मुख्यमंत्री द्वारा जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन करेंगे। विधायक मोहले देश की सुरक्षा में अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले शहीदों के परिजनों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित करेंगे। स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति, संस्कृति से परिपूर्ण सांस्कृतिक गीतों पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# ग्राम गस्तीकापा के हर घर पहुंचा स्वच्छ पेयजल, महिलाओं के चेहरे पर आई मुस्कान'

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुंगेली विकासखंड के ग्राम गस्तीकापा में शासन की महत्वाकांक्षी नल जल योजना के तहत हर घर में स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है, जिससे वहां की महिलाओं के चेहरे में मुस्कान आई है। कभी पानी के लिए दर-दर भटकने के लिए मजबूर ग्राम गस्तीकापा की महिलाओं का जीवन जल जीवन मिशन योजना के आने से बदलने लगा है, न तो उन्हें अब पानी के लिए हैंडपम्पों में लम्बी लाइने लगानी पड़ती है, और न ही पानी के लिए दूर जाना पड़ता है। कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्राम में जल जीवन मिशन के तहत डिस्ट्रीब्यूशन 2498 मीटर की पाइप लाइन बिछाकर लगभग 230 परिवारों को नल से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हो रही है। गॉव की 60 वर्षीय महिला विमला ने बताया की उनके गाँव में तीन हैंडपंप स्थित है, जहॉ उन्हें लम्बी लाइने लगाकर पानी भरना पड़ता था, जिसके कारण उनका काफी समय पानी भरने में लग जाता था, लेकिन जल जीवन मिशन के तहत उन्हें घर में ही सुबह और शाम पानी मिल रहा है।

# अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जय हो वॉलिंटियर का एक दिवसीय जागरूकता प्रशिक्षण बगीचा में संपन्न

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में जशपुर जिला के कलेक्टर डॉक्टर रवी मित्तल के विशेष मार्गदर्शन में शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय बगीचा में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जय हो वॉलिंटियर का एक दिवसीय जागरूकता प्रशिक्षण कराया गया। इस प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनीराम यादव उपस्थित रहे। सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रचलन किया गया तत्पश्चात प्रशिक्षण का प्रारंभ किया गया,इस प्रशिक्षण अंतर्गत बाल विवाह, सिकल सेल, टीकाकरण, सुरक्षित पलायन, सर्फ दंश विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया इस विषय पर प्रशिक्षण देने के लिए विषय विशेषज्ञ के रूप में तेजराम सारथी जिला समन्वयक जशपुर, डॉ राजीव रंजन तिग्गा सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी,देवेश कुमार स्वास्थ्य विभाग, शालिनी गुप्ता चार रिसोर्स पर्सन सम्मिलित हुए जिन्होंने इन समस्त विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी वॉलिंटियरों के साथ साझा किये। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों एवं रिसोर्स पर्सन का आभार प्रदर्शन किया गया साथ ही उपस्थित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी वॉलिंटियरों को जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ के द्वारा प्रमाण पत्र देकर आगे के कार्य के लिए शुभकामनाएं दी गई समस्त कार्यक्रम को संचालन करने में जिला समन्वयक तेजराम सारथी, महाविद्यालय के प्राचार्य शरद नेताम, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉक्टर राजीव रंजन तिग्गा, प्रवीण मिंज वाणिज्य विभाग,कार्यक्रम की संचालन कर रही शालिनी गुप्ता, सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र डॉ रश्मि प्रिया टोप्पो, करुणा खलखो,आस्था तिर्की, संजय पांडे, रिंकू, सुरेंद्र राम, सुशील भगत, जगजीवन, ललिता लकड़ा जय हो वॉलिंटियर श्याम कुमार यादव प्रदीप यादव प्रीति यादव, पंकज, डमरू धर यादव पूनम यादव, मीनावती,वंदना,रेशमा खलखो, अल्फा तिग्गा, प्रेमी कृपा, कविता चौहान, अनुरानी सभी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# रक्षाबंधन में भाईयों के हाथों में सजेगी समूह की महिलाओं के द्वारा बनाई गई राखी'

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

भाई-बहन के प्यार के अटूट बंधन का त्यौहार रक्षाबंधन इस बार सभी भाईयों के लिए खास होने वाला है। इस पर्व में भाईयों के हाथों में स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाई गई अनाजों की राखी सजेगी। इसके लिए जिले में एनआरएलएम अंतर्गत कार्यरत विभिन्न स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के अनाजों का उपयोग कर राखी बनाई जा रही है। साथ ही आमजनों को सुलभ रूप से उपलब्ध कराने कई जगह स्टॉल भी लगाए जा रहे है। इसी कड़ी में मुंगेली विकासखंड के ग्राम कंतेली की सुरुचि महिला संगठन द्वारा अनाजों से निर्मित राखियों के विक्रय के लिए जिला कलेक्टोरेट परिसर में स्टॉल लगाया गया, जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जहां से कई अधिकारी-कर्मचारियों ने राखी भी खरीदा।




# लोक निर्माण विभाग ने पुलों के दोनों ओर अस्थाई बैरियर, रिफ्लेक्टर और साइन-बोर्ड लगाने के दिए निर्देश

- क्षतिग्रस्त पुलों की रेलिंग एवं क्रैश बैरियर का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कार्य करने कहा

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग ने नदियों पर बने पुलों के दोनों ओर अस्थाई बैरियर, रिफ्लेक्टर और साइन-बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने मैदानी अधिकारियों को क्षतिग्रस्त पुलों की रेलिंग एवं क्रैश बैरियर का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कार्य कराने को कहा है। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के निर्देश पर प्रमुख अभियंता ने वर्षा ऋतु में अतिवृष्टि से जान-माल की सुरक्षा और सुरक्षित यातायात के लिए सभी परिक्षेत्रों के मुख्य अभियंताओं, सभी मंडलों के अधीक्षण अभियंताओं एवं संभागीय कार्यपालन अभियंताओं को परिपत्र जारी किया है। उन्होंने सभी अधीक्षण अभियंताओं को हर 15 दिनों में अनुविभागीय अधिकारियों और कार्यपालन अभियंताओं के साथ इस संबंध में की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता के.के. पीपरी ने परिपत्र में निर्देशित किया है कि ऐसे सभी स्थानों और मार्गों जिनमें वर्षा ऋतु में आम जनता के लिए समस्या की स्थिति उत्पन्न होती है, उन पर विशेष ध्यान दिया जाए। बारिश के दिनों में अतिवृष्टि से मार्गों पर विद्यमान नदी-नालों पर बाढ़ एवं कई स्थानों में सड़क डूबने जैसी स्थिति निर्मित होती है।

इन स्थितियों में जान एवं माल की सुरक्षा तथा कार्यस्थलों पर सुरक्षित कार्य के लिए समुचित व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने ऐसे सभी स्थानों को चिन्हांकित करने के निर्देश दिए हैं जहां वर्षा ऋतु के दौरान मार्ग एवं पुल के डूबने की स्थिति निर्मित होती है। प्रमुख अभियंता ने सभी जलमग्नी पुलों के दोनों ओर अस्थाई बैरियर, रिफ्लेक्टर और साइन-बोर्ड की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं जिससे बाढ़ या पुल के जलमग्न होने की स्थिति में यातायात को बंद किया जा सके। जलमग्न होने वाले स्थानों के दोनों ओर आवश्यक सूचना पटल लगाकर राहगीरों को सूचित किया जाए कि मार्ग जलमग्न हो सकता है। जलमग्न होने की स्थिति में रूके। उन्होंने सभी क्षतिग्रस्त पुलों की रेलिंग एवं क्रैश बैरियर का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कार्य के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया है। विभाग द्वारा जारी परिपत्र में अतिवृष्टि वाले क्षेत्रों की लगातार समीक्षा करने तथा बाढ़ नियंत्रण के लिए टीम गठित करने को कहा गया है। जलमग्न होने की स्थिति में टीम चौबीसों घंटे काम करेगी। विभाग के कार्यपालन अभियंताओं को अतिवृष्टि की स्थिति में जिले में गठित बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ के लगातार संपर्क में रहने को कहा गया है। बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर कार्यपालन अभियंता अपने अधीनस्थों के साथ तत्काल तत्परता से कार्यवाही करेंगे। प्रमुख अभियंता ने डूबान क्षेत्र में आने वाले सड़कों के आसपास संधारण के लिए पर्याप्त मटेरियल की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं।

# अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजकर जीवन बर्बाद करना मेरा उद्देश्य

## साईंटांगर टोली वासियों को मुख्यधारा से जोड़कर रोजगार मुहैया कराने की तैयारी कर रहें एसपी

मो. तनवीर कुरैशी ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



पायनियर साक्षात्कार

अपराध से घृणा करो अपराधी से नहीं। यह वाक्य कानून के पन्नों में लिखा है। अपराध करने वाला भी एक मनुष्य है। इस भावना को चरितार्थ करने की चाहत रखते हैं। जिले के तेज तर्रार एसपी शशि मोहन सिंह। वे जिले में फैले गैर कानूनी कार्यों में अंकुश लगाने की ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रहे हैं। खास तौर पर पशु संरक्षण अधिनियम के तहत गैर कानूनी करार दिए गए पशु तस्करी से जुड़े अपराध पर उन्होंने काबू पा लिया है। इस विषय पर पायनियर संवाददाता से चर्चा करते हुए उन्होंने खुलकर बात की और इस गैर कानूनी कार्य में जुटे नौजवानों को मुख्यधारा में जोड़ने के संबंध में अपनी राय रखी।

### अच्छे रोजगार से जोड़ने की तैयारी

पशु तस्करी को लेकर विगत 6 महीने में की गई ताबड़तोड़ कार्रवाई पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि वे अबतक लगभग करोड़ से अधिक के वाहन को जब्त करने की कार्रवाई कर चुके हैं और लगभग 450 गौ वंश को आजाद कराया है। उन्होंने बताया पशु तस्करी में संलिप्त लोगों को रोजगार के दूसरे विकल्प के लिए पुलिस प्रशासन और सामान्य प्रशासन मिलकर योजना बना रहा है। जल्द ही साईंटांगर टोली में एक मीटिंग कर युवाओं को अच्छे रोजगार के अवसर के बारे में बताया जाएगा और शासन की अच्छी योजनाओं से जोड़कर उन्हें मुख्याधारा से जोड़ा जाएगा।

### कौशल विकास पर भी फोकस

पायनियर से चर्चा करते हुए एपसी शशि मोहन सिंह ने कहा, युवाओं को शिक्षा और कौशल विकास से जोड़ने की जरूरत है। अगर वे शिक्षित और कुशल होंगे तो गैर कानून कार्यों से खुद को दूर रखेंगे। जागरूक करना और गलत कार्यों से दूर रखने का प्रयास भी पुलिस कर रही है। उन्होंने कहा, अपराधियों को पकड़कर सलाखों के पीछे कर देने से अपराध जड़ से समाप्त नहीं होता, अपराध करने वालों को सामाजिक बनाने और उन्हें मुख्यधारा में जोड़ने की कोशिशें भी हम कर रहे हैं। इस बारे में साईंटांगर टोली के युवाओं से बातचीत भी चल रही है।

### एक बड़े गौशाला की तैयारी भी

पशु तस्करों से मुक्त कराए गए गौ वंश की देखरेख और उन्हें संरक्षित करने के संदर्भ में पूछे गए सवाल पर एसपी शशि मोहन सिंह ने कहा, जिले में एक वृहद बड़े गौ शाला बनाए जाने की योजना बनाई जा रही है। शासन से मदद लेकर इस ओर प्रयास किया जाएगा।

### प्रलोभन से बचने की सलाह

पायनियर से चर्चा करते हुए एसपी शशि मोहन सिंह ने कहा, साईंटांगर टोली और पशु तस्करी के कार्य से जुड़े अन्य लोगों को प्रलोभन से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा, गैर कानूनी कार्यों से अधिक पैसा कमाकर आप बड़ी गाड़ियों में घुम सकते हैं पर सम्मानित जीवन नहीं जी सकते। इसलिए मुख्यधारा से जुड़कर अच्छे कार्य से जुड़कर बेहतर जीवन जीने की सलाह दी है।

# श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं जीएसटी ऑफिस रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं जीएसटी ऑफिस रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर मंगलवार को प्रातः 11 बजे से 04 बजे तक जीएसटी कार्यालय रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से समस्याओं पर चर्चा की जिसमें ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ.टी.डी मखीजा जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. एकांश पिल्ले, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. हरप्रिया साहू, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ. नंदनी गुप्ता, बाल्य रोग विशेषज्ञ डॉ.दारक्षण जबीन उपस्थित रहे। जिसमें अबू समा जीएसटी कमिश्नर द्वारा सभी डॉक्टरों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। शिविर में नर्सिंग स्टाफ लक्ष्मी डडसेना, ज्योति, स्वाति, भोला राम के साथ मार्केटिंग टीम से आशु खड़का एवं राजीव दास उपस्थित रहे। शिविर में बीपी, ब्लड शुगर, ईसीजी का निःशुल्क जाँच किया गया। आयोजकों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल एवं समस्त टीम का आभार व्यक्त किया।

# तुम जियो और दूसरों को जीने में सहायता करो : स्वामी नरेन्द्राचार्य महाराज

■ प्रवचन, दर्शन एवं समस्या मार्गदर्शन का कार्यक्रम आज

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



स्वामी नरेन्द्राचार्य जी महाराज के दो गुरुमंत्र तुम जियो और दूसरों को जीने में सहायता करो। सपने में भी किसी का बुरा मत सोचो। तुम्हारा कल्याण होगा। इस असुरक्षित विश्व में मार्गदर्शन के साथ साथ एक दृढ़ आधार की आवश्यकता है। समस्या मार्गदर्शन पर्ची दिनांक 14 अगस्त 2024 को सुबह 7:00 से 8:00 बजे के बीच कार्यक्रम स्थल पर मिलेगी। जगदुरू नरेन्द्राचार्य महाराज संस्थान द्वारा चलाये जा रहे उपक्रम में गरीब एवं बेरोजगारों को आर्थिक एवं सामाजिक सहायता उपक्रमों के माध्यम से दिये जा रहे है निःशुल्क प्रवेश, निःशुल्क शिक्षण, निःशुल्क टेक्नीकल शिक्षण, निःशुल्क मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण की शिक्षा इस संस्थान के माध्यम से दिया जाता है। जूनियर के.जी. से स्नातक तक अंग्रेजी माध्यम से निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है।

# भाजपा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है : भूपेश बघेल

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये कहा क भाजपा की सरकार बनते ही एजेंसियों का दुरूपयोग शुरू हो जाता है। राजनांदगांव पुलिस ने जिन्हें तेंदुपत्ता ठेकेदार से नक्सलियों के लेवी वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया है उसी ठेकेदार सुधीर कुमार माणिक ने पूर्व मंत्री महेश गागड़ा के रिश्तेदार पेखन गागड़ा के खाता क्रमांक 11521261288 में लगभग 91 लाख डाला था। जिसे विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेसवार्ता कर 29 मार्च 2023 को आरोप लगाया था। पुलिस भाजपा नेता पूर्व मंत्री महेश गागड़ा को बचाने लेवी वसूलीकर्ता पेखन गागड़ा को गिरफ्तार नहीं कर रही है। भाजपा नेताओं का संबंध नक्सलियों से है। भाजपा सरकार अपनी काली करतूत छिपाने कांग्रेस नेताओं पर झूठे आरोप लगा रही है। नक्सलियों के लिए लेवी वसूलने के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ़्तार किया है। इन पर आरोप है कि इन्होंने ठेकेदारों से दबाव डालकर वसूली की ताकि नक्सलियों तक राशि पहुंचाई जा सके। जिन ठेकेदारों से वसूली के आरोप हैं उनमें एक नाम सुधीर माणिक का भी है। सुधीर माणिक वही ठेकेदार हैं जिनसे पेखन गागड़ा के खाते में लाखों रुपए डलवाये हैं। 29 मार्च, 2023 को बीजापुर के कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी जी ने प्रेसवार्ता लेकर सबूत सहित आरोप लगाए थे कि पूर्व मंत्री महेश गागड़ा और भाजपा के ज़िला उपाध्यक्ष लवकुमार रायडू ने दबाव डालकर ठेकेदार से 91 लाख रुपए अपने रिश्तेदार पेखन गागड़ा के खाते में जमा करवाए. पेखन गागड़ा भैरमगढ़ में रहते हैं। नक्सल मामले में किसी को नहीं बख्शा जाना चाहिए। न अभी गिरफ़्तार किए गए इन पांच लोगों को और न पेखन गागड़ा को। यह गंभीर मामला है. इसमें सरकार और पुलिस को मेरा तेरा नहीं देखना चाहिए. एक जैसे मामले हैं तो एक जैसी कार्रवाई होनी चाहिए।

# किसानों को मिला 6199 करोड़ रूपए से अधिक का अल्पकालीन कृषि ऋण

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर राज्य के अधिक से अधिक किसानों को अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण किया जा रहा है। प्रदेश में किसानों को अब तक राज्य सहकारी बैंकों के द्वारा 2058 सहकारी समितियों के माध्यम से 6199 करोड़ 42 लाख रूपए का अल्पकालीन कृषि ऋण प्रदान किया गया है। इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा किसानों को 7300 करोड़ रूपए ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है। किसानों को उनके मांग और रकबे के अनुरूप अल्पकालीन कृषि ऋण प्रदान किया जा रहा है। जबकि पिछले वर्ष आज की स्थिति में 5 हजार 880 करोड़ रूपए के अल्पकालीन कृषि ऋण वितरित किए गए थे। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को खेती-किसानी की प्रारंभिक जरूरतों को पूरा करने तथा खेती-किसानी में सहूलियत प्रदान करने के उद्देश्य से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना प्रारंभ किए गए थे। इसके अलावा किसानों को साहूकारों के चंगुलों से बचाना इसका एक प्रमुख उद्देश्य था। वर्तमान समय में इस योजना के माध्यम से प्रदेश के लाखों किसान इससे लाभान्वित हो रहे हैं। इससे किसानों को प्रारंभिक जरूरतों के लिए न सिर्फ राहत मिली है, बल्कि फसलों के उत्पाद में लगातार वृद्धि भी हो रही है।

## शहर की सड़कें कुछ माह में ही उखड़ी, उद्योग मंत्री ने जल्द मरम्मत और ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई करने कमिश्नर को लिखा पत्र



**रायपुर।** शहर की आधा दर्जन सड़कों के डामरीकरण के कुछ महीने में ही उखड़ जाने से आम लोगों को हो रही परेशानी को वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने गंभीरता से लेते हुए कोरबा निगम आयुक्त को सड़क की जल्द मरम्मत करने और ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई करने पत्र लिखा है। मंत्री देवांगन ने आयुक्त को लिखे पत्र में उल्लेख किया है की कोरबा नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत कोसाबाड़ी, सीएसईबी चौक से बुधवारी, वीआईपी मार्ग, निहारिका मार्ग पर 8 महीने पहले ही डामरीकरण निगम द्वारा कराया गया था। गुणवत्ताहीन एवं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाने के कारण उक्त मार्ग डामरीकृत गिट्टी उखड़ गई है, इससे धूल उड़ने के कारण आम जनता को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# तिरंगे की शान में उमड़ा जनसैलाब : लोगों से अपने घरों में भी तिरंगा फहराने की अपील की

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आमजनों में देश भक्ति की भावना विकसित करने तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि के उद्देश्य से 9 से 15 अगस्त 2024 तक ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कृषि मंत्री रामविचार नेताम के नेतृत्व में जिला मुख्यालय बलरामपुर में वृहद तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा रैली जिला अस्पताल चौक से प्रारंभ होकर पुराना बस स्टैण्ड में समाप्त हुई। रैली में मंत्री नेताम सहित स्कूली बच्चे, जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में आमनागरिक शामिल हुए और देशभक्ति के नारों के साथ नागरिकों से अपने-अपने घर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने की अपील की। बड़ी संख्या में लोगों ने तिरंगा लहराते हुए देशभक्ति का प्रदर्शन किया। मंत्री नेताम ने इस दौरान नागरिकों को तिरंगे झण्डे का वितरण कर घरों में सम्मान और नियम के साथ भारतीय तिरंगा झण्डा फहराने की अपील की। इस दौरान जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष भानुप्रकाश दीक्षित, गणमान्य नागरिक ओमप्रकाश जायसवाल, दीनानाथ यादव सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण व बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राए उपस्थित थे।

## बांग्लादेश में हो रहे हिन्दूओं के नरसंहार के खिलाफ आज निकलेगी आक्रोश रैली

**रायपुर।** बांग्लादेश में हो रहे हिंदूओं के नरसंहार के विरोध में और रोहिंग्या व बांग्लादेशी जिहादियों को देश से बाहर निकालने के लिए आक्रोश रैली का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को दोपहर 2 बजे से तेलीबांधा तालाब से रैली प्रारम्भ होगी। सर्व सनातनी हिन्दू समाज ने आह्वान करता है कि सनातन धर्म को मानने वाले सभी लोग रैली में अवश्य पहुंचे। जैसा कि हम सबको ज्ञात है कि विगत कुछ दिनों से बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के आंदोलन के दौरान हिंदू, बौद्ध तथा वहाँ के अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के साथ हो रही हिंसा की घटनाएं हो रही हैं।

# शासन के मंशानुरूप योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाएं : कृषि मंत्री नेताम

## कृषि मंत्री ने अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने आज अपने बलरामपुर जिले प्रवास के दौरान जिला मुख्यालय स्थित संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर योजनाओं प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में इस सत्र में स्वीकृत और पूर्व से चल रहे अधोसंरचनात्मक कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कृषि मंत्री नेताम ने विभागवार योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कहा कि शासन की मंशानुरूप योजनाओं को समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने में अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके इस उद्देश्य से अधिकारी-कर्मचारी को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा से करना चाहिए। बैठक में सर्वप्रथम कृषि मंत्री नेताम ने जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण पुल-पुलिया, सड़क क्षतिग्रस्त हुए है साथ ही कई छात्रावास व आश्रम, स्कूलों सहित शासकीय भवनों में पानी की सीपेज की समस्या सामने आई है, जिसका समय पर निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिले के पीवीटीजी समुदायों और वनांचल क्षेत्रों में मौसमी बीमारी की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने अवगत कराया कि स्वास्थ विभाग की टीम निरंतर पीवीटीजी बसाहटों वाले क्षेत्रों में पहुंचकर जांच कर रही है। आश्रम व छात्रावासों में भी बच्चों के निरंतर जांच तथा स्टाप डायरिया कैम्पेन के तहत् इन बीमारियों की रोकथाम के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कृषि मंत्री नेताम ने जिले में संचालित समस्त आश्रम, छात्रावासों में मच्छरदानी की उपयोगिता सुनिश्चित करने के साथ सिकल सेल की स्क्रिनिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिले से गुजरने वाले एनएच 343 में बलरामपुर से रामानुजगंज के बीच में बारिश के कारण निर्मित हुए गड्ढों को दुरूस्त करने के साथ पीडब्लयूडी विभाग के अधिकारियों को बारिश से क्षतिग्रस्त हुए सड़कों के मरम्मत करने के निर्देश दिये। मंत्री नेताम ने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए खाद-बीज वितरण, भण्डारण, की जानकारी ली तथा किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। नेताम ने शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को मैदानी स्तर पर निरंतर मॉनिटरिंग करने को कहा। बैठक में कलेक्टर रिमिजियुस एक्का, पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल, अपर कलेक्टर इन्द्रजीत बर्मन, संयुक्त कलेक्टर आर.एन. पाण्डेय सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ के कटघोरा में खुलेगी देश की पहली लीथियम खदान



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि के रूप में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित नेशनल मिनिरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट की 60वीं गवर्निंग बॉडी मीटिंग में शामिल हुए। बैठक में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी की अध्यक्षता में खनिजों का दोहन और उनके उपयोग के साथ प्रकृति एवं पर्यावरण के संरक्षण पर चर्चा हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित कटघोरा क्षेत्र की भी चर्चा हुई। जिओलाजिकल सर्वे आफ इंडिया में कटघोरा के लगभग 250 हेक्टेयर क्षेत्र में लीथियम के बड़ा भंडार होने की पुष्टि हुई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रतिनिधि के रूप में बैठक में उपस्थित रहने वाले राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जानकारी देते हुए कहा है कि कटघोरा में शीघ्र ही शुरू होने वाली लीथियम की खदान देश की पहली लीथियम खदान होगी।





एनएमडीसी स्टील लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
रजि. कार्यालय: द्वारा एनएमडीसी आयरन स्टील प्लांट, पोस्ट : नगरनार, जिला : बस्तर – 494001 छत्तीसगढ CIN: U27310CT2015GOI001618

30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अ–लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश

भारतीय रुपए-करोड़ में

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 30-जून-2024 | समाप्त तिमाही 30-जून-2023 | समाप्त वर्ष 31-मार्च-2024 |
|---|---|---|---|---|
| | | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 2,022.91 | - | 3,048.99 |
| 2 | अवधि के लिए निवल लाभ / (हानि) (कर, विशिष्ट तथा / अथवा असाधारण मदों, बंद प्रचालनों से पूर्व) | (772.01) | - | (2,201.02) |
| 3 | अवधि के लिए कर से पूर्व निवल लाभ / (हानि) (विशिष्ट तथा / अथवा असाधारण मदों, बंद प्रचालनों के पश्चात) | (772.01) | - | (2,201.02) |
| 4 | अवधि के लिए कर पश्चात निवल लाभ /(हानि) (विशिष्ट तथा / अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | (547.25) | - | (1,560.32) |
| 5 | अवधि के लिए कुल समेकित आय {(अवधि के लिए (कर पश्चात) (लाभ / (हानि) सहित तथा अन्य समेकित आय (कर पश्चात)} | (547.25) | - | (1,560.32) |
| 6 | चुकता इक्विटी शेयर पूंजी (प्रत्येक का अंकित मूल्य रु.10/-) | 2,930.61 | 2,930.61 | 2,930.61 |
| 7 | अन्य इक्विटी (तुलन पत्र के अनुसार पुनर्मूल्यांकित आरक्षित को छोड़कर) | 12,010.41 | 14,117.97 | 12,557.65 |
| 8 | नेटवर्थ | 14,941.02 | 17,048.58 | 15,488.26 |
| | प्रति शेयर अर्जन (प्रत्येक रु.10/-) | | | |
| 9 | मूल (रुपए मे) | (1.87) | - | (5.32) |
| 10 | डाइल्यूटेड (रुपए मे) | (1.87) | - | (5.32) |

टिप्पणी:
i) कंपनी ने 31.08.2023 से अपना वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर दिया है।
ii) उपर्युक्त सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम 2015 के नियम 33 एवं 52 के अधीन स्टॉक एक्सचेंजों में दायर तिमाही परिणामों के विस्तृत फॉर्मेट का सार है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण फॉर्मेट स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.nseindia.com and www.bseindia.com) तथा कंपनी की वेबसाइट www.nmdcsteel.nmdc.co.in पर उपलब्ध हैं।

एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के निदेशक मंडल के लिए एवं उनकी ओर से

हस्ता/–
(अमिताभ मुखर्जी)
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक
(अतिरिक्त प्रभार),
निदेशक (वित्त) डीआईएन सं : 08265207

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 13 अगस्त 2024


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403